ताजिकनीलकण्ठी की

भूमिका

गणाधिपं नमस्कृत्य श्रीगुरुं गिरिजापतिम् ।
नीलकण्ठीकृतग्रन्थस्य भूमिकेयं विरच्यते ॥ १ ॥

अप्रत्यक्षाणि शास्त्राणि विवादस्तत्र केवलम् ।
प्रत्यक्षं ज्योतिषं शास्त्रं चन्द्रार्कौ यत्र साक्षिणौ ॥ १ ॥

इस पूर्णब्रह्म सच्चिदानन्द परमात्मा को अनेक धन्यवाद हैं जिसने अपनी अनुपम कृपा से वेदादि सत्यशास्त्रों का उपदेश किया है, कि जिनको पढ़कर मनुष्य सम्पूर्ण पदार्थों को यथावत् जान सकता है, वेद के अङ्ग ६ हैं जैसे कि—

शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरुक्तं ज्योतिषां गति ।
छन्दसां लक्षणं चैव षडंगो वेद उच्यतेः ॥ २ ॥

१ शिक्षा, २ कल्प, ३ व्याकरण, ४ निरुक्त, ५ ज्योतिष, ६ छन्द इन छै अङ्गों में ज्योतिषशास्त्र प्रत्यक्ष है जिसमें सूर्य चन्द्रमा साक्षी हैं अन्य शास्त्र अप्रत्यक्ष हैं केवल विवाद मात्र हैं, कारण यह कि—

छन्दः पादौ तु वेदस्य हस्तौ कल्पोऽथ कथ्यते ।
ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते ॥ ३ ॥
शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य मुखं व्याकरणं स्मृतम् ॥

वेदरूपी पुरुष के छन्द पांव हैं, कल्प दोनों हाथ हैं, ज्योतिष नेत्र प्रधान हैं तथा निरुक्त दोनों कान हैं, शिक्षा नासिका है, व्याकरण मुख कहा है—जैसे शरीर की समस्त इन्द्रियों में नेत्र प्रधान हैं ।

सर्वेन्द्रियाणां नयनं प्रधानम् ॥

वैसे ही वेदरूपी पुरुष का नेत्र होने से ज्योतिःशास्त्र प्रधान है ।

तथाच—यथा शिखा मयूराणां नागानां मणयोयथा ।
तद्वद्वेदांगशास्त्राणां ज्योतिषं मूर्धनि स्थितम् ॥ ४ ॥

जैसे मोरों में शिखा प्रधान है और जैसे सर्पों में मणि तद्वत् वेदाङ्गशास्त्रों में ज्योतिष शास्त्र शिरोमणि है, इसी के द्वारा पण्डित जन भूत, भविष्य, वर्तमान कहने में समर्थ होते हैं विशेष विचार करने से ज्ञात होता है कि ज्योतिष शास्त्र ही विद्वान की प्रतिष्ठा आदि का कारण है, इसी को पढ़कर पूर्व विद्वान् त्रिकालज्ञ कहलाते थे, उस ज्योतिष शास्त्र में भी अनेक विषय हैं, जैसे गणित, मुहूर्त, प्रश्न, स्वर, शकुन, जातक ताजिक इत्यादि यहां ताजिक विषय में ताजिकालंकार, ताजिकदर्पण, ताजिकसिन्धु, ताजिक केशवी, ताजिक भूषण, ताजिकसुधार्णव, ताजिकरत्न, ताजिकतत्व, ताजिकप्रकाश, समाप्रकाशिनी, हायनरत्न, हायनसुन्दर, ताजिकनीलकण्ठी ताजिक ग्रन्थों में इक्कबाल, इत्थशाल, ईसराफ आदि पारसी शब्द बहुतसे आये हैं इसका कारण यह है कि—

ब्रह्मणा गदितं भानोर्भानुना यवनाय तत् ।
यवनेन च यत्प्रोक्तं ताजिकं तत्प्रचक्षते ॥ ५ ॥

ब्रह्माजी ने जो सूर्यनारायण से कहा, वह सूर्य ने यवनाचार्य को उपदेश किया और यवनाचार्य ने जो वर्णन किया उसी को ताजिक कहना चाहिये, ताजिकके टोडरानन्द, रोमक, हिल्लाज, दुर्मुख, धिषणा आदि आचार्य हैं, ये आचार्य ब्राह्मण थे इस कारण यहां पारसी शब्दों के कथन में दोष नहीं ।

फले प्राप्ते मूले किं प्रयोजनम् ॥

फल प्राप्त होने में मूल से क्या प्रयोजन इत्यादि ।

सम्पूर्ण ताजिक ग्रन्थों में, ताजिकनीलकण्ठी अत्यन्त प्रसिद्ध और माननीय ग्रन्थ है, जिसमें नीलकण्ठ दैवज्ञ ने वर्षतन्त्र द्वारा प्रत्येक वर्षका फल दर्पणवत् दरसाया है।

ग्रन्थकर्ता ने इस ग्रन्थ को तीन तन्त्रों में विभक्त किया है, प्रथम संज्ञातन्त्र, जिसमें राशिस्वरूप वर्षप्रवेशक्रम ग्रहस्पष्टीकरण भावसाधन पंचवर्गी बलप्रकार हर्षबली बल ग्रहदृष्टि, ग्रहस्वरूप भावफल, षोडशयोग, सहम, दशाप्रकार, दशा के अन्तर्दशा साधन, मास प्रवेश, दिन प्रवेश आदि गणित द्वारा दर्शाकर द्वितीय वर्षतन्त्र में सम्पूर्ण फल कथन किया है, अन्त के तीसरे प्रश्नतन्त्र में अनेक आचार्यों की सम्मति प्रदान करके प्रश्नकर्ता के सम्पूर्ण प्रश्नों के उत्तर [illegible] प्रकार वर्णन किया है, [illegible] यह ग्रन्थ ज्योतिर्विद जनों [illegible]

परन्तु यह [illegible] नामक ग्रन्थ संस्कृत में होने के कारण सामान्य लोगों के बुद्धिवालों की समझ में आना दुर्लभ जानकर हमने इसकी भाषाटीका सरल रीति से की है. बम्बई में यद्यपि इस ग्रन्थ का भाषान्तर अन्यत्र भी छपकर हो चुका है. तथापि यह टीका अब सर्वोपरि होगई है, कारण यह कि, हमने इस भाषान्तर में उदाहरण पूर्वक ग्रन्थ का सम्पूर्ण आशय बहुत परिश्रम से सबके समझने योग्य किया है. हम स्वयं अपने भाषान्तर की प्रशंसा नहीं करते जैसे कि—

न गुणं न च शोभाढ्यं स्वयं स्वगुणवर्णने ।
यथैव च सुरंध्रीणां स्वहस्तकुचमर्दने ॥ ६ ॥

अपना गुण अपने आप वर्णन करने में न गुण प्रगट होता, न अच्छा लगता है जैसे कि स्त्रियों को अपने हाथ कुच मर्दन करने में कुछ आनन्द नहीं आता ।

ऐसे ही हम अपने भाषाटीका की प्रशंसा न करके केवल इतना तो कहना चाहते हैं कि इस भाषान्तर में हमने जहां पर अन्य ग्रन्थों के श्लोकों की आवश्यकता देखी वहीं से श्लोक लिखकर भाषा कर दिया है, जिससे यह ग्रंथ अब सर्वोपयोगी हो गया है ।

वाणवाणनिधिन्द्वब्द आषाढस्यासिते दले ।
त्रयोदश्यांगुरोर्वारे भाषारम्भ कृतो मया ॥

समस्त पण्डितों के परमहितैषी—

पण्डित नारायणप्रसाद सीतारामजी,

पुस्तक मिलने का ठिकाना—

पं० श्रीधर शिवलाल,
ज्ञानसागर छापाखाना,
माटुंगा—बम्बई ।

किशनलाल द्वारकाप्रसाद,
बम्बई भूषण छापाखाना,
मथुरा ।

॥ श्रीः ॥

भाषा व टिप्पणीसहित ताजिकनीलकण्ठी ग्रन्थकी

अनुक्रमणिका ।

द्वितीय प्रकरण.

विषय	पृष्ठाङ्क

द्वितीय तंत्र वर्ष संज्ञक।

प्रथमाध्याय

द्वितीयाध्याय।

तृतीयाध्याय (अरिष्टाध्याय)

[illegible] विषयानुक्रमणिका समाप्ता ।

इति

बृहद् इलाजुलग़ुर्बा भाषा।

इसका नाम जैसा गुणकी बात इसी में है, अमीर आदमी तो बड़े बड़े डाक्टर हकीम और वैद्यों को झट बुला सकता है, पर गरीब जिसे पेट भरने का ठिकाना नहीं है क्या करे भगवान की उसी प्यारी सृष्टि के लिये यह ग्रन्थ है, इसमें कौड़ियों की कीमत के नुसखे हैं जो तीर की तरह काम देते हैं, बहुत मोटे कागज तथा मोटे अक्षरों में छपी हुई है। मूल्य १॥) रु०

जर्राही प्रकाश।

सम्पूर्ण।

यह ग्रन्थ अपने ढंग का पहिलाही [illegible] भाषा में तयार है। इसमें शरीर की [illegible] पुरानी चोट आदि [illegible] का इलाज, मरहम, पट्टी और फाह आदि का वर्णन है, हड्डियां टूटने, अथवा [illegible] से जिस प्रकार पट्टी [illegible] [illegible] हैं उनके भी चित्र दिये हैं, जिस जिस [illegible] पर फोड़े होते हैं उनके चित्र [illegible] [illegible] में काम [illegible] शस्त्रों के [illegible] और डाक्टरी मतानुसार [illegible] [illegible], [illegible], [illegible], हाथ, [illegible] [illegible] और पट्टी [illegible] के [illegible] हैं। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] हैं। [illegible] [illegible] [illegible] हैं [illegible] [illegible] मूल्य १॥)

॥ डाक्टरी चिकित्सासार ॥

[illegible] डाक्टरी [illegible] के निदान लक्षण और इलाज बहुतसी डाक्टरी पुस्तकों से संग्रह करके लिखे गये हैं, पुस्तकके अंतमें औषधियों के अंग्रेजी हिन्दी नाम उनके गुणागुण और मात्राकी एक छोटी सी तालिका दीगई है सुवाच्य अक्षरों में करीब २०० पृष्ठ के छपकर तयार है मूल्य भी ॥=) है।

नपुंसक संजीवन दूसरा भाग

इसमें हिकमत के सफूफ, तिला, जवारिश और हलुआ वगैरह अनेक आजमाये नुसखे हैं, कीमत ।=) आना डाक महसूल =) आना।

❁ ताजीरात हिन्द ❁

जिस राजा के राज्य में रहते हैं, उस की बनाई हुई कानूनों को जानना बहुत जरूरी है, क्योंकि कानून न जानने का [illegible] किसी अदालत में कोई हाकिम नहीं सुनता। इसको पास रखने से फौजदारी के सम्बन्ध की सब बातों में जानकारी हो सकती है किस किस अपराध में क्या क्या दण्ड होता है इस बात को जान लेने से मनुष्य अपराधों के करने से भी बच सकता है। यह पुस्तक [illegible] के साथ इलाहाबाद कलकत्ता बम्बई मदरास, हाईकोर्ट आदि की नजीर और उदाहरण समेत छापी गई है। जिस जिस दफा का उद्देश्य साधारण पढ़े लिखों की समझ में नहीं आसकती थी वहां वहां टिप्पणी भी अच्छी भांति दीगई हैं। हमने इस [illegible] को सुवाच्य अक्षरों में मोटे चिकने कागज पर छापी है, यह पुस्तक प्राय १०० पृष्ठ में छपी है मूल्य डाक महसूल समेत १।) रु०

॥ ॐ ॥

अथ ताजिकनीलकंठी प्रारभ्यते

नारायणीभाषाटीकासमन्विता टिप्पणीसहिता च।

भाषाकारकृत मंगलाचरणम्।

ब्रह्मेन्द्रशंकररवीन्दुकुजज्ञजीवशुक्रार्कजानुगणनाथगुरून्प्रणम्य ॥ श्रीनीलकण्ठमुखनिर्गततार्जिकस्य नारायणोऽहमधुनाविवृणोमि कृत्स्नम् ॥ १ ॥

भा०—ब्रह्मा, इन्द्र, शिव, सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि गणेश और गुरुदेव को प्रणाम करके श्री नीलकण्ठ आचार्य के मुख से निकला हुआ यह कठिन ताजिक ग्रन्थ (नीलकण्ठी) को पं० नारायण प्रसाद नाम मैं इस सरल भाषा में वर्णन करता हूँ।

ग्रन्थकारकृतं मंगलाचरणम् ॥

प्रणम्य हेरम्बमथो दिवाकरं गुरोरनन्तस्य तथा पदाम्बुजम् ॥ श्रीनीलकण्ठोविविनक्ति सूक्तिभिस्तत्ताजिकं सूरिमनः प्रसादकृत १

अन्वयः—श्री नीलकण्ठः तत् (पूर्वाचार्योक्तं) ताजिकं सूक्तिभिः (सुन्दरवचनैः) नाना छन्दोभिर्वा विविनक्ति (प्रकटी करोति)। किंकृत्वा। हेरम्बं (गणेशं) अथो दिवाकरं (सूर्यं) तथा (तेन प्रकारेण) अनन्त-दैवज्ञाख्यगुरोः पदाम्बुजं (चरण कमलं) प्रणम्य (नमस्कृत्य)। कथंभूतं ताजिकं ? सूरिमनः प्रसादकृत् (सूरयो विद्वांसः तेषां मन अन्तः करणं तस्य प्रसादः तं करोतीति सूरिमनः प्रसादकृत्) एतद्ग्रन्थावलोकनेन विद्वन्मनः प्रसन्नतां यातीति भावः ॥१॥

भा०—ग्रन्थकर्ता श्री नील कण्ठ दैवज्ञ उन प्राचीन आचार्यों के कहे हुए ताजिक शास्त्र को सुन्दर वचनों अथवा उपजाति, इन्द्रवज्रा, वसन्ततिलक,

शालिनी, स्रग्धरा आदि अनेक उत्तम छन्दों करके प्रगट करे हैं, क्या करिके (कि) गणेश, और सूर्य, तथा अनन्त दैवज्ञनाम (अपने) गुरु के चरण कमलों को प्रणाम करके, कैसा है यह (नीलकण्ठी) ताजिक ग्रन्थ ? कि ज्योतिर्विद्पण्डितों के मन (अन्तः करण) को प्रसन्न करता है, भावार्थ यह कि—इस ग्रन्थ के देखने से विद्वानजनों का मन प्रसन्न हो जाता है ॥ १ ॥

अथ द्वादशराशिस्वरूपमाह । तत्रादौ मेषराशिस्वरूपमाह ।

पुमांश्चरोऽग्निः सुदृढश्चतुष्पाद्रक्तोष्णपित्तोऽतिरवोद्रिरुग्रः ॥
पीतो दिनंप्राग्विषमोदयोऽल्पसङ्गप्रजोरूक्षनृपःसमोऽजः ॥ २ ॥

अब ग्रन्थारम्भ में बारह राशियों के स्वरूप वर्णन करते हैं—तहां प्रथम मेष राशिका स्वरूप कहते हैं, नर राशि चर संज्ञा अग्नितत्व, बलिष्ठ शरीर, चारपद, रक्तवर्ण, गर्म स्वभाव, पित्त प्रकृति, महाशब्दकारी, पर्वतचारी, क्रूर, पीतवर्ण, दिनबली, पूर्वदिशा का स्वामी विषम उदय, थोड़ी स्त्री व प्रजा संग, रूक्ष कांति (तेजहीन) क्षत्रिय वर्ण, सम (बराबर) अंग ऐसा अज कहिये मेषराशि का स्वरूप जानना, समरसिंह आदि पूर्वाचार्यों ने मेष, सिंह, और धन, इन राशियों के दो वर्ण कहे हैं, इसीसे मेषराशि के रक्त, पीत, दो वर्ण यहां ग्रन्थकर्ता ने कहे हैं ॥२॥

अथ वृषराशिस्वरूपमाह ।

वृषः स्थिरःस्त्रीक्षितिशीतरूक्षोयाम्येट्समृद्धोवायुनिशाचतुष्पात् ॥
श्वेतोऽतिशब्दो विषमोदयश्च मध्यप्रजासंगशुभोऽपि वैश्यः॥३॥

भा०—अब वृषराशि का स्वरूप कहते हैं, वृषराशि स्थिरसंज्ञक, स्त्री राशि पृथ्वी तत्व, शीतल स्वभाव, कांति रहित, दक्षिण दिशाका स्वामी, सुन्दर, [illegible], वातप्रकृति, रात्रिबली, चार चरण, श्वेतवर्ण, महाशब्दकारी, विषम उदय मध्यम स्त्री व सन्तान संग, सौम्यराशि, और वैश्यवर्ण है ॥ ३ ॥

अथ मिथुनराशिस्वरूपमाह ।

[illegible] शुकभो द्विपान्नाढ्यं द्विमूर्तिर्विषमोदयोष्णः ॥
[illegible] दीर्घस्वनः स्निग्धदिनेट् तथोग्रः ॥४॥

भा०—अब मिथुन राशिका स्वरूप कहते हैं—पश्चिम दिशाका स्वामी पवनतत्त्व, सम उदय, शुकपक्षी के समान हरा रंग, स्त्री पुरुष, पुरुष राशि, द्विपद, [illegible] अर्थात् पूर्व रात्रि में बली, [illegible], [illegible], ग्राम्य स्वभाव, मध्यम शरीर व [illegible], [illegible], शूद्रवर्ण, [illegible] [illegible], चिकना अङ्ग, [illegible], गदा धनुष ([illegible]) धरे हाथों में पुरुष ये लक्षण मिथुन राशि के जानना ॥ ४ ॥

अथ कर्कराशिस्वरूपमाह ।

बहुप्रजाः संगपदः कुलीरोऽङ्गना पाटलहीनशब्दः ॥
शुभः कफी स्निग्धजलाम्बुचारी समोदयी विप्रनिशोत्तरेशः ॥५॥

भा०—अब कर्क राशि का स्वरूप वर्णन करते हैं—बहुत सन्तान व स्त्री व चरण जिसके, चर संज्ञक, स्त्री राशि, पाटल (श्वेतरक्त) वर्ण, शब्द हीन सौम्यस्वभाव, कफप्रकृति, चिकना अङ्ग, जलचर, जलचारी समउदय, ब्राह्मणवर्ण, रात्रिबली, उत्तर दिशाका स्वामी, और चिकना अङ्ग, ये लक्षण कुलीर कहिये कर्क राशि के हैं ॥ ५ ॥

अथ सिंहराशिस्वरूपमाह ।

पुमान् स्थिरोऽग्निर्दिनपतिरूक्षः पित्तोष्णपूर्वेशदृढश्चतुष्पात् ॥
समोदयो दीर्घरवोऽल्पसंगप्रजो हरिः शैलनृपोग्रधूम्रः ॥ ६ ॥

भा०—अब सिंहराशिका स्वरूप वर्णन करते हैं—पुरुष राशि, स्थिरसंज्ञा, अग्नितत्त्व, दिन में बली, पीतवर्ण, कान्तिरहित, पित्तप्रकृति, गरम स्वभाव पूर्व दिशाका स्वामी, पुष्ट, अङ्ग, चार चरण (चतुष्पदराशि) सम उदय भारी शब्द थोड़ी प्रजा वा स्त्री सङ्ग, पर्वतचारी, क्षत्रियवर्ण, क्रूरस्वभाव, धूम्रवर्ण, धुआंकासा रङ्ग, हरि कहिये सिंहराशि के ये लक्षण हैं एवं आचार्यों का मत-विचार यहां भी ग्रन्थकर्त्ताने दो रङ्ग दर्शाये हैं ॥ ६ ॥

अथ कन्याराशिस्वरूपमाह ।

पागद्विपात्स्त्री द्वितनुर्यमाशा निशा मरुच्छीतसमोदयाक्ष्मा ॥
कन्याऽर्धशब्दा शुभभूमिवैश्या रूक्षाऽल्पसंगप्रसवा शुभा च ॥७॥

---

१ यहां पाटल वर्ण कहा और प्रथम श्वेत रक्त वर्ण कहा सो दोनों को मिलाकर पाटल वर्ण जानना ।

२ स्त्री और पुरुष के जोड़ा को द्वन्द्व और मिथुन कहते हैं, इस कारण यहां मिथुन राशिका ग्रहण है ।

भा०—अब कन्या राशिका स्वरूप वर्णन करते हैं-पिंडारकासा रङ्ग, द्विपद (दोचरण) स्त्री राशि, द्विस्वभाव (पूर्व भाग स्थिर, उत्तर भाग चर,) दक्षिण दिशाकी स्वामिनी, रात्रिमें बली, वात प्रकृति, शीतल स्वभाव, समोदयी भूमितत्व, खण्डित शब्द, सौम्यराशि, भूमिचारी, वैश्यवर्ण रूखी (कान्तिरहित) थोडे प्रजा व स्त्री संग, सौम्यराशि, और ढीले अंग, ये कन्या राशि के लक्षण हैं ॥ ७ ॥

अथ तुलाराशिस्वरूपमाह ।

पुमांश्चरश्चित्रसमोदयोष्णः प्रत्यक् मरुत्स्निग्धरवोनवन्यः ॥
स्वल्पप्रजासंगमशूद्र उग्रस्तुलो द्युवीर्यो द्विपदः समानः ॥ ८ ॥

भा०—अब तुलाराशिका स्वरूप लिखते हैं,-पुरुषराशि, चरसंज्ञक, सम उदय, गरमस्वभाव, पश्चिम दिशाका स्वामी, वायुतत्त्व, तथा वातप्रकृति चिकना, अङ्ग, शब्द रहित, वनचारी, थोडे संतान व स्त्री सङ्ग, शूद्रवर्ण, क्रूरस्वभाव, दिनमें बली, द्विपद (दो चरण,) और समान अङ्ग, ये तुलाराशि के लक्षण हैं ॥ ८ ॥

अथ वृश्चिकराशिस्वरूपमाह ।

स्थिरः सितः स्त्री जलमुत्तरेश निशा रवोनो बहुपात्कफा च ॥
समोदयो वारिचरोऽतिसंग प्रजः शुभः स्निग्धतनुर्द्विजोऽलिः॥९॥

भा०—अब वृश्चिक राशिका स्वरूप कथन करते हैं-स्थिरसंज्ञा, सफेद रङ्ग, स्त्री राशि, जलतत्त्व, उत्तर दिशाका स्वामी, रात्रिमें बली, शब्दहीन, बहुस्त्राव, कफ प्रकृति, सम उदय, जलचारी, बहुतसन्तान व स्त्री सङ्ग, शुभ राशि [illegible] अङ्ग, और ब्राह्मण वर्ण ये लक्षण अलि कहिये वृश्चिकराशिके हैं ॥९॥

अथ धनुराशिस्वरूपमाह ॥

ना स्वर्णभाः पित्तसमोदयोऽग्निरशब्दो दिनं प्राक्[illegible]पीतः ॥
[illegible] धनुरुन्नत मूर्तिःसंगो द्विमूर्तिर्द्विपदोऽग्निरुग्रः॥१०॥

भा०—अब धनुराशिका स्वरूप वर्णन करते हैं,-पुरुष राशि, सुवर्ण [illegible] रङ्ग, [illegible] राशि, समउदय, [illegible], दिनमें बली, पूर्व दिशाका [illegible], [illegible] अग्नितत्त्व, गरम स्वभाव, पित्त-

पुष्टि, दोनों संतान व स्त्री संग, द्विस्वभाव, (पूर्वार्ध स्थिर उत्तरार्ध चर) तो पश्चात् रात्रि बली, और शूद्रस्वभाव, ये धनु राशिके लक्षण हैं ॥ १० ॥

अथ मकरराशिस्वरूपमाह ॥

मृगआस्यमाऽग्रेंऽस्तो वनाशा स्त्री पिंगरूक्षः शुभभूमिशीतः ॥
स्वल्पप्रजासंगमयोरात्रिरात्रौ चतुष्पाद्विषमोदयो विट् ॥ ११ ॥

भा०—अब मकर राशि का स्वरूप कहते हैं-चर संज्ञक, पृष्ठोदय, स्त्रीराशि, दक्षिण दिशा का स्वामी, वनचारी, पिंगल वर्ण रूखा शरीर, शुभ भूमिचारी, शीतलस्वभाव, थोड़े सन्तान व स्त्री संग जिसके पशुप्रकृति, रात्रिमें बली पूर्वार्ध में चार चरण और उत्तरार्धमें जलचर, विषम-उदय, वैश्यवर्ण ये मकरराशिके लक्षण जानना ॥ ११ ॥

अथ कुम्भराशिस्वरूपमाह ॥

कुम्भोऽपदो ना दिनमध्यसंगप्रसूः स्थिरः कर्बुरवन्यवायुः ॥
स्निग्धोऽप्युष्णखण्डस्वरतुल्यधातुः शूद्रः प्रतीची विषमोदयोग्रः ॥१२॥

भा०—अब कुम्भराशिका स्वरूप वर्णन करते हैं-अपद (चरणरहित) पुरुषराशि, दिनमें बली, मध्यम प्रजा व स्त्री संग, स्थिरसंज्ञक, चित्रितवर्ण, वनचारी पवनतत्त्व, चिकना शरीर, उष्ण (गरम) स्वभाव, पश्चिमस्वामी, वात पित्त व कफ ये तीनों समान जिसमें ऐसी प्रकृति, शूद्रवर्ण, विषमउदय, उग्र (क्रूर) स्वभाव, ये कुम्भराशि के लक्षण हैं ॥ १२ ॥

अथ मीनराशिस्वरूपमाह ।

मीनोऽपदः स्त्री कफवारिरात्रिर्निः शब्द बभ्रुर्द्वितनुर्जलस्थः ॥
स्निग्धोऽतिसंगप्रसवोऽपि विप्रः शुभोत्तराशेट् विषमोदयश्च ॥१३॥

भा०—अब मीनराशिका स्वरूप वर्णन करते हैं, पैरों से हीन, स्त्रीराशि कफप्रकृति, जलतत्त्व, रात्रिमें बली, शब्दरहित न्योलाके समान रंग द्विस्वभाव (पूर्वदल स्थिर परदल चर) जलचर, चिकनाशरीर, बहुत प्रजा व स्त्री संग, ब्राह्मणवर्ण, सौम्य स्वभाव उत्तरदिशाका स्वामी, विषमउदय और शिथिल-अंग, ये मीनराशि के लक्षण हैं ॥ १३ ॥

अथ वर्षसारिणीयम् ।

गताब्द ध्रुवांकेषु जन्मवारादि संभोजनात् वर्ष प्रवेशे वारादिर्भवति

गताब्द	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०
वार	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४
घटी	५	३१	४६	२	१७	३३	४८	४	१९	३५	५०	६	२१	३७	५२	८	२३	३९	५४	१०
पल	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०
गताब्द	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०
वार	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१
घटी	२६	४१	५७	१२	२८	४३	५९	१४	३०	४५	१	१६	३२	४७	३	१८	३४	४९	५	२१
पल	१	३३	४	३६	७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	०
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०
गताब्द	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०
वार	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	३	४	५
घटी	३६	५२	७	२३	३८	५४	९	२५	४०	५६	११	२७	४२	५८	१३	२९	४४	०	१५	३१
पल	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०
गताब्द	६१	६२	६३	६४	६५	६६	६७	६८	६९	७०	७१	७२	७३	७४	७५	७६	७७	७८	७९	८०
वार	६	१	२	३	४	५	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२
घटी	४७	३	१८	३३	४९	४	२०	३५	५१	६	२२	३७	५३	८	२४	३९	५५	१०	२६	४२
पल	१	३३	४	३६	७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	०
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०
गताब्द	८१	८२	८३	८४	८५	८६	८७	८८	८९	९०	९१	९२	९३	९४	९५	९६	९७	९८	९९	१००
वार	३	५	६	०	१	३	४	५	०	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६
घटी	५७	१२	२८	४४	५९	१४	३०	४६	१	१७	३२	४८	३	१९	३४	५०	५	२१	३६	५२
पल	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

[illegible] को [illegible] में मिलाना सुगम समझा जिससे [illegible] सम्प्रदायानुसार [illegible] है।

[illegible] ३६ [illegible] ३० पल ५३ दिनमान

[illegible]

[illegible] ॥

अथ तिथिमानमाह ॥

शिवघ्नोऽब्दः स्वखाद्रीन्दुलवाढ्यः खाग्निशेषितः ॥ जन्मतिथ्यन्वितस्तत्रतिथावब्द प्रवेशनम् ॥१७॥

भाषार्थ -- अब वर्ष प्रवेश समय का तिथि साधन करते हैं गतवर्ष संख्या को ११ से गुणाकर दो जगह रक्खें पहले में १७० का भाग देकर लब्धांक को दूसरे स्थान में जोड़ दो, तदन्तर जन्मकालकी तिथि शुक्ल पक्षकी प्रतिपदा से लेके जन्मतिथि तक जो संख्या हो उसको युक्त करके तीस ३० का भाग देवें जो शेष रहे उसी संख्या की तिथि में वर्ष का प्रवेश होता है परन्तु कभी कभी पूर्व तिथि में और कभी कभी आगे वाली तिथि में भी वर्ष प्रवेश होता है पूर्वोक्त प्रकार से लागे हुये वार में वर्ष प्रवेश होता है,

तिथि से वार प्रधान है और जन्ममास से कभी पूर्व मास में कभी पीछेवाले मास में वर्ष प्रवेश होता है उसका प्रमाण यह है कि, "तत्कालेऽर्को जन्मकाल रविणा स्यायतः समः । स एव मासो विज्ञेयो वर्षप्रवेशो बुधैर्ध्रुवम् । १" जन्मकालीन सूर्य के तुल्य सूर्य जिस महिना में हो वही महीना वर्ष प्रवेश का जानना, ऐसा पंडितों करके निश्चय किया गया है, नीचे ग्रन्थान्तर में कहे हुये रीति से नक्षत्र और योग निकालने की रीति भी टिप्पणी लिखते हैं सो, 'व्योमेन्दुभिः' इत्यादि पद्य से देखना ॥ १७ ॥

अथ तिथ्यानयनस्योदाहरणम् ।

अथ वर्षप्रवेशसमयो लिख्यते ।

अब वर्ष प्रवेश समय लिखा जाता है,—सम्वत् १६८५ शके १५५० माघ कृष्ण सप्तमी मङ्गलवार घटी २७ पल ३८ हस्त नक्षत्र घटी १७ पल २८ सुकर्मा योग घटी २३ पल ५८ इस शुभ दिन में सूर्य के उदय से गत घटी १२ पल १८ विपल ३० में महादेवजी का वर्ष प्रवेश तथा गतवर्ष गत ३७ यह भाषा में उदाहरण लिखा तथा संस्कृत में वर्ष प्रवेश समय इस प्रकार लिखते हैं कि—साधारण श्रेणी के पण्डितों को संस्कृत में लिखने का ज्ञान सुगमता से आन पड़े ।

श्रीः आदित्यादिग्रहाः सर्वे सनक्षत्राः सराशयः ॥ दीर्घमायुः प्रयच्छन्ति यस्यैषा वर्ष पत्रिका ॥ १ ॥ श्री शुभविक्रमार्क संवत् १६८५ तत्र श्रीमन्नृपशालिवाहनकृतशाके १५५० अत्र सौम्यायने भास्करे शिशिरर्तौ माघमासे कृष्णपक्षे तिथौ सप्तम्यां मङ्गलवासरे घटी २७ पलेषु ३८ हस्तनक्षत्रे घटी १७ पलेषु २७ सुकर्मायोगे घट्यादि २७ । २८ बवनामकरणे एवं पञ्चाङ्गविशुद्धौ तत्र दिनमानं घट्यादि २५ । २८ दिनार्धं घट्यादि १२। ४४ सकलार्कांशाः ७।२०।६ तद्दिने श्री सूर्योदयादिष्टं घट्यादि १२। १८ । ३० तदा मेषलग्नोदये [illegible] ३८ गताब्दाः ॥ ३७ ॥

अथ वर्षप्रवेशसमये स्पष्टा ग्रहाः साध्याः तत्रादौ चालन माह: ग्रंथान्तरे ।

प्रस्तारस्तु यदाग्रे स्यादिष्टं संशोधयेद्गणम् ॥ इष्टकालं यदाग्रे स्यात्प्रस्तारं शोधयेद्धनम् ॥ १ ॥ अथवा । स्वेष्टादग्रे भवेत्पंक्तिःपंक्तेस्स्वेष्टं विशोधयेत् ॥ स्वेष्टात्पृष्ठे भवेत्पंक्तिस्स्वेष्टे पंक्तिं विशोधयेत् ॥ ऋणं धनं तथा ज्ञेयं चालने विधिरेव हि ॥ २ ॥

भा०—अब वर्ष प्रवेश समय सूर्य आदि ग्रहोंका स्पष्ट करना लिखते हैं तहां प्रथम चालन प्रकार कहतेहैं, पंचांग (तिथिपत्र) में जो आठ २ दिन में सूर्यादि ग्रह स्पष्ट किये होते हैं उसको प्रस्तार वा पंक्ति कहते हैं, यह प्रस्तार जो इष्टकाल (जन्म दिन वा वर्ष प्रवेश दिन] में आगे होवे तो प्रस्तार के वार घटी पलमें इष्ट समय का वार घटी पल घटा देवे, जो शेष

रहैं वही वारादि ऋण चालन होता है, तथा जो इष्टकाल आगे होवै और प्रस्तार पीछे होवे तो इष्टकाल के वार घटी पलमें प्रस्तार का वार घटी पल घटा देवै तो शेष अङ्क वारादि धन चालन होता है, इस प्रकार ऋण धन चालन का प्रकार जानना इसका प्रयोजन आगे है ॥ २ ॥

अथ ग्रहस्पष्टीकरणमाह ।

गतैष्यदिवसाद्येन गतिर्निघ्नी खषट्हृता ॥ लब्धमंशादिकं शोध्यं योज्यं स्पष्टो भवेद्ग्रहः ॥ १८ ॥

भा०—गत और ऐष्य दिवसों करके अर्थात् ऋण चालन और धन चालन से ग्रहों की गतिको गुणा कर फिर गोमुत्रिका क्रम से साठ ६० का भाग देने से जो अंश कला विकलात्मक लब्ध होवै उसको पंचांग स्थितग्रहों में घटावै वा युक्त करै अर्थात् ऋण चालन होवै तो घटावै और धन चालन होवै तो जोड़ देवै, जोड़ने से व घटाने से वह तात्कालिक स्पष्टग्रह होवेगा यहां वक्रगति वाला ग्रह और राहु केतु इन सबों का चालन मार्गी ग्रहों की अपेक्षा से विपरीत जानना अर्थात् धनचालन में ऋण चालन और ऋण चालन में धन चालन ऐसा क्रम जानना चाहिये ।

अथ ग्रहसाधनोदाहरणम् ।

अथ इष्टकालात्प्राङ्नक्षत्रसमाप्तौ भयात भभोग साधनम् ।

गतर्क्षनाड्यः खरसेषु शुद्धाः सूर्योदयादिष्टघटीषु युक्ताः ॥ भयातसंज्ञा भवतीह तस्य निजर्क्षनाडीसहिता भभोगः । चेदिष्टकालात्प्रागेव ऋक्षं यदि समाप्यते । तदिष्टकालतो ऋक्षनाडीःशोध्या गतर्क्षकम् भभोगः पूर्ववत्कार्यस्ततः साध्यस्तु चन्द्रमा ॥ २ ॥

भा०- अब इष्टकाल से पहिले नक्षत्र के समाप्त होने का प्रकार वर्णन करते हैं जहाँ प्रथम भयात भभोग साधन करते हैं कि गत नक्षत्र की घड़ियों को ६० साठ में घटा देवें जो घड़ी पल शेष रहें उनको सूर्योदय से इष्ट घड़ियों में जोड़ देवे, जोड़ने से उसकी भयात संज्ञा होती है। और अपने नक्षत्र की घड़ियों को साठ में घटाई हुई नाड़ियों में जोड़ देने से भभोग होता है ॥ १ ॥ जो इष्टकाल से पहिले ही नक्षत्र समाप्त होजावें तो इष्टकाल घड़ियों में नक्षत्र घड़ी पल घटा देने से भयात होता है और गतनक्षत्र नाड़ियों को साठ में शोध (घटा) कर उसी में एक दिन वाले नक्षत्र की नाड़ियों के जोड़ देने से भभोग हो जाता है, इस प्रकार भयात व भभोग बनाकर तत्काल चन्द्रमा का साधन करना ॥ २ ॥

अथ चन्द्रसाधनमाह ।

खषड्घ्नं भयातं भभोगोद्धृतं तत् खतर्कघ्नधिष्ण्येषु युक्तं द्विनिघ्नम् ॥ नवाप्तं शशी भागपूर्वस्तु भुक्तिः खखाभ्राष्टवेदा ४८००० भभोगेन भक्ताः । १६ ॥

भा०—अब चन्द्रमा के स्पष्ट करने का प्रकार वर्णन करते हैं— भयात अर्थात् वर्ष प्रवेश समय जो नक्षत्र हो उसकी भुक्त घड़ियों को साठ ६० से गुणा देवें फिर उसी में भभोग अर्थात् इष्ट नक्षत्र की सम्पूर्ण घड़ियों से भाग लेवें, भाग लेने से जो लब्ध मिले, उसको ६० साठ से गुणा किये हुये अश्विनी आदि गत नक्षत्रों में जोड़ देवे फिर जोड़े हुये में नवसे भाग लेवें भाग लेने पर जो लब्धांक मिले सो अंश जानना, शेष बचे हुये को ६० से गुणा करें, उसमें भी नवका भाग देवें, लब्धांक को कला जानें, एवं शेष अङ्कको ६० से गुणाकर नवका भाग देने पर लब्धांक को विकला जानें, अंशों में ३० का भाग देकर राशि निकाल लेवें, अब गति लावने का प्रकार

कहते हैं कि—अडतालीस हजार को ६० से गुणा करके भभोग से भाग लेवै, भाग लेने से जो लब्धांक मिलै उनको चन्द्रमा की गति समझे शेष बचे हुये को साठ से गुणा करके भभाग से भाग लेवे, भाग लेने पर जो लब्ध अङ्क मिलें वह विगति जानना. इस प्रकार चन्द्रमा के स्पष्ट करने का प्रकार कहा, आगे उदाहरण कहते हैं—॥ १६ ॥

अथ चन्द्रमासाधनोदाहरणम् ।

अब चन्द्रमा के स्पष्ट करने का उदाहरण वर्णन करते हैं–वर्ष प्रवेश के समय में हस्त नक्षत्र के पूर्व दिनमें भुक्त घटी पल ४१।२४ है इनको इष्ट घटी पल १२।१८ में जोड दिया जोडने से इष्ट घटीपर्यन्त हस्त नक्षत्र की भयात संज्ञक भुक्त घडिया ५३।४२ हुई, इनको ६० से गुणा दिया तो ३२२२ हुये, और भभोग ५८।५२ है, इन दोनों भाज्य भाजक को ६० से गुणा दिया तो भाज्य १८३३२० हुआ, और भाज्य भाजक ३५।३१ भया, इसी से भाग लिया, भाग लेने पर लब्धांक ५४।४४।१ यह घट्यादि स्पष्ट भयात भया, इसमें गत नक्षत्र संख्या १२ को ६० से गुणा कर ७२० भया इसको जोड दिया, जोडने से ७७४।४४।१ भया, इसको २ से गुणा किया तो १५४८ । २८ । २ हुये, इसमें ९ का भाग दिया, भाग देकर लब्धांक १७२ । ९ । ४७ अंशादि भये, अंशों में ३० का भाग दिया, भाग लेने से ५ । २२ । ९ । ४७ यह तात्कालिक राश्यादि चन्द्रमा भया, अब गति [illegible] का प्रकार कहते हैं कि—अडतालीस हजार को साठ से गुणा किया तो २८८०००० [illegible] और पूर्वोक्त भाजक ३५।३१ से भाग, लिया, भाग लेने पर ८१५।२४ यह [illegible] चन्द्रमा की स्पष्ट गति विगति जानना इस प्रकार, तात्कालिक ग्रहों को [illegible] करे,

अथ सूर्यादयो ग्रहाः स्पष्टाः सगत्याः									
सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.	ग्र.
[illegible]	८	८	८	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	८	रा
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	अं
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	क.
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	३६	[illegible]	३६	वि.
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	३	३	ग
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	वि

अथ [illegible] नतसाधनमाह ।

पूर्वं नतं स्याद्दिनरात्रिखण्डं दिवानिशोरिष्टघटी विहीनम् ॥
दिवानिशोरिष्टघटीषु शुद्धं द्युरात्रिखण्डं त्वपरं नतं स्यात्॥२०॥

[illegible] ॥ २० ॥

अथ नतोदाहरणम् ।

उदाहरण—[illegible] २५।२० [illegible] १२।१४ [illegible] १२।१८।३० [illegible] ०।२५।३० [illegible] ॥ १ ॥

अथ लग्नादि भाव साधन माह ।

तत्काले सायनार्कस्य भुक्तभोग्यांशसंगुणात् ॥ स्वोदयात्खाग्नि३० लब्धं यद्भुक्तं भोग्यं रवेस्त्यजेत् ॥२१॥ इष्टनाडीपलेभ्यश्च गतगम्यान्निजोदयान् ॥ शेषं खत्र्याहतं भक्तमशुद्धेन लवादिकम् ॥२२॥ अशुद्धशुद्धभे हीनं युक् तनुर्व्ययनांशकं ॥ एवं लंकोदयैर्भुक्तं भोग्यं शोध्यं पलीकृतात् ॥२३॥ पूर्वपश्चान्नतादन्यत्प्राग्वद्दशमं

१ [illegible] है ।

भवेत ॥ सषडभे लग्नखे जाया तुर्यौलग्नोन तुर्य्यतः ॥२४॥ षष्ठांशयुक्तनुसंधिरग्रे षष्ठांशयोजनात् ॥ त्रयस्ससन्धयो भावाःषष्ठांशोनैक्ययुक् सुखात् ॥ २५ ॥ अग्रे त्रयः षडेवंते भार्धयुक्तापरेऽपि षट् ॥ खेटभावसमे पूर्ण फलं सन्धिमे तुखं ॥ २६ ॥

भावार्थः—अब लग्नादि भावों का साधन वर्णन करते हैं-तात्कालिक कहिये इष्टकाल के समय सायनार्क के अर्थात् स्पष्ट सूर्य में अयनांशों को संयुक्त कर देने से सायनार्क संज्ञा होती है,उस सायनर्क के भुक्त अथवा भोग्यांशों को निजदेशोदयी राशिसे गुण देवे अर्थात् जब ऋण लग्नसाधन करना हो तो भुक्तांशों का ग्रहण करना और धन लग्नसाधन करना हो तो भोग्य अंशों को लेना योग्य है, उनको अपने देशीय उदयराशि प्रमाण से गुणा करे, फिर उसमें तीसका भाग देवे, भाग देने से जो लब्ध अंक मिलें वे सूर्य के भुक्त अथवा भोग्य अंक पलादि होते हैं, उसी भुक्त व भोग्य को इष्टघटी पलों में घटाय देवे ॥ २१ ॥ घटा देने से जो शेष रहे उसमें अपने उदय से भुक्त व भोग्य राशि प्रमाण को घटावे अर्थात् जब भुक्त काल साधा गया हो तब गुणित उदय में पिछाड़ी के उदय राशियों को घटावे और जब भोग्यकाल साधा गया हो तो गुणित उदय में अगाड़ी के उदय राशियों को घटाना चाहिये घटाने से जो शेष मिले उसको तीससे गुणा करे फिर उसीमें अशुद्धोदय से भाग देवे भाग देने से जो लब्ध अंशादि मिलें ॥ २२ ॥ उनको अशुद्ध में घटा देवे और शुद्ध में जोड़ देवे अर्थात् ऋणलग्न के साधन करने में [illegible] जितनी संख्या वाला अशुद्धोदय होवे उतनी राशि [illegible] अंशादि का भी घटाय देवे और धन लग्न के साधन करने में [illegible] जितनी संख्या वाला शुद्धोदय होवे उसीमें जोड़ देवे, तदनन्तर [illegible] को उसमें घटा देवे, घटाने से जो शेष रहता है वह राश्यादि [illegible] होते हैं, इसी प्रकार पूर्वोक्त रीति से सायनार्क के भुक्त काल व [illegible] द्वारा इन अंशादिकों को क्रमपूर्वक स्पष्ट करने के अर्थ [illegible] से गुणा करे और ३० से भाग लगाकर पलादि का ग्रहण [illegible] भुक्त व भोग्य [illegible] अंकोंको पूर्व ना या पश्चिमन्त में

शोधन करै और शेष सब क्रिया पूर्व कहे अनुसार करै तो दशम भाव स्पष्ट हो जाता है, अर्थात् जब पूर्वनत होय तब पूर्वनत को इष्टकाल कल्पना करके उसीके लंकोदयी राशियों से सूर्य के भुक्त कालको घटाकर शोधन करै और बाकी शेष क्रिया लग्न साधन के समान करै, और जब पश्चिमनत होवै तो पश्चिमनत को ही इष्टकाल कल्पना करके उसी में लंकोदयी राशियों से सूर्य के भोग्य कालको घटाकर शोधन करै अन्य सब क्रिया लग्न के समान करनी चाहिये तो यह दशम भाव सिद्ध होता है अब अन्य भावों का साधन कहते हैं कि, लग्न में छः राशि जोड देने से सप्तम ७ भाव होता है, और दशम भावमें छः राशि जोड देने से चतुर्थ ४ भाव होता है, इस प्रकार ये चार भाव हुये. अब आगे के भावोंका साधन प्रकार कहते हैं, कि–चौथे भावमें लग्न घटा देवे ॥ २५ ॥ उसका षष्ठांश (छठा हिस्सा) ग्रहण करके लग्न में जोड देवे तो लग्न की सन्धि होती है. फिर उसमें षष्ठांश जोड दिया तो द्वितीय भाव होता है, इसमें षष्ठांश युक्त किया तो दूसरे भावकी संधि होती है. इसी प्रकार षष्ठांश जोडने से तीन भाव सहित संधियें होते हैं, फिर षष्ठांश को एक राशि में घटाकर उसको चौथे भाव में जोडना प्रारम्भ करै २५ तो चौथे भावकी संधि से छठे भावकी सन्धि से तीन भाव स्पष्ट होजाते हैं, इस प्रकार लग्न से छठे भावतक सिद्ध करके शेष छः भावों को सिद्ध करके अर्थ छः में छः राशि संयुक्त कर देवै तो बाकी भाव सिद्ध होजाते हैं, जैसे–तनुभाव में ६ राशि मिलने से सप्तम भाव दूसरे भावमें ६ युक्त करनेसे आठवां भाव, तीसरे भाव में ६ राशि जोडने से नवां भाव चौथे भाव में ६ राशि जोडने से दशम भाव, पंचम में ६ जोडने से लाभ भाव, छठे भाव में ६ जोडने से बारहें भावकी सिद्धि होती है, सन्धियों में छः छः राशि जोडने से उस उस भावकी सन्धि होती है, इस प्रकार ये १२ भाव भी सिद्ध होते हैं, जो खेट (ग्रह) भाव के समान होवै तो पूर्ण फल करै है और जो ग्रह सन्धि के समान होवे तो शून्य फल करै है ॥ २६ ॥

भुक्तं भोग्यं स्वेष्टकालश्च शुद्धये त्रिंशन्निघ्नात्स्वोदयाप्तं लवाद्यम् ।
हीनंयुक्तंभास्करतेत्तनुःस्याद्रातो लग्नं भार्धयुक्ताद्रवेस्तु ॥ २७ ॥

भा०–अब यह आशंका है कि, उक्त रीति से लाया हुवा सूर्य का

भुक्तकाल अथवा भोग्यकाल यदि वह इष्टकी घटी पलों से नहीं घटे तो किस प्रकार लग्न साधन करना चाहिये। तहां समाधान कहते हैं, कि—जब सूर्यका भुक्त अथवा भोग्य इष्टकी घटी पलों से शुद्ध नहीं होवै, तो इष्ट घटी पलको तीस से गुणा करे अनन्तर सायन सूर्य के राश्युदय से भाग लेवै भाग लेने में जो अंशादिक लब्ध मिलें उनको सूर्य में घटा देवे वा जोड देवै, अर्थात् जब सूर्य का भुक्त आया हो तो लब्ध हुये अंशादिकों को सूर्य में घटा देवै और जब सूर्य का भोग्य आया हो तब लब्ध हुये अंशादिकों को सूर्य के मध्य में जोड देना चाहिये घटाने व जोड देने से ही लग्न होती है और यदि रात्रि में लग्न का साधन करना होवै तो छै राशियों को सूर्य में जोड देवें जोडकर भुक्त व भोग्य काल से लग्नका साधन करै और ऐसे ही रात्रि के विषे दशम लग्न के साधन में भी छै राशियों को सूर्य में जोड कर भुक्त काल व भोग्यकालका साधन करै. अन्य सम्पूर्ण क्रिया पूर्वोक्त प्रकार करने से दशम लग्न सिद्ध होती है ॥ २७ ॥

अथ अयनांशसाधनम् (ग्रन्थान्तरे)

वेदाब्ध्यब्ध्यूनःखरसहृतः शकोयनांशाः ॥ तथाच ॥
भूनेत्रवेदोनशक त्रिनिघ्नोव्योमाभ्रनेत्रैर्विहृतोऽयनांशाः ।
त्रिघ्नोऽर्क राशिःस्वदलेन युक्ता तावन्मिता स्याद्धिकलभिराढ्या ?

भा०—अब लग्न और दशम साधन के अर्थ अयनांश साधन प्रकार [illegible] है—शालिवाहन शाके में ४४४ घटाय देवें और साठका भाग देवें, भाग देने से [illegible] को अंश, और शेष को कला जानना, उदाहरण—इष्ट शाके १५५० में ४४४ घटाया तो ११०६ शेष रहे, इनमें ६० का भाग लगाया, [illegible] लब्ध १८ अंश, शेष २६ कला अर्थात् १८।२६ ये अयनांश ग्रह [illegible], [illegible] यहां अयनांश ग्रहण करते हैं परन्तु [illegible] [illegible] लिखे प्रकार अयनांश सर्वत्र [illegible] कि इष्ट शाके में ४२१ चारसौ इक्कीस घटाय, देवें, घटाने [illegible] ७०० से भाग लेवें, भाग [illegible] ६० से गुणाकर ७०० में भाग

देने पर अयांश की कला आवेगा, शेष को ६० से गुणाकर २०० से भाग देने से कलादि की विकला आवेगा, ये अयनांश हुए, जिस महीना की तात्कालिक अयनांश बनाना होय तो उस महीना की सूर्य राशि को तिगुना करके उसका आधा जोड़कर लिखना चाहिये और अयनांश के विकलात्मक में संयुक्त कर देवे तो तात्कालिक अयनांश होते हैं उदाहरण—शक शाके १५५० में ४२१ घटाये तो ११२९ रहे, इनको तीन से गुणा किया तो ३३८७ हुये, इनमें २०० दो सौ का भाग दिया. भाग देने से लब्ध १६ अंश हुये, शेष १८७ को ६० से गुणा किया तो ११ । २२० हुये, २०० का भाग दिया तो लब्ध ५६ कला हुए शेष २० को ६० से गुणा किया तो १२०० हुये २०० का भाग दिया, देने से लब्ध ६ विकला हुये तो १६ । ५६ । ६ अंशादि अयनांश भये यहां माघ मास में मकर राशि के सूर्य हैं तात्कालिक अयनांश बनाना है तो मकर राशि की संख्या १० को तिगुना किया तो ३० हुये इनका आधा १५ जोड़ दिये ४५ हुये यह विकलात्मक ४५ अङ्क को अयनांश के विकलात्मक ६ में जोड़ दिये. जोड़ देने से ५१ हुये तो तात्कालिक अंशादि १६ । ५६ । ५१ ये अयनांश भये इस प्रकार अयनांश साधन करके लग्न साधन का उदाहरण लिखते हैं ॥ १ ॥

अथ लग्नसाधनोदाहरणम् ।

अब लग्न बनाने का उदाहरण लिखते हैं, स्पष्ट सूर्य राश्यादि ९ । ७ । ३० । ९ इनमें अयनांश १८ । २६ हुये तो स्पष्ट सूर्य में युक्त किया तो तात्कालिक सायनार्क १० । २५ । ५६ । ६ हुआ यह युक्त राश्यादि सूर्य में राशि को छोड़ भुक्तांशादि २५ । ५६ । ६ हुये इनको ३० अंशों में घटाया तो ४ । ३ । ५४ ये भोग्यांश हुये, यहां पर यह विचार लेना योग्य है, कि—भुक्तांश थोड़े हों और भोग्यांश अधिक हों तो भोग्यांशों पर से लग्न बनावें यहां इस उदाहरण में भोग्यांश थोड़े हैं, इसकारण यहां भोग्यांशों पर से लग्न का बनवाना निश्चय किया, क्योंकि थोड़े अंशों से क्रिया करने में लघुता होती है, भोग्यांश ४ । ३ । ५४ को मकर राशि के उदय २९८ से गुणा किया तो १२ । ११ । २२ । १२ हुये इसमें ३० का भाग लिया भाग लेने से

जन्मभूमावुदयचक्रम् ।

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या
२००	२३९	२९८	३४८	३४६	३४३
मीन	कुम्भ	मकर	धन	वृश्चिक	तुला

२०।२२।४४ यह सूर्य का भोग्य पलादि भया, इसको इष्ट नाड़ी पल १२।१८ को पलात्मक किया तो ७३८ हुये, इनमें सूर्य का भोग्य पलादि घटाया घटाने से शेष ६६७।३७।१६ हुये इसमें मकर के आगे कुम्भ के उदय २३९ को घटाया, घटाने से ४५८।३७।१६ शेष रहे, फिर कुम्भ के आगे मीन के उदय २३ को घटाया, घटाने से २५५।३७।१६ शेष रहे अनन्तर मीन के आगे मेष के उदय २०३ को घटाया तो ५२।३७।१६ शेष रहा, इसमें मेष के आगे वृष का उदय २३९ यह घट नहीं सकता, इस कारण वृष की अशुद्ध संज्ञा हुई, इससे शेष ५२।३७।१६ को तीस से गुणा दिया, गुणा देने से १५।७८।३८ हुये इसमें अशुद्धोदय वृष २३९ से भाग दिया भाग देने से ६।३६।१८ यह अंशादि लब्ध हुये इनमें अशुद्धोदय पूर्व मेष राशि की संख्या १ को जोड़ दिया, तो १।६।३६।१८ यह राशि सहित अंशादि हुये, इनमें अयनांश १८।२६ को घटा दिया तो ०।१८।१०।१६ यह राश्यादि स्पष्ट लग्न भया यह स्पष्ट लग्न का उदाहरण कहा।

अथ दशमलग्नसाधनोदाहरणम्।

अथ दशम लग्न के साधन का उदाहरण कहते हैं—दिवा पूर्वनत ०।२५।३० इसी को यहां उन्नतकाल कल्पना किया, सायनार्क ९।२५।५६।६ इसका भुक्तांशादि २५।५६।६ लंकोदय मकर का प्रमाण २२३ से गुणा किया फिर ३० से भाग लगाया, भाग लेने से २७? ।१४।० यह सूर्य का भुक्त-काल पलादि भया, और उन्नतकाल ०।२५।३० में शुद्ध नहीं [illegible], इस कारण यहां "भुक्त भोग्य [illegible] स्पष्टकालात्" [illegible] इस श्लोक के कथनानुसार रीति से दशम लग्न [illegible] इसी से उन्नत ०।२५।३० का तीस से गुणा [illegible] करने से ७६५ हुये इनमें लङ्कोदय ३२३ का [illegible] भाग लेने से २।१३।६ यह अंशादि लब्ध

लंकोदयचक्रम्		
मे	२७८	मी
वृ	२९९	कुं
मि	३२३	म
क	३२३	धं
सिं	२९९	वृ
क	२७८	तु

[illegible]

हुये इसको सप्तमादि भाव ७।७।१२।१६ में घटाया, घटाने से ८।५।८।० यह सप्तमादि दशम भाव सिद्ध भया।

अथ धनादिभावसाधनोदाहरणम्।

अब धनादि भावों के साधन का उदाहरण लिखते हैं लग्न ०।१८।१०। १६ इसमें ६ राशि जोड़ने से ६।१८।१०।१६ यह सातवां भाव हुआ। दशमभाव ९।५।८।० इसमें ६ राशि जोड़ने से ३।५।८।० यह चौथा भाव हुआ, चौथे भाव में लग्न को घटाया, घटाने से २।१६।५७।४४ यह शेष रहा इसमें ६ से भाग लिया, भाग लेने से ०।१२।४८।१७ यह षष्ठ्यादि हुआ अर्थात् षष्ठांश भया, इस ०।१२।४८।१७ षष्ठांश को लग्न ०।१८।१०।१६ में जोड़ दिया तो १।०।५९।३३ यह लग्न की विरामसन्धि हुई इसमें षष्ठांश जोड़ दिया तो १।१३।४७।५० यह धन (दूसरा) भाव सिद्ध भया। धनभाव में षष्ठांश जोड़ दिया तो १।२६।३६।७ यह दूसरे भाव की सन्धि हुई, इसमें षष्ठांश जोड़ दिया तो २।९।२४।२४ यह तीसरा भाव भया। इसमें षष्ठांश जोड़ दिया तो तीसरे भाव की सन्धि २।२२।१२।४१ हुई, अब षष्ठांश ०।१२।४८।१७ को १ राशि में घटाया तो ०।१७।११।४३ यह शेष रहा इसको चौथे भाव में जोड़ दिया। जोड़ने से ३।२२।१९।४३ यह चौथे भाव की सन्धि हुई, इसमें एक से बढ़ाये हुये षष्ठांश को जोड़ दिया तो ४।९।२८।६ यह पांचवां भाव भया फिर एकोन षष्ठांश ०।७।११।४३ को जोड़ दिया जोड़ने से ४।२६।३९।९ यह पञ्चम भाव की सन्धि हुई, इस ४।२६।३९।९

लग्नकुण्डली

१२ भावकुण्डली

अथ तन्वादिद्वादशभावः ससन्धयः स्युः

भा	त	सँ	ध	सँ	सँ	सँ	सु	सँ	सु	सँ	रि	सँ
रा	०	१	१	१	२	२	३	३	४	४	५	६
अं	१८	०	१३	२६	९	२२	५	२२	९	२६	१३	०
क	१०	५९	४९	३९	२८	१८	८	१८	२८	३८	४९	५९
वि	१६	५३	३०	७	४४	२१	०	२३	४६	९	३२	५५

भा	जा	सँ	मृ	सँ	ध	सँ	क	सँ	ला	सँ	व्य	सँ
रा	६	७	७	७	८	८	९	९	१०	१०	११	००
अं	१८	०	१३	२६	९	२२	५	२२	९	२६	१३	०
क	१०	५८	४९	३९	२८	१८	८	१८	२८	३९	४९	५९
वि	१६	५३	३०	७	४४	२१	०	२३	४६	९	३२	५५

में एकोन षष्ठांशको जोड दिया तो ५।१३।४६।३२ यह छठा भाव हुआ फिर एकोन षष्ठांश को जोडा तो ६।०।५१।५५ यह छठे भाव की सन्धि हुई, इस इस प्रकार ये छः भाव स्पष्ट हुए, अब इन्हीं सन्धियों सहित छः भावों में प्रत्येक छः के जोड़ने से अन्यभाव संधि सहित क्रमशः सिद्ध होजाते हैं इन सबों को सरलता से जानने के अर्थ भावचक्र को देखो जिससे शीघ्र समझ में आजायेगा ॥

अथ भावस्थग्रहफलम् ।

खेटे सन्धिद्वयान्तस्थे फलं तद्भावजं भवेत् ।
हीनेऽधिके द्विसन्धिभ्यां भावे पूर्वापरे फलम् ॥२८॥

भा०—अब भावमें स्थित ग्रह का फल कथन करते हैं कि—दोनों संधियोंके बीच जो भाव हो उसी भाव में स्थितग्रह उसी भावका फल करने वाला होता है, अर्थात् आरम्भ सन्धि से अधिक विराम सन्धि से न्यून ग्रह जिस भाव में स्थित हो वह उसी भाव का फल देता है, और आरम्भ विराम इन दोनों सन्धियों से हीन अथवा अधिक ग्रह के होते हुए पूर्व व पर भाव में फल होता है, अर्थात् जो आरम्भसन्धि से न्यून जो ग्रह होवे तो वह पूर्व भाव का फल देता है तथा जो विरामसन्धि से अधिक हो तो पर (आगे) भाव का फल देता है, यहां आरम्भ सन्धि और विराम सन्धि का प्रयोजन यह है कि पहिले जो लग्न की सन्धि सो लग्न की विराम सन्धि कहाती है, और दूसरे भाव की आरम्भसन्धि कहाती है ॥ २८ ॥

अथ [illegible]माह ।

[illegible] कार्यं विंशत्या गुणितं भजेत् ।
[illegible] विंशोपकाः स्मृताः ॥२९॥

भा०—अब त्रिंशांश फल कहते हैं ग्रह और राशि का अंतर कर फिर उसे ३० से गुणा कर अंशादि करके उनमें भाग और राशि के अंतर से भाग देवे तो जो अंशादि फल होवे उसी का त्रिंशांशों में विनियोग करना है उनसे उनके विरुद्ध फल कहना चाहिये ॥ ८ ॥

अथ त्रिंशांशफलोदाहरणम् ।

जब त्रिंशांश के उदाहरण को कहते हैं—सूर्य राश्यादि ४।७।३६।०।६ इसकी राशि ६।२२।२।८।२८ इन दोनों का अंतर किया तो शेष १४।२४ ३७ रहे, इनको ६० से गुणा किया, गुणा देने से २६।१४।४० पर भाग हुआ और भाग रहा ३।१८।१० इनको राशि ५।२२।१८।२२ इससे अंतर किया तो शेष २।२।१४।२७ रहे, यह भाजक जानो, भाग लेने के वास्ते भाज्य अंतर को ६० से गुणा किया, भाज्य २६।१४।४० को । ६० से गुणा किया तो १५७४८० हुए, और भाजक १७।१६।२३। को ६० से गुणा किया तो ६१८३३ हुए उनमें भाग देने पर लब्ध १७।१४ यह सूर्य का त्रिंशांशफल हुआ अर्थात् त्रिंशभाग में सूर्य का १७।१४ विश्वा फल आया इसी प्रकार चन्द्र आदि ग्रहों का विश्वाफल निकालना २६

अथ राशिस्वामिदृष्काणानाह ॥

भौमोशनःसौम्यशशीनचौतसितारेज्या अर्किमन्दांगिरसो गृहेश्वराः ।
आद्याः कुजाचार्यसितो पि मध्यमास्सितात्तृतीया क्रियतो दृकाणपाः ॥

भावार्थ—अब द्रेष्काण बलाबल विचारने के अर्थ प्रथम राशियोंके स्वामी और द्रेष्काणाधीश जानने को कहते हैं—मेषराशिको स्वामी भौम [मङ्गल] वृष का स्वामी उशना कहिये शुक्र, मिथुन का स्वामी सौम्य कहिये [बुध] कर्क का शशि [चन्द्रमा] सिंह का इन [सूर्य] कन्या का वित् (बुध) तुलाका सित (शुक्र) वृश्चिक का आर (मङ्गल) धनुका ईज्य (बृहस्पति) मकर का आर्कि (शनैश्चर) कुम्भ का मंद (शनि) और मीनका आंगिरस (गुरु) ये राशियों के स्वामी हैं, अब द्रेष्काण को कहते हैं कि राशि के ३० अंशोंमें तीसरे भाग अर्थात् १० अंशोंको द्रेष्काण कहतेहैं एकराशिमें तीन

द्रेष्काण होते हैं, तहां पहला द्रेष्काण मेषादि राशियों में मङ्गल से गण[illegible] करें, दूसरा द्रेष्काण सूर्यसे तीसरा द्रेष्काण शुक्रसे गणना करें पहला द्रेष्काण १ से

अथ द्रेष्काणचक्रम्

राशिषु	मे	वृ	मि	क	सिं	क	तु	वृ	ध	म.	कु
आद्यः १०	म	बु	वृ	शु	श	र.	च	म	बु	वृ	शु
मध्यमा २०	र	च	म	वृ	वृ	शु	श	र.	च	म	बु
तृतीया ३०	शु.	श	र	च	म	बु	वृ	शु	श	र	च

१० अंश तक, दूसरा २० तक और तीसरा ३० तक जानना सो द्रेष्[illegible] चक्र में सरलता से लिखा है, देखलेना ॥ ३० ॥

अथ ग्रहाणामुच्चनीचराशीन्भागाश्चाह ।

१ ३ १० ६ ४ १२ ७
सूर्यादितुंगान्यजोक्षनक्रकन्याकुलीरांत्यतुलालवैःस्युः ।
१० २८ १५ ५ २७ २०
दिग्भिर्गुणैरष्टयमैः शरैकैर्भूतैर्भसंख्यैर्नखसम्मितैश्च ॥३१॥

भावार्थ—अब ग्रहोंकी उच्च नीच राशियों और भागोंको कहते हैं, सूर्य आदि ग्रहोंके मेषादि राशियों दश आदि अंशों में परमोच्च होती है, सूर्य मेष राशिका उच्च कहाता है, १० अंश हो तो परम उच्च का कहत[illegible] चन्द्रमा वृष राशिका २ अंशतक परम उच्चका कहाता है मङ्गल मकर का [illegible] अंशतक परम उच्चका कहाताहै, बुध कन्या राशिका १५अंशमें परम उ[illegible] कहाता है, बृहस्पति कर्क राशिका ५ अंश पर परम उच्चका कहाता [illegible] शुक्र मीनराशि का २७ अंश तक परम उच्च का कहाता है, और शनैश्चर तुलाराशि २० अंशतक परम उच्चका कहाताहै, यह ग्रहोंका उच्च और परम उच[illegible]

अथ ग्रहाणां नीच स्थान मूल त्रिकोणानयनं नवांश स्वामिनश्चाह ।

तत्सप्तमं नीचमनेन हीनो ग्रहोऽधिकश्चेद्भमभाद्विशोध्यः ।
चक्राल्लवाद्यास्त्रिगुणो [illegible] नवांशः ।[illegible]

[illegible]

अथ ग्रहाणामुच्चनीच[illegible]

[illegible]

राशि का ३ अंश २० कला नवांश होता है, ऐसे ही मङ्गल आदि ग्रहों की भी राशि जानना सो चक्र में स्पष्ट देखलो। अब उच्च बल लाने का प्रकार वर्णन करते हैं कि जिस ग्रह को उच्च बल बनाना होवे तो उसके नीच से उस ग्रह को हीन करे, हीन करने से जो ६ राशि से अधिक हो तो चक्रशुद्धि बारह राशि में घटा देवे, शेष के अंश करे और ९ से भाग लेवे, भाग लेने से जो लब्ध कलादिक आता है सोई उच्चबल जानना, अब नवांश कहते हैं कि मेष, मकर, तुला और कर्क यह चार चरराशियों में मेषादि राशियों के नवांश ९ होते हैं जैसे वृष, सिंह व धन इन राशियों का नवांश मेष से जानना, कन्या, मकर, वृष का मकर से, मिथुन तुला कुम्भ इनका तुला से, कर्क वृश्चिक मीन इनका कर्क से है अर्थात कर्क से गणना करना सो चक्र में स्पष्ट जानना जिस राशि का नवांश गणना करने पर आवे उस राशि का स्वामी नवांशेश जानना, एक राशि के ३० अंश का नवमांश ३ अंश का, २० कला इसी प्रकार ३ अंश २० कला जोड़ने से सब नवांश जानना सो सुगमता से जानने के अर्थ नवांश चक्र लिखते हैं ॥ ३२ ॥

अथ उच्चबलोदाहरणम् ।

अब उच्च बल निकालने का उदाहरण लिखते हैं—सूर्य का नीच ६।१० यह स्पष्ट सूर्य ९।७।३०।१६ में हीन किया अर्थात् घटाया तो २।२७।३०।१६ रहे इसके अंश ८७।३०।१६ हुए इनमें ९ का भाग लगाया तो लब्ध कलादि ९।४३ यह सूर्य का उच्च बल हुआ ।

अथ नवांशचक्रम् ।

अंश	मे	वृ	मि	क	सि	क	तु	वृ	ध	म	कुं	मी
३।२०	मे	म	तु	क	मे	म	तु	क	मे	म	तु	क
६।४०	वृ	कुं	वृ	सिं	वृ	कुं	वृ	सिं	वृ	कुं	वृ	सिं
१०।०	मि	मी	ध	क	मि	मी	ध	क	मि	मी	ध	क
१३।२०	क	मे	म	तु	क	मे	म	तु	क	मे	म	तु
१६।४०	सिं	वृ	कुं	वृ	सिं	वृ	कुं	वृ	सिं	वृ	कुं	वृ
२०।०	क	मि	मी	ध	क	मि	मी	ध	क	मि	मी	ध
२३।२०	तु	क	मे	म	तु	क	मे	म	तु	क	मे	म
२६।४०	वृ	सिं	वृ	कुं	वृ	सिं	वृ	कुं	वृ	सिं	वृ	कुं
३०।०	ध	क	मि	मी	ध	क	मि	मी	ध	क	मि	मी

अथ मेषादि द्वादशराशिषु हद्देशानाह ।

मेषेऽङ्गतर्काष्टशरेषुभागा जीवास्फुजिज्ज्ञारशनैश्चराणाम् ।
वृषेऽष्टषण्णागशरानलांशाः शुक्रज्ञजीवार्किकुजेशहद्दाः ॥ ३३ ॥

युग्मे षडंगेषुनगांगभागासौम्याफुजिज्जीवकुजार्किहद्दाः ।

कर्केऽद्रितर्काङ्कनगाब्धिभागाःकुजास्फुजिज्ज्ञेज्यशनैश्चराणाम् ॥३४॥

सिंहेऽगभूताद्रिरसाङ्कभागासुरेज्यशुक्राऽर्किबुधारहद्दाः ।

स्त्रियोनगाशांब्धिनगाग्निभागाःसौम्योशनोजीवकुजार्किनाथाः ३५

तुले रसाष्टाद्रि नगाग्नि भागाकोणज्ञजीवास्फुजिदारनाथाः ।

कीटे नगाब्ध्यष्टशरांगभागामोमस्फुजिज्ज्ञेज्यशनैश्चराणाम् ॥३६॥

चापे रवीष्वम्बुधिपंजवेदा जीवा स्फुजिज्ज्ञारशनैश्चराणाम् ।

मृगे नगाद्र्यष्ट युगश्च तीनां सौम्येज्यशुक्रार्किकुजेशहद्दाः ॥३७॥

कुंभे नगांगाद्रिशरेषुभागाः शुक्रज्ञजीवारशनैश्चराणाम् ।

मीनेऽर्कवेदाऽनलनंदपच्चाः सितेज्यसौम्यारशनैश्चराणाम् ॥३८॥

भाषार्थः–अब मेष आदि बारहों राशियों में हद्देशों को वर्णन करते हैं- मेष राशियों में प्रथम ६ अंशों का हद्देश गुरु, फिर आगे ६ अंशों का हद्देश [illegible] है, फिर ८ का बुध, ५ का मङ्गल और ५ का शनैश्चर हद्देश जानना, इसी प्रकार वृष आदि के ३० अंशों में क्रम से हद्देश जानना, सो हद्देश चक्र में स्पष्ट हैं यहां देख लो ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ ३८ ॥

अथ हद्देशचक्रम् ।

[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	सिं	[illegible]	तु	[illegible]	ध	म	कु	मी
[illegible]	[illegible] ८	[illegible] ६	म [illegible]	[illegible] ६	[illegible] ७	श ६	म ७	बृ १२	बु ७	गु ७	गु १२
[illegible]	[illegible] ६	[illegible] ६	बु ६	शु ५	श ६	गु ८	शु ४	शु ५	बु ७	बु ६	बु ४
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible] ६	श ७	[illegible] ४	गु ७	बु ८	बु ४	गु ८	बु ७	बु ३
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible] ७	श ६	म [illegible]	शु ७	बृ [illegible]	म ५	श ४	श ५	मं ६
[illegible]	[illegible]	[illegible] ६	[illegible] ४	म ६	श [illegible]	[illegible]	श ६	श ४	म ४	श [illegible]	श [illegible]

अथ [illegible] ।

[illegible] त्रिंशनिराम्मनु गेहहद्देत्नचन्द्रा दशकं दृक्काणे ।

[illegible] पंच[illegible] प्रदिष्टा विंशोपका वेदलवे ऽप्रकल्प्याः ॥३९॥

[illegible] [illegible] को कहते हैं कि जो ग्रह अपनी राशि का [illegible] [illegible] आवे उस का हो तब २० का बल

करता है, तथा अपने हद्दा में १५ का बल और अपने द्रेष्काण में १० का बल अपने मुसल्लह (नवांश) में ५ का बल करता है ऐसा पूर्वाचार्यों ने कहा है, इस बलके जानने का विशेष वृत्तान्त पीछे कहना होगा ।३९।

पूर्वोक्त इन पांचों अधिकारों में जो ग्रह न हो तो कितना बल ग्रहण करना चाहिये इस आकांक्षा में कहते हैं—

स्वस्वाधिकारोत्थबलं सुहृद्भे पादोनमर्द्धं समभेऽरिभे त्रिः ॥
एवं समानीय बलं तदैक्यं वेदोद्धृते हीनबलः शरोनः ॥ ४० ॥

भाषा—अपने अपने अधिकार में जो बल कहा गया है उसको विभाग करते हैं, जो ग्रह अपने मित्र के घर में हो वह पौनाई हीन अर्थात् २२।३० बलको प्राप्त करता है, समघर में हो वह आधा १५ का बल ग्रहण करता है, शत्रु घर में हो वह एक चरण अर्थात् चौथाई ७।३० का बल करता है, एवं जो ग्रह अपने हद्दा में हो वह १५ का, मित्र हद्दा में हो वह पौनाई ११।१५ का, समहद्दा में हो तो आधा ७।३० का बल, शत्रु हद्दा में वह चौथाई ३।४५ का तथा जो ग्रह अपने द्रेष्काण में हो वह १० का, अपने मित्र द्रेष्काण में हो तो पौनाई ७।३० का, समद्रेष्काण में हो तो आधा ५ का बल और दुश्मन द्रेष्काण में हो तो २।३० का ग्रहण करता है, एवं जो ग्रह अपने नवांश में हो तो ५ का, एवं मित्रनवांश में हो तो ३।४५ का, समनवांश में हो तो २।३० का और दुश्मन नवांश में हो तो १।१५ का बल ग्रहण करता है, इस प्रकार इन सबके बल को एकत्र करके ४ का भाग देकर विंशोपाबल जानना पांच विश्वा से जो ग्रह कमती होवे वह हीन बली होता है ॥४०॥

गृह	३०	२२ ३०	१५ ०	७ ३०
हद्दा	१५	११ १५	७ ३०	३ ४५
द्रेष्का	१०	७ ३०	५ ०	२ ३०
नवां	५	३ ४५	२ ३०	१ १५

यद्यपि इस ताजिक ग्रन्थ में, "दृष्टिः स्यान्नवपंचमे बलवती प्रत्यक्षतः स्नेहदा" इत्यादि श्लोकद्वारा आगे दृष्टि के विचार में एकसी वर्णन है तथा यहां ताजिकशास्त्र विद्यार्थियों को सहज में बोध होने को लिखते हैं

१ पंचाशा हीनबलिनस्तदर्धमध्यं [illegible] । [illegible] पंचतुल्यो बलोदितः ॥ १ ॥ अर्थ—पांच विश्वा से कमती वाला ग्रह हीनबली, तिससे अधिक १० विश्वातक मध्यम १० से अधिक २० विश्वातक पूर्ण बली ग्रह जानना, यह पंचवर्गी बल है ।

जातक, तथा अन्य मुहूर्तादि में ग्रहों की नैसर्गिक मैत्री काम में आती है परन्तु यहां ताजिक में यही मैत्री विचार में लाना योग्य है ।

मित्रं तृतीयपंचमनवमैकादशगतोऽपि यो यस्य ।
धनमृतिरिपुरिष्फेषु च समो ग्रहः स्यादि ज्ञेयम् ॥ १ ॥
शत्रुस्तथैक तुर्ये जायास्थाने दशमे ।
ताजिकहिल्लाजमते नैतादृक्कथितमस्माभिः ॥ २ ॥

अर्थ—रामकजी कहते हैं कि—जो ग्रह जिस ग्रह से तीसरे, पांचवें, नवें, और ग्यारहवें भाव में स्थित हो वह उसका मित्र होता है, दूसरे, आठवें, छठे, और बारहवें, हो वह उसका सम, तथा पहले, चौथे सातवें और दशवें हो वह दुश्मन जानना, इस प्रकार यह ग्रहों की मित्रता समता, और शत्रुता को ताजिक आचार्य हिल्लाज के मत से हम सबों ने कहा है ॥१।२ ॥

अथ ग्रह मैत्री चक्रम्

ग्रह	सू	चन्द्र	म	बुध	बृ	शु	श
मित्र	च शु	सू शु	श	श	श	च शु	मं बु बृ
सम	मं बु बृ	श	स शु	सू शु	सू शु	मबुबृश	शु चं
शत्रु	श	म बृ बु	च बु च म बृ	च म बृ	च म बृ	०	सू

अथ पंचवर्गी बलोदाहरणम् ।

अब पंचवर्गी बल का उदाहरण [illegible] हैं—जैसे सूर्य ९।७।३०।६ है यहां सूर्य मकर राशि का शनैश्चर के घर में है, और शनि सूर्य का [illegible] है इससे शत्रु घर में [illegible] का बल पाया, उच्च बल [illegible] का प्रकार ऊपर कह आये हैं, [illegible] उच्चबल ९।४३ तथा [illegible] ७ अंश में अधिक [illegible] में दूसरा [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

अथ ग्रहाणां पंचवर्गी बलचक्रम्

ग्रह	सू	च	म	बु	बृ	शु	श
गृ	७ ३०	७ ३०	७ ३०	७ ३०	३० ०	१५ ०	१५ ०
उ.	९ ४३	४ ३०	१५ १०	१० १८	० ३६	६ ३३	१८ ३०
ह.	० ३०	२ ४५	७ ३०	७ ३०	१५ ०	७ ३०	१५ ०
द्रे.	५ ०	० ३०	० ३०	२ ३०	७ ३०	१० ०	५ ०
न.	० ३०	५ ०	० ३०	१ १५	५ ०	० ३०	३ ४५
[illegible]	३३ १३	३० १२	३५ १०	२८ ३	५८ ६	४१ ३३	५७ १३
[illegible]	८ [illegible]	४ [illegible]	८ [illegible]	७ [illegible]	१४ [illegible]	१० [illegible]	१४ [illegible]

में फल पाया गया यदि मकर के तीसरे नवांश में है इस कारण मकर में मकर से गणना करने से तीसरा [illegible] है, [illegible] स्वामी [illegible] है [illegible] [illegible] का [illegible] है, [illegible] में ९ । १० का [illegible] होता है, इन [illegible] [illegible] किया अर्थात् [illegible] को १२ । १३ हुआ, इनमें [illegible] का भाग लेने से [illegible] ८ । ३ यह गुरु का [illegible] फल हुआ, इसी प्रकार चन्द्र आदि ग्रहों का [illegible] फल जानना, यह [illegible] फल [illegible], सो [illegible] भी [illegible] है ।

अथ द्वादशवर्गविचारमाह ।

क्षेत्रं होरा त्र्यब्धिपंचांगनगसप्तवस्वंकाशेशार्कभागाः सुधीभिः ।
विज्ञातव्या लग्नसंस्थाः शुभानां वर्गाः श्रेष्ठाः पापवर्गास्त्वनिष्टाः ॥४१॥

भा०—अब द्वादशवर्गोंका विचार कहते हैं क्षेत्र (गृह) होरा तृतीयांश, चतुर्थांश पंचमांश, षष्ठांश, सप्तमांश, अष्टमांश, नवमांश, दशमांश एकादशांश और द्वादशांश ये बारह भाग लग्न समयमें विद्यमान ग्रहों के पंडितों के जानने योग्य हैं, अब इन वर्गोंका फल कहते हैं कि—शुभग्रहों के वर्ग श्रेष्ठ हैं अर्थात् अच्छे फलके देने वाले होते हैं, और यदि पापग्रहों के वर्ग हों तो अनिष्ट फलके देने वाले होते हैं ॥ ४१ ॥

अथ होराद्रेष्काणतुर्यांशानामधीशानाह ॥

ओजे रवीन्द्वोः सम इन्दुरव्योर्होरे गृहार्धप्रमिते विचिन्त्ये ।
द्रेष्काणपाः स्वेषु नवर्क्षनाथास्तुर्यांशकाः स्वर्क्षजकेन्द्रनाथाः ॥४२॥

भा०—अब होरा द्रेष्काण व चतुर्थांशके अधिपतियों को वर्णन करते हैं, तहां प्रथम होराको कहते हैं ओज (विषम) राशि में, सिं, तु, ध, कुं, इनमें प्रथम १५ अंशतक सूर्यका होरा, फिर शेष १५ अंश अर्थात् १६ से ३० अंशतक चंद्रमाका होरा कहिये, और समराशि वृ क कं. वृश्चिक म मी. इनमें पहले १५ अंशतक चंद्रमाका होरा, शेष १५ अंशतक सूर्यका होरा होता है अब,

अथ होरेश चक्रम्

अं	मे	वृ	मि	क	सिं	क	तु	वृ	ध	म	कुं	मी
१५	सू	चं	सू	चं	सू	चं	सू	चं	सू	चं	सू	चं
३०	चं	सू	चं	सू	चं	सू	चं	सू	चं	सू	चं	सू

द्रेष्काणपति को कहते हैं. कि-एक राशिके ३० अन्शों में तीन द्रेष्काण होतेहैं उनमें पहला १० अन्शतक, दूसरा २० अन्शतक, और तीसरा ३० अन्शतकहोताहै

अथ तृतीयांशेश (द्रेष्काण) चक्रम्

अं	मे	वृ	मि	क	सि	कं	तु	वृ	ध	म	कु	मी
१०	मं	शु	बु	च	सू	बु	शु	मं	वृ	श	श	वृ
२०	सू	बु	शु	मं	वृ	श	श	वृ	मं	शु	बु	च
३०	वृ	श	श	वृ	मं	शु	मं	च	सू	बु	शु	मं

जिस ग्रहका द्रेष्काण विचार करना हो तो यदि वह पहले द्रेष्काण में हो तो वह ग्रह जिस राशि में वर्तमान हो उसीका स्वामी द्रेष्काण पति होता है. जो दूसरे द्रेष्काणमें होतो वर्तमान राशिसे पांचवीं राशिका स्वामी द्रेष्काणपति होताहै, तथा जो तीसरे द्रेष्काणमें होतो नवीं राशिका स्वामी द्रेष्काण पति होता

अथ चतुर्थांशेश (केन्द्रपति) चक्रम्

अंशा	मे	वृ	मि	कं	सि	क	तु	वृ	ध	म	कु	मी
७।३०	मं	शु	बु	च	सू	बु	शु	मं	वृ	श	श	वृ
१५।००	च	सू	बु	शु	मं	वृ	श	श	वृ	मं	वृ	मं
२२।३०	शु	मं	वृ	श	श	वृ	मं	शु	बु	च	सू	बु
३०।००	श	श	वृ	मं	शु	बु	च	सू	बु	शु	मं	वृ

है अब चतुर्थांश स्वामियों को कहते हैं, राशिके ३० अन्शोंका चतुर्थांश ७। ३० अन्श हुये वहां पहला चतुर्थांश ७। ३० अन्शतक, दूसरा १५ अन्शतक, तीसरा २२। ३० अन्शतक, चौथा ३० अन्शतक. चतुर्थांश जानना, जो ग्रह पहले चतुर्थांश में हो तो प्रथम केन्द्र अर्थात् उसी राशिका स्वामी चतुर्थांश पति होता है. दूसरे चतुर्थांश में हो तो दूसरा केन्द्र अर्थात् वर्तमान राशि से चौथे घरका स्वामी चतुर्थांश पति होता है तीसरे चतुर्थांश में हो तो तीसरे केन्द्र अर्थात् वर्तमान राशिसे सातवें घरका स्वामी चतुर्थांश पति जानना चौथे चतुर्थांश में हो तो चौथा केन्द्र अर्थात् वर्तमान राशि से दशवें घरका स्वामी चतुर्थांश पति जानना होगा. द्रेष्काण व चतुर्थांश को सरलता से जानने के लिये द्रेष्काण और चतुर्थांशपति चक्र भी लिख दिये हैं ॥ ४२ ॥

अथ पञ्चमांशेशद्वादशांशेशानाह ॥

ओजर्क्षे पंचमांशेशाः कुजार्कीज्यज्ञभार्गवः ।
समर्क्षे व्यस्तमेतेषां द्वादशांशाः स्वभात्स्मृताः ॥४३॥

भा०—अब पञ्चमांश और द्वादशांश पतियों को कहते हैं—राशि के [illegible] के [illegible] पञ्चमांश के अन्शोंका होता है, वहां विषम राशि में पहले

दूसरे का स्वामी मङ्गल दूसरे का शनि, तीसरे का बृहस्पति, चौथे का बुध, पांचवें का शुक्र, और समराशि में इससे विपरीत क्रम से जानना, जैसे वृषराशि में पहिले पांच अंश का स्वामी शुक्र, दूसरे का बुध, तीसरे का बृहस्पति, चौथे का शनि, पांचवें का मङ्गल जानना, इस प्रकार त्रिंशांशपतियों का चक्र नीचे लिखा है अब द्वादशांशपतियों को कहते हैं कि— १ राशि के ३० अंशों का द्वादशांश [illegible] १ द्वादशांश २ अंश ३० कला हुए ऐसे ही एक राशि के विभाग से १२ द्वादशांश होते हैं, जिनका चक्र नीचे लिखा है देख लेना, जिस राशि में जो ग्रह स्थित होवे तो पहिले द्वादशांश में उसी राशि का स्वामी द्वादशांशपति होता है दूसरे द्वादशांश में उससे दूसरी राशि का स्वामी द्वादशांशपति जानना इत्यादि क्रम से सब द्वादशांशाधिपतियों को जानना ४३

अथ त्रिंशांश चक्रम् ।

[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

अथ द्वादशांश चक्रम् ।

[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

अथ षड्वर्गाद्यानयनमाह ।

लवीकृतो व्योमचरोङ्गशैलवस्वङ्कदिग्रुद्रगुणाः खरामैः ॥
भक्तागतास्तर्कनगाष्टनन्ददिग्रुद्रभागाः कुयुता क्रियात्स्युः ॥४४॥

भा० अब षड्वर्ग, सप्तमांश, अष्टमांश, नवमांश, दशमांश, एकादशांश, इनके अधिपतियों को कहते हैं, ग्रह की राश्यादि अंशकरें अर्थात् राशि को ३० से गुणा देवें फिर उसमें राशि के आगे स्थित हुए अंशोंको जोड़ देवें तदनन्तर उसको कलाविकला सहित छै स्थान में बराबर स्थापन करके क्रम से ६।७।८। ९ । १० । ११ इन अंकों से गुणा करे फिर ३० से भाग लेवें भाग लेने से जो लब्ध हो वह गत ६।७।८।९।१०।११, भाग होते हैं इन सबों में एक को जोड़कर मेष से गणनाकरके गिनतीमें जहां विश्राम हो उसी राशि का स्वामी उस वर्ग का स्वामी होता है. यदि जोड़ने पर बारह से अधिक अंक हो तो बारह से भाग लेना इस प्रकार द्वादशवर्गी बनाना ॥ ४४ ॥

अत्रोदाहरणम् ।

अब द्वादश वर्गों का उदाहरण लिखते हैं, यथा स्पष्ट सूर्य राश्यादि ९।७।३०।६ यह मकर राशि का स्वामी शनि है तो रवि का गृहेश शनि हुआ, अब होरा को कहते हैं कि सूर्य मकर राशि के प्रथम होरा अर्थात् १५ अंश के अन्तर्गत है, इस कारण मकरराशि सम है सम राशि में पहला होरा चन्द्रमा का होता है, इससे यहां सूर्य चन्द्रमा के होरा में है, अब द्रेष्काण का उदाहरण कहते हैं कि रवि मकर राशि के प्रथम द्रेष्काण में है इससे द्रेष्काण का स्वामी शनि है, अब चतुर्थांश का उदाहरण कहते हैं, सूर्य मकर के दूसरे चतुर्थांश में है इस कारण मकर से चौथी राशि मेष है उसका स्वामी मङ्गल चतुर्थांश पति हुआ

अथ द्वादशवर्ग

ग्र	सू	च	मं	बु	गु	शु	श
गृ	श	शु	शु	गु	गु	म	श
हो	च	सू	सू	सू	च	सू	सू
द्रे	श	शु	शु	म	शु	च	शु
चतु	म	शु	शु	शु	बु	शु	शु
पञ्च	शु	श	गु	गु	शु	मं	शु
षष्ठ	मं	श	बु	शु	बु	श	शु
सप्तम	म	शु	शु	श	शु	शु	म
अष्टम	शु	श	शु	मं	शु	बु	शु
नवम	गु	च	सू	च	गु	श	गु
दशम	गु	श	शु	म	गु	श	गु
एकाद	गु	च	श	गु	च	शु	गु
द्वाद	म	शु	श	मं	म	सू	गु

अब पंचमांश का उदाहरण कहते हैं रवि सम राशिके दूसरे पंचमांशमें वर्तमान है इस कारण समराशि का दूसरा पँचमांश पति शुक्र है तो यहां पँचमांश पति हुआ, अब षष्ठांश उदाहरण कहते हैं स्पष्ट सूर्य ९।७।३०।६ यहां राशि को ३० से गुणा किया और ७ अंश जोड़ दिये तो २७७।३०।६ इसको ६ से गुणा किया तो १६६५।०।३६ यह ध्रुवाङ्क हुआ इसमें ३० तीस का भाग दिया तो लब्ध ५५ हुए इसमें १ मिला दिया तो ५६ हुए इसमें १२ का भाग दिया शेष ८ लिये मेष से आठवीं राशि मेष है मेष का स्वामी मङ्गल है तो मङ्गल षष्ठमांश पति हुआ इसी प्रकार सप्तमांश पति का उदाहरण भी जानो ।

अथ द्वादशवर्गफलमाह ।

एवं द्वादशवर्गीस्याद् ग्रहाणां बलसिद्धये ।
स्वोच्चमित्रशुभाच्छ्रेष्ठा नीचारिक्रूरगोऽशुभा ॥ ४५ ॥

भाषार्थः—अब द्वादशवर्ग फल को कहते हैं, इस प्रकार ग्रहोंके बलकी सिद्धि के लिये द्वादशवर्ग होते हैं यह ग्रह अपने उच्च मित्र शुभोंके वर्गमें श्रेष्ठ फलको देने वाला

होती है और सौम्य ग्रह पापवर्ग की अशुभ फलकी देनेवाली होती है अर्थात् जिस ग्रह की द्वादशवर्गी करनी हो वह अपने गृहादिक व स्ववर्ग अथवा शुभ ग्रह के वर्ग में विराजमान हो तब वह ग्रह शुभ फल का देने वाला जानना, और यदि वही ग्रह सौम्य वर्ग व क्रूर वर्ग अथवा पाप ग्रहों के वर्ग में विराजमान हो तब वह अशुभ फल का देने वाला जानना ॥ ४५ ॥

द्वादशवर्गी शुभ व पापग्रहों के फलों का निरूपण।

एवं ग्रहाणां शुभपापवर्गपंक्तिद्वयं वीक्ष्य शुभादिकत्वे।
दशाफलं भावफलञ्च वाच्यंशुभं त्वनिष्टं त्वशुभाधिकत्वे ॥४६॥

भावार्थ—पूर्वोक्त प्रकार से ग्रहों के शुभ व पापवर्गों की दोनों पंक्तियों को देखे शुभग्रह अधिक हों तो दशाओं और भावों का फल शुभ कहना चाहिये और जो पापग्रह अधिक हों तो दशाओं और भावों का फल अशुभ कहना चाहिये अर्थात् पूर्वोक्त प्रकार से ग्रहों की द्वादशवर्गी करे और शुभ ग्रहों की संख्या अलग लिखे पापग्रहों की संख्या अलग लिखे फिर दोनों पंक्तियों का अन्तर करे यदि अन्तर करने से शुभ ग्रह अधिक होवें तो उस ग्रहकी दशाका फल और भावों का फल शुभ जानना और जो पाप ग्रह अधिक हों तो दशा का फल, भाव का फल अशुभ फल जानना ॥ ४६ ॥

ग्रह भेद से और सौम्य पाप ग्रहों के भेद से फल का तारतम्य।

क्रूरोऽपि सौम्योऽधिक वर्गशाली शुभोऽतिसौम्यःशुभखेचरश्चेत्।
सौम्योपि पापाधिकवर्गयोगान्नेष्टोऽतिनिंद्यःखल पापखेटः ॥४७॥

भावार्थः—जिस ग्रह की द्वादशवर्गी करनी हो जो वह पाप ग्रह भी होवे परन्तु द्वादशवर्गी में अच्छे ग्रहोंके अधिक वर्गों से युक्त होवे तो अच्छे फल का देने वाला होता है और जो शुभ ग्रह द्वादशवर्गी में शुभ ग्रहों के अधिक वर्गों से युक्त होवे तो वह अत्यन्त अच्छे फल का देने वाला होता है तथा यदि शुभ ग्रह भी द्वादशवर्गी में पापग्रहों के अधिक वर्गों से युक्त होवे तो वह अशुभ फल का देने वाला होता है और यदि पापग्रह द्वादशवर्गी में पापग्रहों के अधिक वर्गों से युक्त होवे तो वह अत्यन्त दुष्ट फल का देने वाला होता है ॥ ४७ ॥

द्वादश भावों में शुभाशुभ फल का वर्णन ।

राशीश मित्रोच्चरिपुक्रमेण चिंत्यं तनोरप्यनयेव रीत्या ।
भावेषुसर्वेष्वपि वर्गचक्रं विलोक्य तत्तफलमूहनीयम् ॥ ४८ ॥

भाषार्थः—अब १२ भावों के शुभ और अशुभ फल का वर्णन करते हैं, लग्न का भी इस रीति से शुभ ग्रह व पापग्रह अधिक वर्गों से शुभ या अशुभ फल का विचार करना चाहिये, यथा लग्न शुभ ग्रहों के अधिक वर्गों से होवे तो शुभ फल जानना, अथवा लग्न स्वामी शुभ ग्रह होकर मित्र के घर में व अपने घर में व अपने उच्च के स्थान में विद्यमान होवे तो वह शुभ फल को देता है यदि लग्न का स्वामी सम घर में हो तो शुभ व अशुभ फल सामान्य होते हैं और यदि लग्न पापग्रह के अधिक वर्गों से युक्त हो अथवा लग्न का स्वामी पापग्रह होकर शत्रु घर में व नीच स्थान में स्थित होवे तो वह अशुभ फल को देता है, ऐसे ही सब भावों में द्वादशवर्गी करे फिर उसको देखकर उन भावों के शुभ व अशुभ फल इसी रीति करके विचार करना, और कथन करना चाहिये ॥ ४८ ॥

लग्न से विचारने का विषय ।

शरीर वर्णचिन्हायुर्वयोमानं सुखासुखम् ।
जातिःशीलं च मतिमांल्लग्नात्सर्वं विचिन्तयेत् ॥ ४९ ॥

भा०—प्रश्न लग्न व जन्म लग्न से शरीर सम्बन्धी सब विचार करे, जैसे शरीर की दुर्बलता व पुष्टता व रक्त श्वेत आदि वर्ण व मशकादि चिन्ह जीवन, बालक, यौवन, वृद्धपन, सुख, दुःख, ब्राह्मणादि जाति, आचरण इन सभों को बुद्धिमान पण्डित लग्न से विचार करे ॥ ४९ ॥

धन भाव और तृतीय भाव से विचारणीय विषय ।

सुवर्णरूप्यरत्नानि धातुद्रव्यं सखा धने ।
विक्रमे भ्रातृभृत्यादिपित्र्यस्वल्पनमाहमम् ॥ ५० ॥

भा०—सोना, चांदी, रत्न, पित्तलादि धातु, कांस्य आदि द्रव्य मैत्री [illegible] का धन भाव में चिन्तवन करे, [illegible] वा, [illegible] पराक्रम [illegible]

कार्य, कार्योंका निर्णय, मालम कर लेना विचार करके कर डालना) इन सबों का विचार करै ॥ ५० ॥

चतुर्थ और पंचम भाव मे विचारणीय विषय ।

पितृवित्तनिधिक्षेत्रं गृहं भूमिश्चतुर्गतः ।
पुत्रे मंत्रधनोपायगर्भविद्यात्मजेक्षणम् ॥ ५१ ॥

भा०—पिता का द्रव्य, गड़ी हुई द्रव्य (खजानादि) खेत आदि, पृथिवी लाभ, इन सबोंका विचार चौथे भाव से करना. पांचवें घर से मन्त्र (गुप्त संभाषण) धन लाभका उपाय, गर्भ, विद्या आदि, पुत्र लाभ, इन सबों का अवलोकन करै ॥ ५१ ॥

छठे और सातवें भाव मे विचारणीय विषय ।

रिपौ मातुलमान्द्यारिचतुष्पाद्भयभीक्षणान् ।
द्यूने कलत्रवाणिज्यनष्टविस्मृतिसंकथा ॥
हृताध्वकलिमार्गादि चिन्त्यं द्यूने ग्रहोऽशुभः ॥५२॥

भा०—अब छठे या सातवें भाव में क्या विचारना चाहिये सो लिखते हैं मामा, रोग, दुश्मन, गाय, आदि चौपाये, पराधीनता, नाचरण से भय, पाप, इन सबोंका विचार छठे भाव से करना । सातवें घरसे, स्त्री, व्यापार, नष्टवस्तु विस्मरण होना, हरी हुई द्रव्य के मार्ग का विचार, कलह, यात्रा आदि, इन सबोंका विचार करना, सातवें, घरमें शुभ व पाप कोई ग्रह विद्यमान होवे तो अशुभ फलका देने वाला होता है ॥ ५२ ॥

आठवें भाव से विचारणीय विषय ।

मृत्यौ चिरंतनं द्रव्यं मृतवित्तं रणं रिपुः ।
दुर्गस्थानं मृतिर्नष्टं परीवारो मनोव्यथा ॥ ५३ ॥

भा०—आठवें घर में बहुत कालका द्रव्य, मरे हुये का धन, संग्राम, दुश्मन, कोटस्थान (किला आदि) मरना, वस्तुका नष्ट होना कुटुम्ब मनकी व्यथा (पीड़ा) इन सबोंका विचार करै ॥ ५३ ॥

नवें और दसवें भाव से विचारणीय विषय ।

धर्मेरतिस्था पंथा धर्मोपायं विचिन्तयेत् ।
व्योम्निमुद्रां परं पुण्यं राज्यं वृद्धिं च पैतृकम् ॥ ५४ ॥

भा०—नवम भाव में, रमण करना, तथा यात्रा का विचार, धर्म साधन, इन सर्वोंका चिन्तवन, करे, दशमें भवन में मुद्रा (राज मुद्रा) परम पुण्य, राज्य, भाग्य वृद्धी, पितृ सम्बन्धी विचार इन सर्वोंका चिंतवन करै ॥ ५४ ॥

ग्यारहवें और बारहवें भाग का विचारणीय विषय ।

आये सर्वार्थधान्यार्धं कन्यामित्रचतुष्पदः ।
राज्ञोवित्तं परीवारो लाभोपायांश्च भूरिश ॥ ५५ ॥
व्यये वैरिनिरोधार्ति व्ययादि परिचिन्तयेत् ॥ ५६ ॥

भा०—ग्यारहवें घरमे सब द्रव्योंका प्रयोजन, धान्यका मोल्य, कन्या, मित्र, चौपाये, राज द्रव्य कुटुम्ब विचार बहुत प्रकार के लाभ होने के उपाय इन सर्वोंका चिन्तवन करे ॥ ५५ ॥

बारहवें घर में दुश्मनों द्वारा किया हुआ अपराध, धनी पीडा खर्च आदि इन सर्वोंका विचार करना चाहिये ॥ ५६ ॥

बलिष्ठ ग्रह के लक्षण ।

लग्नाम्बुद्यूनकर्माणि केन्द्रमुक्तं च कंटकम् ।
चतुष्टयं चात्रखेटो बली लग्ने विशेषतः ॥ ५७ ॥

भा०—पहला, चौथा, सातवां दशवां इन स्थानों को केन्द्र, कंटक और [illegible] कहते हैं, इन केन्द्र मे स्थित ग्रह बलवान जानना तहां चौथे सातवें दशवें स्थान की अपेक्षा लग्न मे स्थित ग्रह अधिक बलवान होता है ऐसा [illegible] ॥ ५७ ॥

ग्रह के शुभ स्थानों तथा बलिष्ठ योगका वर्णन ।

लग्नकर्मास्तचतुर्थाय सुतांकस्थो बली ग्रहः ।
यथोदितं विशेषेण मुथिशिलेषु चन्द्रमाः ॥ ५८ ॥

भा०—लग्न, दशवां सातवां चौथा ग्यारहवां पांचवां और नवांइन-[illegible] बलवान होता है —तहा भी आदिम स्थानों को उल्लंघन [illegible] की अपेक्षा पूर्व मे स्थित ग्रह अतिशय करके बल[illegible] ग्रह बलवान है उसकी अपेक्षा [illegible] है, [illegible] ग्रह की अपेक्षा ग्यारहवें

उससे अधिक पांचवें, तिससे अधिक सातवें घर में उससे अधिक दसवें, और उससे अधिक लग्न में स्थित ग्रह बलवान जानना, यह सम्पूर्ण ग्रहों का सामान्य प्रकार से बल कहा गया, अब चन्द्रमा का विशेष बल कहते हैं, दूसरे स्थान में चन्द्रमा बलवान होता है, उससे तीसरे, तीसरे से नौवें, नौवें से पांचवें पांचवें से ग्यारहवें इत्यादि क्रम से चन्द्रमा का बल जानना, ॥ ५८ ॥

मंगल के बल का वर्णन ।

कुजाः सन्धिषु पृच्छायां सूतौ चाब्दे वितन्वेत् ।
भावानन्तरं शस्तास्युरिष्फाष्टरिपवोऽशुभा ॥
दीप्तांशानतिक्रमेणास्ता इमेपीति विचिन्तयेत् ॥ ५९ ॥

भा०—सन्धि पर स्थित पूर्वोक्त भावों में यथाक्रम से मंगल बलवान होता है, एवं प्रश्न समय, जन्म समय, तथा वर्ष प्रवेशादिकों में इन स्थानों में स्थित ग्रह को विचारण करें, इस प्रकार तत् भाव श्रेष्ठ फल के देने वाले होते हैं और ग्रहों से युक्त बारहवां, आठवां, छठा भाव अशुभ फल देने वाले जानने यदि यही भाव स्थित ग्रहों के दीप्तांशों को उल्लंघन कर विद्यमान हों तो शुभ फल को देते हैं यदि भी यदि दीप्तांशों के मध्य में विराजें, तो आगमत फल के देने वाले नहीं होंगे यह सिद्धान्त जानना ॥ ५९ ॥

मेषादि बारह राशियों में त्रिराशिपों का वर्णन ।

त्रिराशिपाः सूर्यसिताकिंशुक्रा दिने निशीज्येन्दुबुधक्षमाजाः ।
मेषाच्चतुर्णां हरिभाद्विलोमं नित्यं परेष्वार्किकुजेज्यचन्द्राः ॥ ६० ॥

भा०—दिन में वर्ष प्रवेश होवे तो मेषादि चार राशियों के सूर्य शुक्र शनि और शुक्र यह त्रिराशिप होते हैं, और रात्रि में मेषादि चार राशियों के बृहस्पति चन्द्रमा, बुध मंगल त्रिराशिप होते हैं और सिंह आदि चार राशियों में इससे विपरीत त्रिराशिप जानना यथा दिन में वर्ष प्रवेश होने में सिंह आदि चार राशियों के स्वामी गुरु चन्द्र बुध मंगल जानना और रात्रि सिंह आदि ४ राशियों के सूर्य शुक्र शनि शुक्र त्रिराशिप होते हैं, और सदा अर्थात्

अथ त्रिराशिपचक्रम्

रा.	मे	वृ	मि	क	सिं	क	तु	वृ	ध	म	कु	मी
दिने	सू	शु	श	शु	बु	मं	गु	मं	श	मं	सू	चं
रात्रौ	बु	चं	गु	मं	सू	शु	श	शु	श	मं	[illegible]	चं

चाहे दिन हो चाहे रात्रि धन आदि चार राशियों के शनि, मंगल, बृहस्पति और चन्द्रमा यह त्रिराशिप होते हैं इसको स्पष्ट जानने के अर्थ त्रिराशिप चक्र भी लिख दिया है।

पूर्वोक्त त्रिराशि पतियों का प्रयोजन ।

वर्षेशार्थं दिननिशा विभागोक्तास्त्रिराशिपाः ।
पञ्चवर्गी बलाद्यर्थं द्रेष्काणेशान् विचिन्तयेत् ॥ ६१ ॥

भा०—दिन व रात्रि के विभाग से वर्षेश जानने के अर्थ त्रिराशि पतियों को कहा है, और पंचवर्गी बलादिकों अर्थ पूर्वोक्त द्रेष्काण स्वामियों का चिन्तवन करे ॥ ६१ ॥

वर्षेश निर्णय के लिये पंचाधिकारी ।

जन्मलग्नपतिरब्दलग्नपो मुन्थहाधिप इति त्रिराशिपः ।
सूर्यराशिपतिरह्निचन्द्रमाधीश्वरोनिशि विमृश्यपञ्चकम् ६२

भा०—(१) जन्म लग्न का स्वामी (२) वर्ष लग्न का स्वामी (३) मुन्था का स्वामी (४) त्रिराशिप (५) दिन में वर्ष प्रवेश हो तो सूर्य राशि का स्वामी और रात्रि मे वर्ष प्रवेश हो तो चन्द्रमा की राशि का स्वामी ये ही पांचों वर्ष पति होने के अधिकारी हैं, ॥ ६२ ॥

वर्षेश निर्णय ।

वर्गाय एषां तनुमीक्षमाणां सवर्षपो लग्नमनीक्षमाणः ।
नैवाब्दपोदृष्ट्यतिरेकतः स्याद्बलस्य साम्ये विदुरेव माद्याः ॥ ६३ ॥

भा०—इन पंचाधिकारियों का दृष्टि बल व पंचवर्गी बल को देखकर वर्षेश का निर्णय करते हैं, पूर्वोक्त इन पांच अधिकारियों के मध्य में जो ग्रह पञ्चवर्गी के द्वारा बलवान होकर लग्न को देखता हो उसको वर्ष का स्वामी [illegible] और लग्न को नहीं देखे तो वर्ष पति नहीं होता है और जो पञ्चाधिकारी [illegible] बल बराबर हो तो लग्न पर जिसकी दृष्टि अधिक हो उसको [illegible] है ॥ ६३ ॥

[illegible] लग्न में कौन वर्षेश होगा इसकी आशंका ।

[illegible] निर्बलत्वे वर्षाधिपःस्यान्मुथहेश्वरस्तु ॥
[illegible] तनुमीक्षमाणां वीर्याधिको [illegible] विमुर्विचिन्त्यः ६४

भा०—पूर्वोक्त पांचों पदाधिकारियों की दृष्टि लग्न पर अगर हो और न उन में एक भी बलवान हो, अथवा पांचों निर्बली होवें तो चन्द्रराशि स्वामी वर्षेश होता है यदि जो पांच अधिकारियों में कोई भी लग्न को नहीं देखता हो, तो उनमें जो अधिक बलवान् हो वही स्वामी निश्चय करना चाहिये ॥ ६४ ॥

अन्य आचार्यों के मत में दृष्टि बलकी समता का वर्णन ।

बलादिसाम्ये रविराशिपोऽह्नि निशीन्दुराशीऽडिति केचिदाहुः ।
येत्थशालोऽब्दविधुःशशी न वर्षाधिपश्चन्द्रमपोऽन्यथात्वे ॥६५॥

भा०—पांचों अधिकारियों का बलादिकों में बल समान है, तथा दृष्टि लग्न पर समान दृष्टि हो तो ऐसी अवस्था में दिन में वर्ष प्रवेश होने से सूर्य स्थित राशिका स्वामी वर्षेश जानना रात्रि में वर्ष प्रवेश हो चन्द्रमा जिस राशि पर स्थित हो उस राशिका स्वामी वर्षेश्वर जानना चाहिये, ऐसा कोई आचार्य कहते हैं जो वर्ष का स्वामी किसी प्रकार से चन्द्रमा हो तो चन्द्रमा जिस ग्रह के साथ इत्थशाल करता हो वह वर्षेश जानना अन्यथा (इत्थशाल के अभाव होने से) अर्थात् चन्द्रमा किसी ग्रह के साथ इत्थशाल न करता हो तो चन्द्रमा जिस राशि पर स्थित हो उस राशिका स्वामी वर्षेश जानना चाहिये ॥ ६५ ॥

मुन्था के जानने के प्रकार का वर्णन ।

स्वजन्मलग्नात्प्रतिवर्षमेकैकराशिभोगान्मुथहाभ्रमेण ।
स्वजन्मलग्नं रविनिघ्नयातशरद्युतं साभमुखेन्थिहास्यात्॥६६॥

भा०—अपनी जन्म लग्न से प्रत्येक वर्ष एक एक राशि भोग करता हुआ मुन्थहा परिभ्रमण करता है, जैसे जन्म समय कन्या लग्न है, तो प्रथम वर्ष में मुन्था कन्या राशि पर जानना दूसरे वर्ष में तुला राशि पर तीसरे वर्ष वृश्चिक पर इत्यादि बहुत वर्ष संख्या होने से मुन्था के लाने का प्रकार सरलता से कहते हैं, कि जन्म समय जो लग्न हो उसकी संख्या में गत वर्ष संख्या को जोड़ देवे अनन्तर उसमें बारहका भाग देने से जो शेष अङ्क रहे उसी संख्या वाली राशि पर मुन्थहा की स्थिति जानना, (गताब्दसमाजन्मलग्ने योज यित्वा ततःपरम् । द्वादशैर्विभजेच्छेषं मुन्था वदेद्बुधः) अर्थात् गत वर्षों को,

जन्म लग्न को जोड़कर १२ का भाग लेने से शेष राशि पर मुन्थहा की स्थिति पंडितों ने कही है ॥ ६५ ॥

मुंथहा जानने का उदाहरण ।

जन्मलग्नराश्यादि ५।१०।५३।५० इसमें गतवर्ष संख्या ३७ को जोड़ दिया तो ४२।१०।५३।५० हुये बारह का भाग लेने से शेष राश्यादि ६।१०।५३।५०। अंक हुये तो यहां कन्यागत तुला राशि पर मुंथहा १० अंश ५३ कला ५० विकला में जानो।

राहु के मुख पीठ व पृंछ के लक्षण ।

भोग्याराहोर्लवास्तस्य मुखं पृष्ठं गता लवाः ।
ततः सप्तमभं पुच्छं विमृश्येति फलं वदेत् ॥ ६७॥

भावार्थ-राहु जिस राशि में स्थित होवे उसके भोग्य अंश मुख संज्ञक कहे जाते हैं तथा उस राहु से सातवीं राशि पृच्छ संज्ञक है, यह विचार कर मुंथहा के फल को कहै ॥ ६७ ॥

अथ वर्षेश निर्णय का उदाहरण ।

अब वर्षेश निर्णय का उदाहरण करते हैं तहां इस वर्ष में जन्म लग्न का स्वामी मंगल, मुंथा [illegible] स्वामी [illegible], [illegible] [illegible] [illegible]

पंचाधिकारिणः

र	च	मु	त्रि	मु
ल	ल	म	रा	रा
प	प	प	प	प
र	म	गु	म	श
७	४	१०	८	१५
[illegible]	४	७	३	१८

वर्षेश निर्णय । एषां पंचाधिका रीणां मध्ये लग्नं क्षमाणः त्याहत्ला [illegible] वर्षेशो शनिः वर्ष [illegible] ।१४।

[illegible] स्वामी [illegible] इन पांचों अधिकारियों में सबसे अधिक पंच [illegible] १५।१८ है और लग्न को पूर्ण दृष्टि से देखता है, इस [illegible] पंचाधिकारियों में लग्नको देखने और अधिक बली होने से वर्ष [illegible] है।

[illegible] का [illegible] ।

[illegible] पंचाधिकारिणां ग्रहाणां बलसंयुतम् ।
[illegible] [illegible] [illegible] ॥ ॥

भा०-यह वर्ष जिसने लिखा है सो कहते हैं—पूर्वोक्त इन पंचाधिकारियों के विंशा फल को जोड़ देने से उसका भाग देवे भाग लेने से जो लब्ध अङ्क हो वह वर्ष विंशा फल पंडितों ने कहा है ॥ १ ॥ जैसे पूर्वोक्त पंचाधिकारियों के पंचवर्गी विंशाबल को जोड़ देने से अंक संख्या ४८।४५ में ५, का भाग देने से लब्ध ९।४५ यह विंशा हुए, अर्थात् इतने ९।४५ विंशा वर्ष जानना ॥ १ ॥

श्रीगर्गान्वयभूषणो गणितविच्चिन्तामणिस्तत्सुतोऽनन्तोऽनन्तमतिर्व्यधात्खलमतिध्वस्त्यै जनुःपद्धतिम् । तत्सूनुः खलु नीलकंठविबुधो विद्वच्छिवानुज्ञया सतुष्ट्यै व्यदधद् ग्रहप्रकरणं संज्ञाविवेकेऽमलम् ॥६८॥

अन्वयः—श्रीगर्गान्वयभूषणः (श्रीगर्गाचार्यवंशे श्रेष्ठः) गणितवित् (गणितं वेत्तीति गणितवित् ज्योतिःशास्त्रवित्) चिन्तामणिरिति नाम्ना कश्चिद्दैवज्ञ तत्सुतः) अनन्तमतिः (अनन्तगुणसम्पन्नमतिः) अनन्तनामा खलमतिध्वस्त्यै (दुष्टमतनिराकाराय) जनुःपद्धतिं (उत्पन्नबालकस्य जन्मकालमधिकृत्य शुभाशुभनिरूपकं शास्त्रम्) व्यधात् (कृतवान्) खलु (निश्चयेन) तत्सूनुः (तस्य पुत्रः) नीलकण्ठविबुधः विद्वच्छिवानुज्ञया सन्तुष्ट्यै (सतां सन्तोषाय) संज्ञाविवेके संज्ञातन्त्रे अमलं (निर्मलं) ग्रहप्रकरणं व्यदधत् रचितवानित्यर्थः ॥६८॥

इति श्रीदैवज्ञानंतसुतनीलकंठदैवज्ञविरचितायां नीलकण्ठ्यां
संज्ञातन्त्रे ग्रहप्रकरणं प्रथमम् ॥ १ ॥

भा०—श्रीगर्गाचार्य के वंशमें श्रेष्ठ, गणित शास्त्र के जानने वाला चिन्तामणि नाम कोई पंडित हुआ उन्हीं के पुत्र अनन्तगुणों से सम्पन्न मति वाले अनन्तनामक ने दुष्टों के मत को दूर करने के अर्थ जातक शास्त्र को रचा तिस अनन्त दैवज्ञकेपुत्र विशेष विद्यावाले नीलकंठ नामक विद्वान ने शिवजीकी आज्ञा से सज्जनों के संतोष के अर्थ संज्ञातन्त्र में सुन्दर ग्रहप्रकरण को रचा ॥६८॥

इति श्रीवंशबरेल्या ज्योतिर्वित्पंडित नारायणप्रसाद कृतायां ।
नीलकंठताजिकग्रंथे नारायणीभाषाटीकायां संज्ञातन्त्रे ग्रहप्रकरणं प्रथमम् ॥१॥

अथ द्वितीयप्रकरण प्रारभ्यते ॥ २ ॥

सूर्य के स्वरूप का वर्णन।

सूर्यो नृपो नाचतुरस्रमध्यं दिनेद्रदिक् स्वर्णचतुष्पाग्रः।
सत्वं स्थिरस्तिक्तपशुक्षितिस्तु पित्तं जरत् पाटलमूलवन्यः १

भा०—सूर्य क्षत्रियवर्ण पुरुषराशि, चौकोनस्वरूप, मध्यान्ह समय में बलवान, पूर्व दिशा का स्वामी, सुवर्ण का ईश, तथा चौपाये हाथी घोड़ा आदि का प्रभु क्रूर, सतोगुण, स्थिर स्वभाव, तीखा रस प्रिय जिसको, पशुभूमिचारी, पित्तप्रकृति, वृद्धावस्था, पाटल (लाल सफेद मिला) वर्ण, मूल से उत्पन्न धान्यादिकों का अधिष्ठाता, वनचारी जानना, यह सूर्य का स्वरूप कहा।

चन्द्रमा के स्वरूप का वर्णन।

वैश्यः शशी स्त्री जलभूस्तपस्वी गौरोपराह्णमुदधातुसत्त्वम् ।
वाय्वादिक्श्लेष्मभुजंगरूप्यस्थूलो युवा क्षारशुभः सिताभः ॥२॥

भावार्थ—वैश्यजाति, स्त्रीसंज्ञक, अथवा स्त्रियों का प्रिय, गीली भूमि में गमन करने वाला, तपस्वी, गौरवर्ण, पराह्णकाल में बलवान, जलचारी कांस्य [illegible] आदि धातुओं का स्वामी, सतोगुणी, वायुदिशा का स्वामी, कफप्रकृति [illegible] का ईश, [illegible] आदि धातुओं का स्वामी, पुष्टशरीर, युवा अवस्था, लवण रस का स्वामी शुभग्रह, [illegible] वर्ण, तथ उज्वलकान्ति ऐसा चन्द्रमा का स्वरूप [illegible] ॥ २ ॥

मंगल का स्वरूप।

भौमो नरः [illegible] मध्यान्हधातुर्यमदिक्चतुष्पात ।
[illegible] स्वर्ण [illegible] दग्धावर्नाव्य [illegible] चरक्तः ॥ ३॥

[illegible] पित्तप्रकृति, युवा अवस्था [illegible] बलवान, धातुओं का स्वामी, दक्षिण दिशा का [illegible] संज्ञक, क्षत्रिय वर्ण, चौकोन, [illegible] करने वाला, दृढ अंगवाला, [illegible] ऐसा मंगल का स्वरूप जानना। ३।

बुधका स्वरूप ।

ग्राम्यःशुभो नीलसुवर्णवृत्तः शिश्वष्टिकोन्नः समधातुजीवः ।
श्मशानयोरुत्तरदिग्प्रभातंशूद्रः खगः सर्वरसो रजोज्ञः ॥ ४ ॥

भा०—ग्राम में रहने वाला, शुभ नीलवर्ण, सुवर्ण आदि द्रव्यों का स्वामी गोल आकार, बाल अवस्था, दूर्वा हरी भूमि में विचरने वाला वात पित्त कफात्मक, मनुष्यादि जीवोंका प्रभु श्मशान भूमिचारी शीर्षोदय, उत्तरदिशा का स्वामी, प्रातःकालमें बलिष्ठ, शूद्रवर्ण, पक्षियोंका प्रभु, मधु आदि सम्पूर्ण रसोंका स्वामी, रजोगुण, ऐसा बुधका स्वरूप जानना चाहिये ॥ ४ ॥

बृहस्पति का स्वरूप ।

गुरुः प्रभाते कृशुभेशदिग्द्विजः पीनो द्विपाद् ग्राम्यसुवृत्तजीवः ।
वाणिज्यमाधुर्यं सुरालयेशो वृद्धः सुरत्नं समधातुसत्त्वम ॥५॥

भा०—बृहस्पति प्रातःकाल में बलवान्, पुरुष ग्रहक, शुभग्रह, ईशानदिशा का स्वामी, ब्राह्मणवर्ण, पीतवर्ण, द्विपद जीवोंका स्वामी, ग्रामचारी, गोल आकार, मनुष्यादि जीवोंका अधिपति, वणिज कर्मका कर्ता, मधुरप्रिय, देवालय स्वामी, वृद्धावस्था, सुन्दर रत्नों का स्वामी, वात पित्त कफात्मक, सतोगुणी जानना ॥ ५ ॥

शुक्र का स्वरूप ।

शुक्रः शुभः स्त्रीजलगोपराह्णः श्वेतः कफीरूप्यरजोऽम्लमूलम् ।
विप्रोऽग्निदिङ्मध्यवयोरतीशो जलावनिस्निग्धरुचिर्द्विपाच्च ॥६॥

भा०—शुभ संज्ञक, स्त्री, ग्रह, जलचारी, पराह्ण कालमें बलवान् सफेद वर्ण, कफ प्रकृति, रूप्य आदि द्रव्योंका स्वामी, रजोगुणी, खट्टे रसों का अधिपति, मूलसे उत्पन्न धान्य आदिकोंका स्वामी, ब्राह्मण जाति, आग्नेय दिशाका स्वामी; युवा अवस्था, सुरत क्रीडाका ईश, जलवाली पृथिवी का स्वामी, चिकनी कांति वाला, द्विपद (मनुष्यादि) का प्रभु ऐसा जानना ॥ ६ ॥

शनि का स्वरूप ।

शनिर्विहङ्गोऽनिलवन्य सन्ध्याशूद्रांगनाधातुसमः स्थिरश्च ।
क्रूरः प्रतीचीतुवरोऽतिवृद्धोत्करच्चितोट् दीर्घसुनीललोहम् ॥७॥

भा०—पक्षियों का स्वामी, वायुचारी, वनवासी, सन्ध्या समय बलवान्, शूद्रजाति, स्त्री संज्ञक, धातुसमान (वात पित्त कफात्मक) स्थिर स्वभाव, क्रूर, पश्चिम दिशाका स्वामी, अतिवृद्ध (बहुत बूढा) ऊसर भूमि का स्वामी, लम्ब आकार वाला, बहुत कालारङ्ग, लोह धातुका प्रभु, यह शनिश्चरका स्वरूप है ॥ ७ ॥

राहु केतु का स्वरूप ।

राहुस्वरूपं शनिवन्निपादजातिभुजंगोऽस्थिपनैर्ऋतीशः ।
केतुः शिखी तद्वदनेकरूपः खगस्वरूपात्फलमूह्यमित्थम् ॥८॥

भा०—राहुका स्वरूप शनैश्चर के स्वरूप के समान है, परन्तु विशेषता इतनी है कि राहु चांडाल जाति, सर्पोंका स्वामी, हाडोंका प्रभु, नैर्ऋत्य दिशा का स्वामी है । और केतु बडी पूंछवाला, अथवा चोटीदार, नाना स्वरूप को धारण करने वाला है, इस प्रकार ग्रहोंका स्वरूप वर्णन किया, ग्रहों के स्वरूप से फलको कहना चाहिये ॥ ८ ॥

ग्रहों की दृष्टि ।

दृष्टिः स्यान्नव पंचमेबलवतीप्रत्यक्षतः स्नेहदा ।
पादोनाखिलकार्यसाधनकारी मेलापकाख्योऽयते ॥
गुप्तस्नेहकरी तृतीयभवने कार्यस्य संसिद्धिदा ।
त्र्यंशोना कथिता तृतीयभवने षड्भागदृष्टिर्भवेत् ॥ ६ ॥

भा०—इस ताजिक शास्त्रमें ४ चार प्रकार की दृष्टि होती है १ प्रत्यक्ष स्नेह, २ गुप्तस्नेह, ३ गुप्त वैर ४ प्रत्यक्ष वैर, प्रथम प्रत्यक्ष स्नेह यह है कि [illegible] ग्रह जिस स्थान में स्थित होवे उस स्थान से नवमें और पांचवें स्थान में [illegible] ग्रहको देखता है वह दृष्टि बलयुक्त प्रत्यक्ष प्रीति की देने वाली [illegible] अर्थात् [illegible] करानेवाली सम्पूर्ण कार्यों की सिद्धि [illegible] प्रत्यक्ष प्रीति की करने वाली दृष्टि [illegible] दृष्टि कहते हैं, कि जिस स्थान में [illegible] स्थित ग्रहको देखता है वह दृष्टि गुप्त [illegible] की करने वाली और कार्यों की [illegible] सिद्धि देने

होती कही है, यह दृष्टि तीसरे ग्यारहवें स्थान में प्रत्यक्ष अर्थात् चालीस कलावाली दृष्टि जानना, यहाँ दृष्टि ग्यारहवें घरमें एक कलाकी वाली पड़ती है ॥ ९ ॥

दृष्टिः पादमिता चतुर्थदशमे गुप्तारिभावास्मृताऽन्योन्यं ।
समसमे नवमैकभवने प्रत्यक्षवैराऽखिला ॥
दृष्टं हन्त्यखिलं शुभाढ्यमिदं कार्यस्य विध्वंसदं ।
संग्रामादिकलिप्रदं द्रष्टा दृगाः स्युर्द्वादशांशान्तरे ॥ १० ॥

भा०—जिस स्थान में ग्रह स्थित है उस स्थान से चौथे और दशवें स्थान में स्थित ग्रह को देखता है, सो गुप्त रिपु दृष्टि चौथाई अर्थात् पन्द्रह कला वाली कही है, और सातवें व पहले घरमें स्थित ग्रह जिसको देखता है यह दृष्टि प्रत्यक्ष वैरकी जानने वाली साठकलाओं वाली होती है, यह दृष्टियों का कुशील कर सम्पूर्ण शुभ कामों का नाश करने वाली कार्य का विध्वंसक, संग्राम आदि कलह कारक कलेशों की देने वाली हैं, यदि द्रष्टा और दृश्यका अन्तर बारह भागों से ज्यादह न हो तो ये दृष्टियाँ जैसा फल कहा है उसको देने वाली होती हैं, अन्यथा द्रष्टा और दृश्यका अन्तर यदि बारह भागों से अधिक होगा तो ये दृष्टियाँ यथोक्त फलको देने वाली नहीं होंगी ॥ १० ॥

गणितागत दृष्टि साधन ।

अपास्य पश्यन्निजदृश्यखेटादेकादिशेषे ध्रुवलिप्तिकाः स्यु ।
पूर्णं.खवेदा४०स्तिथयो१५ऽत्रवेदा४२खं.षष्टि६०रभ्रं.शरवेद४५सं.
तिथ्यः१५खचन्द्रा१०वियद्.अनकाः६०शेषांकयातैष्यविशेषघातात्
लब्धंखरामै ३० रधिकोनकैष्येस्वर्णंभुवेताऽस्फुटदृष्टिलिप्ताः॥१२॥

भा०—जो ग्रह देखता है वह द्रष्टा और जिसको देखता है वह दृश्य, कहाता है, यह देखकर द्रष्टा ग्रहको दृश्य ग्रहमें घटा देना, घटाने से जो राश्यादि शेष रहता है, उस एक आदि शेष में पूर्ण इत्यादिक ध्रुव अर्थात् स्थिर दृष्टि कला होता है, अर्थात् द्रष्टा से रहित दृश्य ग्रहके राशि स्थान में एक शेष रहै तो शून्य दृष्टि कला होती है, और दो शेष रहें तो चालीस, तीन शेष रहें तो पंद्रह, और चार शेष रहें तो पैंतालीस, पांच शेष रहे तो शून्य, छै शेष रहें तो साठ, सात शेष रहें तो शून्य, आठ शेष रहें तो पचालीस ॥ ११ ॥ नव

शेष रहे तो पन्द्रह, दश शेष तो दश, ग्यारह शेष रहें तो शून्य, बारह शेष रहें तो साठ यह दृष्टि कला है, शेष रहे अङ्क को यात और ऐष्य के अन्तर से गुणा करे अर्थात् द्रष्टा से रहित दृश्य ग्रहके राशि स्थान में जो अङ्क प्राप्त हो वह यात संज्ञक कहाता है और उसके आगे के अङ्क का ऐष्य संज्ञा कहा है, इन दोनों का अन्तर करे उसी अन्तर से शेष (बचे हुए) अंशों का गुणा करे फिर तीस का भाग लेने से जो लब्ध कलादिक हों उनको राशि स्थान के विषे प्राप्त हुए अङ्क में धन व ऋण करे, इस आशङ्का में कहते हैं कि जब आगे का ध्रुवा पहले ध्रुवा से अधिक होवे तब धन करे अर्थात जोड़ देवै, और कमती होवे तो ऋण करे अर्थात् घटा देवै, ऐसा करने से स्पष्ट दृष्टि लिप्ता (कला) होती है ॥ १२ ॥

अथ ग्रह दृष्टि साधन का उदाहरण ।

जैसे द्रष्टा चन्द्र राश्यादि ५।२२।९।४७ यह है और दृश्यसूर्य ९।७।३०।६ यह है, इसमे द्रष्टा को घटाया तो ३।१५।२०।१९ यह द्रष्टा से रहित दृश्य हुआ. इस राशि के स्थान में ३ अङ्क हैं, तीन के नीचे ध्रुवाङ्क १५ है और इसके आगे का ध्रुवाङ्क ४५ इसमें १५ को घटाया तो तीस हुए, इसी फरके शेष अंशों १५।२०।१९को गुणा किया तो ४६० ।३९।३० यह गुणनफल हुआ इसमें ३० को भाग लेने से १५।२०।१९ यह लब्ध हुआ इसको अग्रिम ध्रुव [illegible] के अधिक होने से १५ के मध्य में जोड़ [illegible] चन्द्रमा की यह ३०।२० [illegible] इसी प्रकार सम्पूर्ण ग्रहों [illegible] ॥१३॥

[illegible]

[illegible] सूर्यादि [illegible]

[illegible] ॥

[illegible] सूर्यादिदृष्टिसंज्ञकाः ।

अथ दृष्टिध्रुवांकाः सान्तरांकाश्चात्र लिख्यते ।

राशय	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
ध्रु.क.ला.	०	४०	१५	४५	०	६०	०	४५	१५	१०	०	६०
अन्तरांक	४०	२५	३०	४५	६०	६०	४५	३०	५	१०	६०	६०
ऋणधन	ध	ऋ	ध	ऋ	ध	ऋ	ध	ऋ	ध	ऋ	ध	ऋ

अथ ग्रहदृष्टियन्त्रम् ।

	सू	चं	मं	बु	गु	शु	श
सू	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
चं	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
मं	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
बु	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
गु	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
शु	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
श	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

चक्रे वामदृगुच्यते बलवती याम्याश्रया नेष्टफलाऽस्येक्षतेपि दृगुच्य-
तेऽर्धं जननान्यैके विदुः सूरयः ॥ १३ ॥

भाषार्थः—जो ग्रह जिस ग्रह को मित्र दृष्टि से यानी पांचवीं नौवीं ग्यारहवीं दृष्टि से देखता है वह ग्रह उसका मित्र जानना चाहिये और जो ग्रह शत्रु दृष्टि से जिस ग्रह को देखता है वह उसका दुश्मन जानना चाहिये अन्यथा अर्थात् मित्र और दुश्मन दृष्टि के अभाव में परिशेष से दूसरे, छठे, आठवें, बारहवें इन स्थानों में समता होती है यहां रोमक नाम आचार्य ने विद्वान् के मत से इसी वचन को प्रमाण माना है सो श्लोक पूर्व लिख चुके हैं, 'मित्रं दृशोऽरं समतामे बाहुल्य' इत्यादि । यद्यपि संपूर्ण स्थानों में गणितागत दृष्टि आती है तो भी यहां नहीं ग्रहण करना, कारण कि दृष्टि के अभाव में समता कही है, गणितागत दृष्टि के होने पर समता का अभाव ही होजायगा यह हेतु कितने ही आचार्य कहते हैं, वास्तव में यहां एक पांच सात और ग्यारह इन्हीं के अन्त तुल्य अंश इत्यादि अवयवों वाले ग्रहों की गणितागत दृष्टि का अभाव है तो समता हो नहीं सकती, जैसे ग्रह १।३।२०।५० यह चन्द्रमा है और ८।३।२०।५० यह दूसरा ग्रह है इन दोनों का अन्तर किया तो केवल ७ राशि ही शेष रहा मानके नीचे ध्रुवाङ्क ० है । यह सम्भव नहीं कि अंश कला विकलाओं करके तुल्य दृश्य और ग्रह मिलें इस कारण से सम दृष्टि अभाव स्वतः सिद्ध है और दूसरे ग्रन्थ में समता कहीं भी नहीं है, अब सूर्यादि ग्रहों के दीप्तांश वर्णन करते हैं सूर्य के दीप्तांश १५ चन्द्रमा के १२ मङ्गल के ८ बुध के ७ गुरु के ९ शुक्र के ७ शनैश्चर के ९ दीप्तांश हैं । अब दृष्टि में कुछ विशेषता को वर्णन करते हैं, लग्नादि १२ राशियों के चक्र में दक्षिण दृष्टि की अपेक्षा से वाम दृष्टि बलवती होती है, अर्थात् वाम स्थान में स्थित ग्रह की दृष्टि वामदृष्टि कही जाती है यहां मध्यमपदलोपी समास जानना चाहिये, वाम भागस्थ ग्रह की दक्षिण भागस्थ ग्रह के ऊपर जो दृष्टि वह बलवती कही है, लग्न को आदि के छठे स्थान पर्यंत दक्षिण भाग कहा है और सातवें घर से बारहवें घर पर्यन्त वाम भाग कहा है यही बृहज्जातक में कहा गया है । अब (चक्रे वामदृगुच्यते०) यहां कुछ उदाहरण कहते हैं, जैसे दसवें स्थानसे चौथे स्थान में जो दृष्टि है वह बलवती कही है अर्थात् दसवें घर में स्थित ग्रह की चौथे घर में स्थित ग्रह के ऊपर जो दृष्टि है वह बलवती

होती है और चौथे घर में स्थित ग्रह के ऊपर जो दृष्टि है वह निर्बल होती है यह अर्थ ही से सूचित होता है, तात्पर्य यह कि सातवें आदि बारहवें स्थान पर्यन्त आदि घरों में स्थित ग्रहों की लग्न आदि छठे पर्यन्त घरों में स्थित ग्रहों के ऊपर जो दृष्टि है वह बलवाली है, यह निर्दिष्ट अर्थ समझना चाहिये और ऐसा ही अर्थ समरसिंह ने भी किया है कि (वामदृष्टि) इस पदमें सप्तमी तत्पुरुष समास है, वाम में दृष्टि वामदृष्टि, दक्षिण में दृष्टि दक्षिण दृष्टि कहाती है अर्थात् दक्षिण भाग में स्थित ग्रहों की जो वाम भाग में स्थित ग्रहों के ऊपर दृष्टि है उसकी अपेक्षा के वाम भाग में स्थित ग्रहों के ऊपर जो दृष्टि है वह बलवती होती है, उदाहरण- जैसे (भुवेन्द्रोपरि दृष्टिमध्यात्सबलेति सर्वतोप्युत्तम्) दशम घर से चौथे घर पर जो दृष्टि है उसको बलवती कहते हैं, एवं सप्तम आदि द्वादश घर पर्यन्त घरों में स्थित ग्रहों की लग्न आदि षष्ठ पर्यन्त स्थित ग्रहों पर जो दृष्टि है वह बलवाली कही है, यह विद्वज्जनों करके विचारणीय है, ऐसा ही केशवदैवज्ञ ने भी कहा है कि (परार्द्धखगदृक प्राग्जार्द्धदृक्तो-ऽधिका) लग्न आदि षष्ठ पर्यन्त पूर्वार्द्ध, सप्तम आदि द्वादश पर्यन्त परार्द्ध है पूर्वार्द्ध दृष्टि से परार्द्ध दृष्टि बलवाली कही है यह सिद्धांत जानना, अब एक राशि में स्थित हुआ। इत्य इन दोनों की जो परस्पर दृष्टि वह आचार्यों की जानने वाली अर्थात् अत्यन्त लाभ पूर्वक शुभ फल को देने वाली जानना, ऐसा निश्चय ही ताजिक शास्त्र के जानने वाले पण्डितों ने कहा है ॥ १३ ॥

पूर्व कहे हुए दीप्तांशों का प्रयोजन।

पुरः पृष्ठे स्वदीप्तांशैर्विशिष्टं दृक्फलं ग्रहः।
दद्यादतिक्रमे तेषां मध्यमं दृक्फलं विदुः ॥ १४ ॥

भावार्थः—नवम आदि स्थानों में दृष्टि के होते हुए देखने वाला ग्रह अपने दीप्तांशों द्वारा आगे व पीछे स्थित हो तो वह उत्कृष्ट नवम आदि स्थानों के स्थित दृष्टि फल को देता है और यदि दीप्तांशों का उल्लंघन करजाय तो [illegible] फल को देता है यह ताजिक शास्त्र के जानने वालों करके [illegible] ॥ १४ ॥

षोडश योगों की संज्ञा और उनके नाम।

[illegible] इन्दुवारमित्थशालो पर ईसराफः।
[illegible] ततः स्याद्यमयामणऊकम्बूलमगैरि कम्बूलमुक्तम् ॥ १५ ॥

खल्लासरं रद्दमथो दुफालिकुत्थं च दुत्थोत्थदिवीरनामा ।
तम्बीरकुत्थौ दुरफश्च योगाः स्युः षोडशैषां कथयामि लक्ष्म॥१६॥

भा०—पहला योग १ इक्कबाल, फिर २ इन्दुवार, ३ इत्थशाल, ४ ईसराफ, ५ नक्त, ६ यमया, ७ मणऊ, ८ कम्बूल, ९ और कम्बूल ॥ १५ ॥ १० खल्लासर, ११ रद्द, १२ दुफालिकुत्थ, दुत्थोत्थदिवीर, १४ तम्बीर, १५ कुत्थ, १६ दुरफ यह षोडश १६ योग हैं अब इन स योगों के लक्षण वर्णन करता हूँ ॥ १६ ॥

इक्कबाल और इन्दुवार योगके लक्षण ।

चेत्कंटके पणफरे च खगाः समस्ताः ।
स्यादिक्कबाल इति राज्यसुखाप्तिहेतुः ॥
आपोक्लिमे यदि खगाःसकलेन्दुवारो ।
न स्याच्छुभः कथनताजिकशास्त्रगीतः ॥ १७ ॥

भा०—जो कण्टक (प्रथम चतुर्थ सप्तम व दशम) स्थान में और पणफर (द्वितीय पंचम अष्टम एकादश) स्थान में सम्पूर्ण ग्रह स्थित होवें तो इक्कबाल योग होता है, यह इक्कबाल योग राज्य और सुख प्राप्त का हेतु है, अर्थात् अत्यन्त शुभ फलका देने वाला होता है, तथा जो आपोक्लिम अर्थात् तृतीय षष्ठ, नवम और द्वादश स्थान में सम्पूर्ण ग्रह होवें तो इन्दुवार योग कहिये जिसको यवन भाषा में इदबार कहते हैं यह ताजिक शास्त्र में गाया हुआ इदबार निश्चय करके कहीं भी (वर्ष प्रवेश व मास प्रवेशादिकों में) शुभ दायी नहीं होता है ॥ १७ ॥

इत्थशाल योगका लक्षण ।

शीघ्रोल्पभागैर्धनभागमंदेग्रस्थे निजं तेज उपाददीत ।
स्यादित्थशालोथमथो विलिप्तालिप्तार्धहीनो यदि पूर्णमेतत् ॥१८॥

भा०—जिन दो ग्रहोंका मुथशिल योग विचार करना हो, उन ग्रहों के मध्य में जिस ग्रहकी गति अधिक हो वह शीघ्र गतिवाला ग्रह होता है, और जिसकी गति न्यून हो अर्थात् चाल कमती हो वह मन्द गतिवाला ग्रह कहा जाता है शीघ्र गति वाले ग्रहके अल्प भाग हों और मंदगति वाले

ग्रह के बहुत भागहों और शीघ्रगतिवाले ग्रहसे मंदगतिवाला ग्रह अगाडी स्थित होवे तो शीघ्र गतिवाला ग्रह मंदगतिवाले ग्रहको अपना तेज देता है, यह इत्थशाल योग होता है, इसीका दूसरा नाम मुथशिल है शीघ्र गतिवाले ग्रहसे वा शीघ्र गतिवाले ग्रहके दीप्तांशों करके मन्द गतिवाले ग्रहको अधिक रहते हुवे मुथशिल योग होता है. यह सिद्धान्त अर्थ जानना चाहिये. अब पूर्ण मुथशिल योगका वर्णन करते हैं, यदि शीघ्र गतिवाला ग्रह मन्द गतिवाले ग्रहसे एक विकलामात्र न्यून हो अथवा आधी विकला से हीन हो तब यह पूर्ण योग विकलाओं वाला मुथशिल योग होता है और जब दोनों ग्रहों की विकला पर्यन्त अवयवों से समानता हो तब पूर्ण मुथशिल होता है, यह अर्थ से ही सिद्ध होता है ॥ १८ ॥

अदृष्टि में मुथशिल का लक्षण ।

शीघ्रो यदा भांत्यलवःस्थितःसन् मन्देऽन्यभस्थे निदधाति तेजः ।
स्यादित्थशालोऽदमथैष शीघ्रो दीप्तांशकांशैरिह मन्दपृष्ठे ॥१९॥
तदा भविष्यद्गणनीयमित्थशालं त्रिधैवं मुथशीलमाहु ।
लग्नेशकार्याधिपयोर्यथैष योगस्तथा कार्यमुशन्ति सन्तः ॥ २० ॥

भावार्थ—जब शीघ्र गतिवाला ग्रह राशिके अन्तिम अंश अर्थात् तीसवें अंशमें स्थित होकर अग्रिम राशिमें स्थित मन्द गतिवाले ग्रहके लिये अपने तेजको देता है, भावार्थ यह कि-शीघ्री ग्रह राशि के अन्त में स्थित हो और मन्द ग्रह शीघ्री ग्रहके दीप्तांशादि अंशों में होकर आगे की राशि में स्थित होवे, तब शीघ्र गतिवाला ग्रह मन्दगति वाले ग्रहमें अपने तेजको [illegible] है, तभी यह इत्थशालनामक योग होता है, अब भविष्य [illegible] करते हैं—यदि शीघ्र गतिवाला ग्रह अपने दीप्तांशों से अधिक [illegible] ग्रहसे पीछे स्थित होकर जब मन्द गतिवाले ग्रह [illegible] देने की कामना करता है तब आगे होने वाला इत्थ- [illegible] यह गणनीय है अर्थात् जानना चाहिये, ऐसा [illegible] (मुथशिल) योग पूर्वाचार्योंने दर्शाया है, अब [illegible] करते हैं—लग्नका स्वामी और कार्य का स्वामी [illegible] और उसका स्वामी इन दोनों का ऐसा

मुथशिल योग है ऐसा ताजिक ग्रन्थों में कहा है, जैसे कोई प्रश्नकर्त्ता आकर पूछे कि मुझको स्त्री, पुत्र, धन, राज्य, सुखादि प्राप्त होगा कि नहीं ? ऐसा प्रश्न सुनकर उस समय के लग्न का स्वामी और जिस जिस भाव का प्रश्न करे उस उस भाव का स्वामी इन दोनों के इत्थशाल का विचार करके शुभ व अशुभ फल को कहना चाहिये वर्ष प्रवेश में भी लग्न आदि इन्हीं से संपूर्ण कार्यों का विचार करे, जो स्त्री के विषय में प्रश्न हो तो सातवें भाव से विचार करे, पुत्र लाभ प्रश्न हो तो पांचवें भाव से विचारे राज्य प्राप्ति की चिन्ता हो तो दशवें घर से विचार करना चाहिये, धन की चिन्ता हो तो दूसरे भाव से विचारे लाभ प्रश्न होवे तो ग्यारहवें भाव से विचारना ऐसे ही सर्वत्र जानना जहां लग्न का स्वामी और राज्यादि अर्थात् कार्यों का स्वामी इन दोनों का होगा मुथशिल योग होवे होगी उस भाव की प्राप्ति कहनी चाहिये, यदि लग्नेश और कार्येश इन दोनों का वर्तमान मुथशिल योग हो तो शीघ्र ही उस भाव की प्राप्ति कहनी चाहिये, यदि लग्नेश और कार्येश इन दोनों का वर्तमान मुथशिल योग हो तो उस भाव सम्बन्धी सुख इसी समय वर्तमान है, यह कहना चाहिये और यदि लग्नेश व कार्येश इन्हों का पूर्ण मुथशिल योग हो तो उस भाव सम्बन्धी पूर्ण सुख कहना चाहिये और जो भविष्यत् मुथशिल योग होवे तो आगाड़ी उसी भाव सम्बन्धी सुख होवैगा ऐसा कहना ॥ १९ ॥ २० ॥

दृष्टि बल से मुथशिल का विचार।

लग्नेशकार्याधिपतत्सहाया यत्र स्युरस्मिन्पतिसौम्यदृष्टे ॥
तदा बलाढ्यं कथयन्ति योगं विशेषतःस्नेहदृशाऽपि सन्तः २१

भावार्थः—लग्न का स्वामी और कार्य का स्वामी इन दोनों के सहायक अर्थात् मित्र ये चारों अर्थात् १ लग्न स्वामी,२कार्य स्वामी, ३ लग्नस्वामी का मित्र,और ४ कार्य स्वामी का मित्र ये जिसराशि में होवें और वह राशि अपने स्वामी और शुभ ग्रह दोनों से देखा जाता हो तो पूर्व उत्पन्न इत्थशाल(मुथशिल)योग को महात्माजन उत्कृष्ट फलका देने वाला कहते हैं,तहां भी लग्नेश, कार्येश,मित्र,ये चारों जिस राशि में होवें और वह राशि अपने स्वामी और शुभग्रह इन दोनों से स्नेह दृष्टि (मित्र दृष्टि) करके देखा जाता हो तो यह मुथशिल विशेष करके बल सहित अत्यन्त उत्कृष्ट फल का देनेवाला होता है, ऐसा ताजिक शास्त्र के जानने वाले महात्माजनों ने वर्णन किया है ॥ २१ ॥

अन्य भी फल विचार का वर्णन ।

स्वर्क्षादिसत्स्थानगतः शुभैश्चेद्युतेक्षितोऽभूद्भविताऽथवाऽऽस्ते ।
तदा शुभं प्रागभवत्सुपूर्णमग्रे भविष्यत्यथ वर्तते च ॥ २२ ॥

भावार्थ—लग्न स्वामी और कार्य स्वामी ये दोनों अपनी राशि, अपने उच्च, अपने हद्दा, अपने त्रैराशिप व अपने नवांश में हो चुके हों अथवा शुभ ग्रहों के स्थान में प्राप्त व शुभ ग्रहों से युक्त व शुभ ग्रहों से देखे गये हों तो पहिले पूर्ण शुभ फल होता गया ऐसा कहना चाहिये और जब लग्न का स्वामी और कार्य का स्वामी ये दोनों अपने घर, अपने उच्च, अपने हद्दा, अपने त्रैराशिप, व अपने नवांश में आने वाले हों, अथवा शुभ ग्रहों के स्थानों में आने वाले हों, व शुभ ग्रहों से युक्त होवेंगे अथवा शुभ ग्रहों करके देखे जांयगे ऐसा होने पर शुभ फल आगे होवेगा यह कहना चाहिये और जब लग्न का स्वामी और कार्य का स्वामी ये दोनों अपनी राशि में हों व अपने उच्च व अपने हद्दा में हों, अथवा अपने त्रैराशिप व अपने नवांश में हों। व शुभ ग्रहों के स्थानों में प्राप्त हो तथा शुभ ग्रहों से युक्त व देखे जाते हों शुभ फल इस समय होरहा है, यह कहना चाहिये ॥ २२ ॥

अशुभ फल का वर्णन ।

स्वस्थानमस्माद्विपरीतभावेऽथेष्टदृक्तोऽनिष्टगृहं प्रपन्नः ।
अभूदशुभं प्रागशुभं त्विदानीं संयातुकामेन च भावि वाच्यम् २३

भावार्थ—जो शुभ फल पूर्व कह आये हैं उससे विपरीत भाव होने से अनिष्ट फल कहना चाहिये और लग्न का स्वामी और कार्य का स्वामी ये दोनों अपने शत्रु के घर में जा चुके हों, व अपने नीच के घर में, अथवा अपने शत्रु के हद्दा में व अपने शत्रु के नवांश में, व पाप ग्रहों के स्थानमें प्राप्त होकर पाप ग्रहों से युक्त व पाप ग्रहों से देखे गये हों तो प्रथम अशुभ फल होता गया और जब लग्न का स्वामी व कार्य का स्वामी ये दोनों दुष्ट स्थानों में [illegible] पाप ग्रहों से युक्त व देखे जाते हों तो इसी समय अशुभ फल होरहा है यह कहना चाहिये. अब आगे मुथशिल योग में [illegible] कहते हैं—जब लग्न [illegible] का स्वामी ये दोनों मित्र की राशि में [illegible] होरहा है और इस समय

अशुभ फल वर्तमान है, ऐसा कहना, लग्नेश और कार्येश दोनों मित्र के घर में गतभाग हैं और कुछ दिन उपरान्त शत्रु के घर में आवेंगे तो अशुभ फल भावि कहना क्योंकि आगे प्रतिकूल होवेगा ऐसा कहना ॥ २३ ॥

ईसराफ योग का लक्षण ।

शीघ्रो यदा मन्दगतेरथैकमप्यंशमभ्येति तदेसराफः ॥
कार्यन्त्वयो मूसरिफश्चलोके सौम्येनहिल्लाजमतेन चिन्त्यम् ॥२४॥

भा० — जब शीघ्र गतिवाला ग्रह मन्दगति वाले ग्रहके एक भी अंश को उल्लंघन करके पृष्ठगत करे अर्थात् आगे जाय तब ईसराफ योग होता है इसी का दूसरा नाम मूसरिफ है, यहां शीघ्र ग्रह और मन्द ग्रह ये दोनों ग्रह पाप ग्रह हों तो कार्य का विनाश होवे तथा यदि शुभ ग्रह होवें तो वांछित (मनमें विचारे हुये) कार्यों की सिद्धि होवे, यह हिल्लाज आचार्य के मत से निश्चय करना ॥ २४ ॥

नक्त योग का लक्षण ।


लग्नेशकार्याधिपयोर्नदृष्टिर्मिथोऽथ तन्मध्यगतोऽपि शीघ्रः ।
आदाय तेजो यदि पृष्ठसंस्थान्न्यसेद्यान्यत्र हि नक्तमेतत् ॥२५॥

भा०—लग्नेश और कार्येश इन दोनों की परस्पर दृष्टि न होवे और यदि इन्हीं दोनों (लग्नेश व कार्येश) के मध्य कोई अन्य शीघ्रगति वाला ग्रह स्थित होवे और वह मध्य में स्थित ग्रह पिछाड़ी रहे हुये शीघ्र गति वाले ग्रहके तेज को लेकर अगाड़ी स्थित मन्द गतिवाले ग्रहको समर्पण करता है तब यह नक्तनाम योग होता है इसका उदाहरण आगे दिखाते हैं ॥ २५ ॥

नक्त योग उदाहरण ।

स्त्रीलाभपृच्छ्वातनुरस्तिकन्यास्वामीबुधःसिंहगतोदशांशैः ।
सूर्यांशकैर्देवगुरुःकलत्रे दृष्टिस्तयोर्नास्ति मिथोऽथ चन्द्रः॥ २६ ॥
चापे वृषे चोभयदृश्यमूर्तिःशीघ्रोऽष्टभागैरथवा भवांशैः ।
आदाय तेजो बुधतो ददौयज्जीवाय लाभःपरतःस्त्रियःस्यात्॥२७॥

भा०—जैसे किसी ने आकर स्त्री लाभ होने का प्रश्न किया तो उस



समय कन्या लग्न है उसका स्वामी बुध दश अंशों करके सिंह राशि में बारहवें घर बैठा है.कार्यका स्वामी बृहस्पति बारह अंशों से उपलक्षित होकर सातवें घर में विराजमान है यहां लग्न स्वामी बुद्ध और कार्य स्वामी बृहस्पति इन दोनों की आपस में छठे आठवें घर में बृहस्पति और बृहस्पति से छठे स्थान में बुध ये दोनों आपस में नहीं देखते हैं, और शीघ्रगति वाला चन्द्रमा, दोनों (बुद्ध या बृहस्पति) के बीच में प्राप्त होकर धन राशि में अथवा वृष राशि में स्थित है, और यह चन्द्रमा लग्न स्वामी बुद्ध कार्यस्वामी बृहस्पति इन्हीं से देखा जाता है, पुनः आठ अंशों से ग्यारह अंशों से उपलक्षित ऐसा चन्द्रमा पीठ पर बैठे हुये बुध से तेज लेकर बृहस्पति के अर्थ देता है उस लग्न स्वामी बुध के तेज हरने से अपनी गत से स्त्री की प्राप्ति नहीं होगी, यह कहना चाहिये क्योंकि बीच में बैठने वाला तीसरा शीघ्र गति वाला ग्रह चन्द्रमा ने लग्न के स्वामी का तेज हरकर मन्द गति वाले ग्रह (गुरु) के अर्थ दे दिया इस कारण किसी अन्य (बीच वाले) मनुष्य के द्वारा स्त्री का लाभ होवेगा, ऐसा कहना ॥ २६ ॥ २७ ॥

यमया योग का लक्षण ।

अन्तः स्थितो मन्दगतिस्तु पश्येद्दीप्तांशकेन्द्रावथ शीघ्रतस्तु ।
नीत्वा महो यच्छति मन्दगाय कार्यस्य सिद्ध्यै यमया प्रदिष्टः २८

भावार्थः—लग्न का स्वामी और कार्य का स्वामी इन दोनों की दृष्टि परस्पर नहीं होवे अर्थात् लग्नेश की दृष्टि कार्येश पर नहीं और कार्येश की दृष्टि लग्नेश पर न हो. और लग्नेश के बीच बैठा हुआ मन्द गति वाला ग्रह अपने [illegible] करके लग्नेश और कार्येश को स्थान दृष्टि (दृष्टिः स्यान्नवपञ्चमे- [illegible]) से देखता होवे और वह मन्द गति वाला ग्रह (लग्नेश व कार्येश) [illegible] शीघ्र गति वाला ग्रह होवे उससे तेज को लेकर मन्द गतिवाले ग्रह को [illegible] देता है अर्थात् लग्न का स्वामी और कार्य का स्वामी इन्हीं से जो [illegible] होवे [illegible] लिये तेज को देता है इसी से पूर्वाचार्यों ने मन [illegible] कार्य की सिद्धि के [illegible] इसे यमयानामक योग कहा है यह यमया

केन्द्र स्थित शुभ ग्रहों की दृष्टि हो तो देता है इसका उदाहरण आगे कहते हैं ॥ २८ ॥

राज्याप्तिपृच्छा तनुलग्ननाथो मेषे मिलत्स्वष्टनवेऽर्कपस्थः
चन्द्रो रसांशैर्यदि राज्यनाथो दृष्टिस्तयोर्नास्ति गुरुस्तु मन्दः ॥२९॥
दिगंशकः कर्कगतस्तु पश्यस्तुलौ गतो दीप्तिलवैः सचान्द्रम् ।
दत्ते मिलित्वेति पदस्य लाभोऽनेनास्य भावो निखिलस्य वाच्यम् ॥३०॥

नक्त योग का उदाहरण ।

प्रश्न—राज्य प्राप्त होगी कि नहीं किसी ने आकर प्रश्न किया तो प्रश्न लग्न मेष हुआ है, उसका स्वामी भौम मेषराशि का आठ अंशों से उपलक्षित होकर आठवें स्थान में स्थित है तथा राज्य (दशम) स्थानका स्वामी चन्द्रमा छः अंशों का उपलक्षित होकर वृषराशि का ग्यारहवें स्थानमें स्थित है, और दोनों के परस्पर दृष्टि नहीं है, यहां मन्द गतिवाला बृहस्पति दश अंशों से उपलक्षित होकर दशवें स्थान में कर्कराशि पर स्थितमान है और लग्नेश भौम व राज्येश चन्द्र इन दोनों को स्थानदृष्टि से देखता है, यहां चन्द्रमा व भौम से अधिक अपने दीप्तांशों करके चन्द्रमाके तेज ([illegible]) को ग्रहण करके मन्दगति वाले गुरु [illegible] ऐसा देता है इस कारण राज्य लाभ [illegible] के द्वारा होनेवाला है ऐसा कहना चाहिये॥२९।३०



मणऊ योग का लक्षण ।

वक्रः शनिर्वा यदि शीघ्रखेटात्पश्चात्पुरस्तिष्ठति तुर्यदृष्ट्या ।
एकर्क्षगत्वाऽथ युता दृशा वापश्यन्नथांशैरधिको न कैश्चेत् ॥३१॥
तेजो हरेत्कार्यपदेत्थशाली स्थितोऽपि वाऽसौ मणऊशुभो न ।
अथास्योदाहरणमाह । स्त्रीलाभपृच्छा तनुरस्ति कन्याऽत्र ज्ञो
दिगंशैस्तिथिभिः सुरेज्यः ॥ ३२ ॥ कलत्रगः खेऽवनिजो भवांशैः
पूर्वं बुधो भौमहृतस्वतेजाः । जीवेन पश्चान्मिलतीति लाभो
नार्यास्तु नो पृष्ठगतेऽथवास्मिन् ॥ ३३ ॥

भावार्थ—इस मणऊयोग में लग्नेश वा कार्येश की परस्पर स्थान दृष्टि की आवश्यकता है, अर्थात् लगन स्वामी और कार्य स्वामी इन दोनों की परस्पर स्थानदृष्टि को पूर्वाचार्यों ने माना है, यदि शीघ्र गति वाले गृह से मंगल व शनैश्चर ये दोनों पीछे या आगे स्थित हों अर्थात् लग्न स्वामी और कार्य स्वामी इनमें जो शीघ्र गति वाला गृह हो उसके जो अंशादि उनमें पूर्व वा पर अंशों से ही मंगल व शनैश्चर स्थित हों और मंगल व शनैश्चर चौथे स्थान दृष्टि से अथवा एक स्थान दृष्टि से तथा सातवें स्थान दृष्टि से अंशों करके या कम अंशों करके शीघ्र गति वाले गृह को देखता हुआ शीघ्रगति वाले ग्रह के तेज को हरैं अर्थात् मंगल व शनैश्चर इनमें से कोई ग्रह पहली चौथी और सातवीं दृष्टि से शीघ्रगति वाले ग्रह को देखे और शीघ्रगति वाले ग्रह के जितने अंश होवें उनसे मंगल व शनैश्चर के अधिक वा न्यून हों (शीघ्री गृह के जितने दीप्तांश होवें उनके मध्य में मंगल व शनैश्चर के अंश हों यह किसी आचार्य का मत है और मंगल शनैश्चर इनमें से कोई गृह शीघ्रगति वाले गृह के बल को हरण कर लेवें यदि बल रहित शीघ्रगति वाला गृह वांछितकार्याधीश के साथ इत्थशाल (मुथशिल) योग को भी करता हुआ विद्यमान होवें तो मणऊ योग होता है, यह मणऊयोग शुभ नहीं जानना अर्थात् शुभकार्यों का करने वाला नहीं होता है ॥ ३१ ॥ अब इस मणऊयोग का वर्णन करते हैं—किसी प्रश्नकर्ता ने आकर पूछा कि स्त्री का लाभ होगा कि नहीं ? तो यहां प्रश्न समय में कन्या लग्न है, उसका स्वामी बुध दस अंशों से उपलक्षित होकर यहीं लग्न में विराजमान है और बृहस्पति पन्द्रह अंशों करके ॥ ३२ ॥ सप्तम घर में मीनराशि का विराजमान है, और इसके स्थान से मंगल ग्यारह अंश करके दशवें [illegible] और चौथे स्थान दृष्टि से शीघ्र गत बुध को देखता है [illegible]

अथमणऊयोगोदाहरणम्।

पुनर्मणऊयोगोदाहरणम्

[illegible] निर्दर्शन किया गया नीचे

क्योंकि इत्थशाल के साथ और चन्द्रमा से मानफल मिला, इस कारण इसको लाभ नहीं होगा ऐसा कहना चाहिये. यह एक योग हुआ अब दूसरा योग कहते हैं कि जैसा पूर्व योग कहा गया उसे उसी रूप में स्थित हुए ग्रह के अंशों की अपेक्षा कम अंशों में युक्त होकर मंगल भी हो इस प्रकार कोई अंशों में मंगल युक्त होते हुये यह मणऊ नाम योग वांछित कार्यों का नाश करने वाला होता है ॥ ३३ ॥

मणऊ योग का भेद ।

यदीत्थशालोऽस्त्युभयोः स्वदीप्तहीनाधिकांशैःशनिभूसुतौचेत ।
युक्तौविलग्नपकार्येशयोऽस्तते जोहरौ कार्यहरौ निरुक्तौ ॥ ३४ ॥


भावार्थ—यदि लग्नाधीश और कार्याधीश इन दोनों का इत्थशाल (मुथशिल) योग होवे और इन दोनों के बीच में वा इनमें से किसी एक के साथ शनैश्चर व मंगल ये दोनों एक राशि में स्थित होवें और लग्नेश व कार्येश इनके जो दीप्तांश उनसे अथवा शनैश्चर व मंगल के अंश कमती वा अधिक होवें और शनैश्चर व मंगल के अंश दीप्तांशों के बीच ही में होवें इन्हीं करके शनैश्चर मंगल ये दोनों लग्नेश व कार्येश इन्हों के तेज को हरते हुए वांछित कार्य के नाश करने वाले मुनियों ने कहे हैं ॥ ३४ ॥

मणऊ योग का उदाहरण ।

राज्याप्तिपृच्छातुललग्ननाथः कर्के सितोंऽशैस्तिथिमिर्दिगंशैः ॥
वृषे शशी भूपलवैः कुजश्चहरन् द्वयोर्भा हरते च राज्यम् ॥ ३५ ॥

भावार्थ—राज्य लाभ होने के प्रश्न को किसी ने पूछा तो प्रश्न समय तुला लग्न है, उसका स्वामी शुक्र १५ अंशों से उपलक्षित होकर कर्क राशि का राज्य (दशम) स्थान में स्थित है और दश अंशों से वृषराशि पर अष्टम घर में चन्द्रमा स्थित है, तथा वहीं सोलह अंशों करके मंगल विद्यमान है, यहां मंगल लग्नेश (शुक्र) और कार्येश (चन्द्रमा) इन दोनों के तेज को हरण करके राज्य को हरता है इस उदाहरण में लग्नाधिप व कार्याधिप, इन दोनों का इत्थशाल योग है, और

प्रश्नमणऊयोगोऽयम्



कार्येश के साथ मंगल अधिक अंशों से वृष राशि में स्थित है, इस कारण लग्नेश और कार्येश के पराक्रम को ग्रहण करके राज्य को हर लिया ॥३५॥

कंबूल योग के लक्षण ।

लग्नकार्येशयोरित्थशालेऽत्रेन्द्वित्थशालतः ।
कम्बूलं श्रेष्ठमध्यादिभेदैर्नानाविधं स्मृतम् ॥ ३६ ॥

भा०—लग्नेश और कार्येश इन दोनों का परस्पर इत्थशाल योग होवै और इनमें से किसी एक के साथ चन्द्रमा भी इत्थशाल योग करै तो उत्तम मध्यम आदि भेदों से अनेक प्रकार का कंबूल योग कहा है, तथा-

भांश वा कार्या-धीश तथा चं-द्रमा इनके चार प्रकार के अधिकार भेद से सोलह प्रकार का कंबूल योग होता है जैसे १ उत्तमोत्तम २ उत्तम मध्यम

अथ षोडशप्रकारककम्बूलयोगचक्रम् ।

चन्द्र	लग्नेशकार्येशौ	लग्नेशकार्येशौ	लग्नेशकार्येशौ	लग्नेशकार्येशौ
उत्तमाधि-कारश्चन्द्र	उत्तमाधिकारस्थौ १	मध्यमाधिकारस्थौ २	समाधिकारस्थौ ३	अधमाधिकारस्थौ ४
मध्यमाधि-कारश्चन्द्र	उत्तमाधिकारस्थौ ५	मध्यमाधिकारस्थौ ६	समाधिकारस्थौ ७	अधमाधिकारस्थौ ८
समाधिकार-श्चन्द्र	उत्तमाधिकारस्थौ ९	मध्यमाधिकारस्थौ १०	समाधिकारस्थौ ११	अधमाधिकारस्थौ १२
अधमाधि-कारश्चन्द्र	उत्तमाधिकारस्थौ १३	मध्यमाधिकारस्थौ १४	समाधिकारस्थौ १५	अधमाधिकारस्थौ १६

३ उत्तम ४ उत्तमाधम, ५ मध्यमोत्तम ६ म.म.

{ कम्बूलभेदाद्दिल्लग्नेथशाले चन्द्रोऽपि नाऽकथितं विधत्ते ।
निजांशभेदोत्तमतो प्रयातं मध्यं त्रिकाणे त्वधमं परत्र १ }

७ [illegible], ७ मध्यम, ८ मध्यमाधम, ९ उत्तम, १० मध्यम ११ मध्यम मध्यम १२ अधम, १३ अधमोत्तम, १४ अधममध्यम, १५ अधम और १६ अधमाधम, ये सोलह भेद हैं इनमें सम शब्द को ३ । ७ । [illegible] । १० । ११।१२।१५ । [illegible] को छोड़कर सोलह स्थौं को प्रकाशित किया है, यावनी भाषा में इसको कम्बूल भी कहते हैं, और ग्रह अपने घर व अपने उच्चराशि में उत्तम होता है, और मित्रराशि, अपने हद्दा द्रेष्काण व नवांश में मध्यम है, और शत्रु घर, व अपने नीच घर में अधम होता है, इसका उदाहरण आगे लिखा है । ३६ ।

उत्तमोत्तम कम्बूल योग का लक्षण ।

यदीन्दुःस्वगृहोच्चस्थस्तादृशौ लग्नकार्यपौ ।
तदेत्थशालौ कम्बूलमुत्तमोत्तममुच्यते ॥ ३७ ॥

भाषार्थः—यदि चन्द्रमा अपने राशि व अपने उच्च में स्थित हो और लग्न स्वामी व कार्य स्वामी ये भी दोनों अपने घर व अपने उच्च में स्थित होकर परस्पर इत्थशाल भी करें और यदि चन्द्रमा इन्हीं में से किसी एक के साथ इत्थशाल भी करे तो यह कम्बूल नामक उत्तमोत्तम कहा जाता है, क्योंकि तीनों को उत्तम अधिकार प्राप्त है इससे पण्डितों ने उत्तमोत्तम कहा है, यह प्रथम भेद है इसका उदाहरण आगे कहा है ॥ ३७ ॥

उत्तम मध्यम भेदन कम्बूल योग का लक्षण ।


स्वीयहद्दाद्रेष्काणांशभागस्थैरित्थशालतः ।
मध्यमोत्तमकम्बूलं हीनाधिकृतिनोत्तमम् ॥ ३८ ॥

भावार्थ—अपने हद्दा, द्रेष्काण व नवांश में लग्नेश और कार्येश होवें और परस्पर इत्थशाल भी करते होवें तथा यदि चन्द्रमा अपने घर व अपने उच्च में विराजमान होकर लग्नेश कार्येश में से किसी एक के साथ इत्थशाल योग को करे तो उत्तम मध्यम नामक कम्बूल योग होता है, क्योंकि चन्द्रमा का उत्तम अधिकार प्राप्त है और लग्नेश व कार्येश का मध्यम अधिकार है इससे (उत्तम मध्यम) कहा है, यहां ग्रन्थकर्ता ने छन्दोभंग न होने के कारण मध्यमोत्तम कहा है ॥ ३८ ॥

उत्तम मध्यम कम्बूल योग का उदाहरण ।

भाषार्थ—जैसे प्रश्नकर्ता ने पूछा कि हमारे भाग्य की वृद्धि होवेगी ? और कब होगी ? यहां प्रश्न समय तुला लग्न है उसका स्वामी शुक्र १० अंशों से दशम स्थान में अपने हद्दा में स्थित है और भाग्य (नवम) भाव का स्वामी बुध १४॥ अंशों से उपलक्षित होकर सातवें घर में अपने हद्दा में विराजमान है, इन दोनों का परस्पर इत्थशाल योग भी है, यहां चन्द्रमा १४ अंशों करके अपने घर कर्क राशि में विराजमान हो-

उत्तममध्यमकम्बूलम्



कर कार्याधीश के साथ इत्थशाल योग करता है, इस कारण उत्तम मध्यम नामक कम्बूल योग हुआ, इसी से प्रथम भाग्य की वृद्धि अधिक फिर मध्यम कहनी चाहिये, यह दूसरा भेद कहा (हीनाधिकृतिनोत्तमम्) हीन हैं उत्तम मध्यम व अधम अधिकार जिसके ऐसे लग्नाधीश और कार्याधीश करके परस्पर मुथशिल योग के होते हुए यदि चन्द्रमा अपने घर व उच्च में बैठकर इत्थशाल योग को करे तो उत्तम कम्बूल योग होता है, क्योंकि चन्द्रमा का उत्तम अधिकार प्राप्त है और इतर लग्नाधीश व कार्याधीश का सम अधिकार है इस कारण यह उत्तम नामक कम्बूल योग कहा जाता है।

उत्तम कम्बूल योग का उदाहरण।

जैसे किसी पृच्छक ने प्रश्न किया कि हमको राज्य प्राप्त होगा कि नहीं ? उस समय लग्न मिथुन है, उसका स्वामी बुध सम घर में स्थित है और राज्य भवन का स्वामी गुरु सम घर कन्या राशि में स्थित है और चन्द्रमा अपने उच्च वृष राशि में विद्यमान है इस प्रकार तीनों ग्रहों के मुथशिल योग के होते हुए उत्तम नामक कम्बूल योग हुआ, राज्य की प्राप्ति उत्तम कहनी चाहिये यह तीसरा भेद है।

उत्तमकम्बूलचक्रम्

बु १०	६ गु चं
५	१
४	३
	२
१२	१०
७	११
	९
८	१०

उत्तमाधम, मध्यमोत्तम मध्यम मध्यम कम्बूल योग के लक्षण।


उत्तमाधमता नीचारिपुगेहस्थितेन चेत्।
[illegible]श्चन्द्रः स्वभोच्चस्थेत्थशालकृत् ॥ ३९ ॥
मध्यमोत्तमसंज्ञं च पूर्वस्मान्न विशिष्यते।
[illegible]स्थेन कम्बूलं मध्यमध्यमम् ॥ ४० ॥

[illegible] लग्नेश या कार्येश ये दोनों अपने नीच राशि में व शत्रु के [illegible] परस्पर इत्थशाल करें और चन्द्रमा अपने घर व अपने [illegible] लग्नेश और कार्येश इनमें से किसी एक [illegible] हो तो उत्तमाधम नामक कम्बूल योग होता है, [illegible] का उत्तम अधिकार प्राप्त है और लग्नेश व कार्येश का

काम अधिकार प्राप्त है, इससे यह उत्तमाधम कहा है, और (मध्यमोत्तम नामक कम्बूल नाम का उदाहरण) चंद्रमा अपने हद्दा में ही ऐसा कहा है, परन्तु हद्दा मात्र में चंद्रमा का अधिकार नहीं है किन्तु तीन चारि पांच ग्रहों का अधिकार है इस कारण चाहि जब से चंद्रमा अपने द्रेष्काण अपने नवांश में स्थित होकर अपने घर के अपने हद्द भाग में प्राप्त परस्पर मुथशिलकारी लग्नेश व कार्येश के साथ मुथशिल योग करें ॥ ३९ ॥ तो यह मध्यमोत्तम नामक कम्बूल योग होता है क्योंकि चन्द्रमा का मध्यम अधिकार प्राप्त है, और लग्नेश कार्येश का उत्तम अधिकार है इस कारण यह मध्यमोत्तम नामक कंबूलयोग हुआ इन्दुवार उत्तम मध्यम कम्बूल से विशेष फल का देने वाला नहीं है, (अधम मध्यम नामक कम्बूलयोगका लक्षण) अपने हद्दा व द्रेष्काण व नवांश में बैठे हुए परस्पर मुथशिल योग को करने वाले लग्नेश कार्येश के साथ अपने नवांश में स्थित चन्द्रमा जो इत्थशाल करे तो अधम मध्यम नाम का कम्बूल योग कहना, कारण कि लग्नेश कार्येश व चन्द्रमा इन ग्रहों का अधिकार मध्यम है, इससे अधम मध्यम कम्बूल योग हुआ अब इन ग्रहों का उदाहरण और बताते हैं ॥ ४० ॥

उत्तमाधम कम्बूल योग का उदाहरण ।

जैसे किसी प्रश्नकर्ता ने स्त्री लाभ के अर्थ प्रश्न किया तो उस समय तुला लग्न है उसका स्वामी शुक्र १० अंशों से अपने नीच कन्या राशि में स्थित है और स्त्री के घर का स्वामी मंगल १५ पंद्रह अंशों से युक्त होकर अपने नीच कर्क राशि में स्थित है और चन्द्रमा बारह अंशों से युक्त होकर अपनी राशि (कर्क) में विराजमान १२ है, इन्हों का परस्पर इत्थशाल योग होने से उत्तमाधम नाम कम्बूल योग हुआ, इस कारण थोड़े परिश्रम से स्त्री की प्राप्ति होवेगी, यह चौथा भेद है,



उत्तमाधमकंबूलयोगः

मध्यमोत्तम कंबूल का उदाहरण ।

जैसे किसी प्रश्न कर्ता ने स्त्री लाभ निमित्त पूछा उस समय लग्न तुला,




मध्यमोत्तमकंबूलच.

उसका स्वामीशुक्र २४ अंशों करके अपने घर धनलग्नमें तुला का है, स्त्री भाव (सप्तम) का स्वामी मङ्गल २८ अंशों से युक्त होकर अपने घर मेषराशि में विद्यमानहै और चन्द्रमा २२ अंशों से मकरराशि का अपने नवांश में स्थित चतुर्थभावमें विराजमान है इन सबोंका आपसमें इत्थशाल योग होता हुआ मध्यमोत्तम नामक कम्बूल योग होता है यहां इस योग के होने से स्त्री की प्राप्ति उत्तमता से होवेगी ऐसा कहना यह पांचवां भेद है।

मध्यम २ कम्बूलयोग का उदाहरण।

जैसे किसी प्रश्नकर्ता ने सन्तान प्राप्त होने के अर्थ प्रश्न किया तो उस समय मिथुन लग्न है उसका स्वामी बुध पांचवे तुला लग्न में आठ अंशोंसे स्थित है और सन्तान (पंचम) भावका स्वामी शुक्र आठ अंशोंसे उपयुक्त होकर मिथुन राशिका अपने हद्दामें विद्यमान है और चन्द्रमा तीन अंशोंकरके अपनी राशि (कर्क) का अपने द्रेष्काण व नवांश में स्थित है यहां लग्नाधिप बुधकार्याधिप शुक्र और चन्द्रमा इन तीनोंका परस्पर इत्थशाल योग होने से मध्यम २ नामक कम्बूल योग होता है इससे सन्तान बहुत यत्न करने से प्राप्त होवे ऐसा कहना, यह छठा भेद है।



मध्यम २ कंबूल चक्र

मध्यम मध्यमाधम कम्बूल योग का लक्षण।

स्यान्मध्यमंमकम्बूलं हीनाधिकृतिखेटजम् ।
मध्यमाधमकम्बूलं नीचारिभगखेटजम् ॥ ४१ ॥

भा० टी०-हीन और अधिकार वाले ग्रहों से उत्पन्न मध्यम नामक कम्बूल योग होता है अर्थात् चन्द्रमा स्वगृह उच्च व मध्यम अधिकारों से रहित सम अधिकार वाले ... लग्नेश कार्येश के साथ अपने मध्यम ... इत्थशाल योग करे तो मध्यम नामक कम्बूलयोग होता है, ... कम्बूल का पर्यायवाची है और मध्यमाधम

कम्बूलयोग का लक्षण कहा है कि – लग्नेश योग व अपने घर में [illegible] उच्चस्थ होकर [illegible] चन्द्रमा [illegible] इत्थशाल व अपने स्थान में स्थित होकर और इत्थशाल करै तो मध्यमाधम नाम कम्बूल योग होता है।

मध्यम कम्बूल योग का उदाहरण

जैसे किसी मनुष्य ने संतान प्राप्ति निमित्त प्रश्न किया तो उस समय वृष लग्न है और उसका स्वामी शुक्र चार अंशों से युक्त होकर कुम्भ राशि का मित्रगृह में स्थित है, और संतान (पंचम) भाव का स्वामी बुध [illegible] अंशों करके तुला राशि का मित्रगृह में विद्यमान है और चन्द्रमा तीन अंशों से युक्त होकर कर्क राशि अपने स्थान में विराजमान है लग्नेश व कार्येश चन्द्रमा इन सबका परस्पर मुथशिल योग है इससे यह [illegible] नामक कम्बूल योग हुआ इस कारण संतान की प्राप्ति [illegible] से होवेगी यह सातवां भेद है

मध्यमकम्बूलयोग ॥

मध्यमाधम कम्बूल योग का उदाहरण।

जैसे किसी मनुष्य ने भाग्य वृद्धि निमित्त प्रश्न किया तो उस समय प्रश्न लग्न मेष है उसका स्वामी मंगल अपने नीच (कर्क) राशि में ४ अंशों करके विद्यमान है और भाग्य भाव का स्वामी बृहस्पति भी ५ अंशों से युक्त होकर मकरराशि (नीच) स्थित है और चंद्रमा कर्कराशि अपने स्थान में तीन ३ अंशों से विराजमान है और लग्नेश कार्येश व चंद्रमा इन तीनों का इत्थशाल योग है, इस कारण यह मध्यमाधम नामक कम्बूलयोग हुआ, यहां भाग्य की वृद्धि बहुत परिश्रम से प्राप्त होवै, ऐसा कहना यह आठवां भेद है।

मध्यमाधमकंबूलयोग

दूसरे उत्तम कंबूल योग का लक्षण।


इन्दुःपदोनः स्वच्चोच्चस्थितेनाप्युत्तमं तु तत्।
स्वहद्दादिगतेनापि पूर्ववन्मध्यमुच्यते ॥ ४२ ॥

भा०—जो चंद्रमा अपने अधिकार से रहित हो अर्थात् अपने उच्च, अपनी राशि, द्रेष्काण नवांश, तथा अपने नीच व अपने शत्रु राशि में न होवे किन्तु समग्रह आदि को प्राप्त होकर अपने राशि व अपने उच्च राशि में प्राप्त परस्पर इत्थशाल योग करते हुये जो लग्नेश व कार्येश के साथ इत्थशाल योगको करै तो उत्तम नामक कम्बूलयोग होता है, क्योंकि चंद्रमा अपने अधिकारों से शून्य है और लग्नाधीश व कार्याधीश ये दोनों उत्तमाधिकारको प्राप्त हैं इससे यह उत्तमनाम कम्बूलयोग कहा है, और दूसरे मध्यम कम्बूलयोग के लक्षण यह है कि-अपने २ हद्दा द्रेष्काण, व नवांशमें स्थित परस्पर इत्थशालयोग को करते हुये जो लग्नाधीश व कार्याधीश हैं तिन दोनों के साथ चंद्रमा सम अधिकार में स्थित होकर इत्थशालयोग करै तो मध्यमनाम कम्बूलयोग होता है, क्योंकि यहां चन्द्रमा अधिकारों से शून्य है, और लग्नाधीश और कार्याधीश ये दोनों मध्यम अधिकार में प्राप्त हैं. पूर्वोक्त मध्यम कम्बूल के समान यह भी मध्यम नामक कम्बूलयोग जानना ॥ ४२ ॥

उत्तम कंबूल योगका उदाहरण।


जैसे किसी प्रश्न कर्त्ताने धन लाभ के अर्थ प्रश्न किया तो उस समय तुला लग्न है उसका स्वामी शुक्र ४ अंशोंसे युक्त होकर लग्न ही में स्थित है और धन भवन का स्वामी मंगल अपने उच्च राशि (मकर) में ५ अंशों करके विद्यमान है और चंद्रमा सम द्रेष्काण मिथुनराशि में ३ अंशोंमें उपयुक्त होकर विराजमान है और लग्नेश कार्येश व चंद्रमा इन सबों का परस्पर मुथशिल योग है इससे उत्तम नामक कंबूल योग होता है इसी [illegible]) कंबूल योग भी कहा है इससे धनका लाभ [illegible] ।

मध्यमकंबूलचक्रम्।



मध्यम कम्बूल योग का उदाहरण।

जैसे किसी ने धन लाभार्थ प्रश्न किया तो उस समय तुला लग्न है



इसका स्वामी शुक्र १० अंशों करके सिंह राशि में अपने द्रेष्काण में विद्यमान है और धनभाव का स्वामी मङ्गल २२ अंशों से धन राशि का अपने हद्दा में विद्यमान है और चन्द्रमा दस अंशों से युक्त होकर मिथुन राशि का अपने मध्यम द्रेष्काण में स्थित है यहां लग्नाधीश (शुक्र) कार्याधीश (मंगल) और चन्द्रमा इन ग्रहों का परस्पर इत्थशाल योग है, इससे मध्यम नामक कम्बूल योग होता है, धन लाभ मध्यम होवेगा, ऐसा कहना यह इसका भेद है ।

दूसरे प्रकार से मध्यम कम्बूल योग का लक्षण ।

पदोनेनापि मध्यं स्यादिति युक्तं प्रतीयते ।
नीचारिस्थैरित्थशाले धनकम्बूलमुच्यते ॥ ४३ ॥


भाषार्थः—पद से हीन अर्थात् उत्तम व मध्यम अधिकार से रहित परस्पर इत्थशाल को करते हुए लग्नाधीश व कार्याधीश के साथ सम अधिकार में स्थित चन्द्रमा यदि इत्थशाल को करे तो मध्यम नामक कम्बूल योग होता है, प्रमाण सहित इस योग को हमने वर्णन किया है, क्योंकि लग्नेश और कार्येश चन्द्रमा इन ग्रहों का सम अधिकार प्राप्त है इस कारण यह मध्यम (समसम) नाम कम्बूल योग सिद्ध हुआ, अब अधम कम्बूलयोग का लक्षण यह है कि अपने नीच व अपने शत्रु राशि में प्राप्त परस्पर इत्थशाल योग करते हुए लग्नाधीश और कार्याधीश के साथ सम अधिकार में विद्यमान चन्द्रमा यदि इत्थशाल (मिलाप) करता हो तो अधम नामक कम्बूल योग होता है, कारण कि चन्द्रमा सम अधिकार प्राप्त है और लग्नाधीश व कार्याधीश इन दोनों का अधिकार अधम है, इससे अधम नाम कम्बूल योग निष्पन्न हुआ ॥ ४३ ॥

मध्यम कम्बूल का लक्षण ।

जैसे किसी पृच्छक ने धन प्राप्ति निमित्त प्रश्न किया तो प्रश्न समय मेष

है उसका स्वामी मंगल १० अंशों करके कुम्भ राशि में बैठा है और धन भाव का स्वामी शुक्र १० अंशों से युक्त होकर कुम्भराशि में विद्यमान है और चन्द्रमा १० अंशों से तुला राशिमें विराजमान हैं, इन सबों का परस्पर इत्थशाल (मिलाप) है, इससे यह मध्यमनाम कम्बूल योग हुआ धन की प्राप्ति मध्यम होगी ऐसा कहना, यह ग्यारहवां भेद है।


पुनःमध्यमकंबूलयोग



अधम कम्बूल का उदाहरण ।

जैसे किसी प्रश्नकर्ता ने पुत्र प्राप्ति विषे प्रश्न किया तो प्रश्न लग्न मिथुन जिसका स्वामी बुध अपनी नीचराशि (मीन) का ८ अंशों करके स्थित है, और पुत्र भाव का स्वामी शुक्र अपने नीचराशि (कन्या) मे १० अंशोंसे युक्त होकर विराजमान है और चन्द्रमा अपने सम धन राशि अथवा मीन राशि में वर्त्तमान है और लग्नेश व कार्येश व चन्द्रमा से परस्पर इत्थशाल योग है इस कारण यह अधम नाम कम्बूल योग हुआ यहां पुत्र की प्राप्ति अधम रीति से साध्य कहना, यह बारहवां भेद है।

अधमकंबूलयोगोयम्



अधमोत्तम कम्बूल योग का लक्षण ।

नीचशत्रुभगश्चन्द्रः स्वभोच्चस्थैरित्थशालकृत् ।
अधमोत्तमकम्बूलंपूर्वतुल्य फलप्रदम् ॥ ४४ ॥

भावार्थ—जो चन्द्रमा अपने नीच घर व शत्रु के घर में प्राप्त होकर अपने घर व अपने उच्च घर में स्थित परस्पर इत्थशाल योग को करता हुआ लग्नेश व कार्येश के साथ इत्थशाल योग को करे तो अधमोत्तम नाम कम्बूल योग होता है, क्योंकि चन्द्रमा का अधिकार अधम है और लग्नेश व कार्येश ये दोनों उत्तम अधिकार में प्राप्त हैं, इस कारण पूर्वाचार्यों ने इसको अधमोत्तम कम्बूल कहा है, यह पूर्व के तुल्य फल को देता है ॥ ४४ ॥

अधमोत्तम कंबूल योग का लक्षण ।

जैसे प्रश्न कर्ताने सुख प्राप्ति के निमित्त प्रश्न किया है तो प्रश्नलग्न ... ह उगाथ। स्वामी सूर्य अपने उच्च राशि (मेष) में ... अंशों करके स्थित है, और सुख (चतुर्थ भाव का) स्वामी मंगल अपने उच्चराशि (मकर) में ... अंशों में ... होकर स्थित है और चंद्रमा तीन अंशों में युक्त होकर अपने नीच राशि में वृश्चिक में विराजमान ... इन तीनों का परस्पर मुथशिल योग होनेसे अधमोत्तम कंबूल योग हुआ. यहां सुख की प्राप्ति परिश्रम से होगी, यह तेरहवां भेद है ।

अधमोत्तमकंबूलयोग



अधममध्यम कंबूल योग का लक्षण ।


चन्द्रो नीचरिपुगेहस्थः स्वहद्दादिगते न चेत् ।
तदेत्थ शालीकम्बूलमुच्यतेऽधममध्यमम् । ४५ ।

भावार्थ —यदि चंद्रमा अपने नीच घर में प्राप्त होकर अपने शत्रु के घर ... अपने हद्दा व अपने द्रेष्काण व अपने नवांश में स्थित होकर परस्पर इत्थशाल योग करता हुआ लग्नेश व कार्येश के साथ इत्थशाल करै तो अधम मध्यम नाम कंबूल योग होता है, यहां चन्द्रमा का अधिकार अधम है और लग्नेश व कार्येश का मध्यम अधिकार है, इससे यह अधममध्यम कंबूलयोग है ।

अधममध्यम कंबूल योग का उदाहरण !

जैसे किसीने पुत्र प्राप्ति निमित्त प्रश्न किया तो उस समय कन्यालग्न उसका स्वामी बुध नीच अंशों करके अपने हद्दा में प्राप्त मकर राशिमें स्थित है, और पुत्र (पंचम) भाव का स्वामी शनैश्चर २६ अंशोंसे युक्त होकर मीन राशिका अपने हद्दामें विद्यमान है तथा चन्द्रमा तीन अंशों से उपयुक्त होकर अपने नीच राशि (वृश्चिक) में विराजमान है और इन तीनों का परस्पर इत्थशाल योग है इससे अधममध्यम नामक कंबूलयोग हुआ पुत्र

अधममध्यमकंबूलयोग



नाम अत्यन्त प्रयास से होवेगा ऐसा कहना, यह चौदहवां भेद है।

अन्य अधम कम्बूल योग का लक्षण।

इन्दुर्नीचारिगेहस्थः पदोनेनेत्थशालकृत।
कम्बूलमध्यमं ज्ञेयं पूर्वतुल्यफलप्रदम् ॥ ४६ ॥

भाषार्थः—यदि चन्द्रमा अपने नीच राशि व अपने शत्रु के घर में स्थित होकर उत्तम मध्यम व अधम अधिकारों से रहित परस्पर मुथशिल योग को करते हुए लग्नाधीश व कार्याधीश के साथ इत्थशाल योग करे तो अधम नाम कम्बूल योग होता है, यहां चन्द्रमा का अधम अधिकार है और लग्नाधीश कार्याधीश का सम अधिकार है, इस कारण अधम नामक कम्बूल योग कहा है, यह पूर्वोक्त कम्बूल योग के समान फल को देता है ॥ ४६ ॥

अधम कम्बूल योग का उदाहरण।

जैसे किसी ने राज्य लाभ निमित्त प्रश्न किया तो उस समय वृष लग्न उसका स्वामी शुक्र छः अंशों का सिंह राशि का चतुर्थ भवन में स्थित है और राज्य (दशम) भाव का स्वामी शनैश्चर दस अंशों से युक्त होकर वृष राशि पर मूर्ति में विराजमान है और चन्द्रमा तीन अंशों से अपने नीच राशि (वृश्चिक) पर सप्तम भाव में विद्यमान है और लग्नाधीश (शुक्र) कार्याधीश (शनि) और चन्द्रमा इन तीनों का परस्पर इत्थशाल योग होनेसे अधम नाम कम्बूल योग हुआ, यहां राज्यकी प्राप्ति अति यत्न से होगी ऐसा कहना यह पन्द्रहवां भेद हुआ।

अधमकम्बूलयोगचक्रम्

अथ अधमाधम कम्बूल के लक्षण।

नीचारिभस्थखेटेन नीचारिभगतः शशी।
नीचस्थगानां कम्बूलमधमाधममुच्यते ॥ ४७ ॥

भाषार्थः—यदि चन्द्रमा अपने नीच राशि में, शत्रु की राशि में स्थित होकर अपने शत्रु के घर व अपने नीच राशि में प्राप्त परस्पर इत्थशालयोग

[illegible] के साथ [illegible] योग करे तो उत्तम [illegible] कम्बूल योग होता है, यहां [illegible] लग्नेश कार्येश और चंद्रमा इन तीनों का [illegible] इस प्रकार उत्तमाधम कम्बूल योग कहते हैं।

उत्तमाधम कम्बूल का उदाहरण।

जैसे किसी ने पूछा [illegible] उसका स्वामी बृहस्पति अपने [illegible] राशि में [illegible] विराजमान है, और [illegible] का स्वामी [illegible] मीन राशि में स्थित है, और चन्द्रमा अपने नीचराशि के [illegible] होकर विराजमान है और इन दोनों का परस्पर मुथशिल योग होने से उत्तमाधम कम्बूल योग हुआ, क्योंकि यहां [illegible] बलवान [illegible] नहीं होगा ऐसा कहना यह कम्बूल भेद हुआ।

उत्तमाधमकम्बूलयोग

उत्तमोत्तम कम्बूल योग का उदाहरण।

मेषे रविः कुजो वाऽपि वृषे कर्केऽथवा शशी।
न चेत्स्वशाली कम्बूलमुत्तमोत्तमकार्यकृत्॥ ४८॥

भावार्थ—यहां पुत्र लाभ प्रश्न में मेष लग्न है लग्नाधीश व कार्याधीश सूर्य ये दोनों मेष राशि में विराजमान हैं, दोनों का मुथशिल योग है और चंद्रमा वृषराशि वा कर्कराशि का [illegible] होकर इत्थशाल योग करे तो यह उत्तमोत्तम नामक कम्बूल योग हुआ, यह उत्तम (मनवांछित) कार्यों के फल के देने वाला जानना॥ ४८॥

उत्तमोत्तमकम्बूलयोगः

अब दूसरा उदाहरण स्पष्ट दिखाते हैं—जैसे पुत्र लाभ प्रश्न में मेष लग्न उसका स्वामी मंगल लग्न में अपने घर विद्यमान है, और कार्येश (पंचमभाव का स्वामी) सूर्य अपने उच्च मेष राशि में स्थित है, और चन्द्रमा अपने घर कर्क राशि में विराजमान है, यहां तीनों लग्नेश (मंगल) कार्येश (सूर्य)

के ही मुथशिल आदि योग विचारने चाहिये, यह जो कितने ही आचार्यों का मत है वह अयुक्त है कोई विशेष प्रमाण नहीं पाया जाता है, क्यों कि लग्नाधीश व कार्याधीश इन्होंने अपने नीच घरमें स्थित किसी एक ग्रहके दूसरे ग्रहका यदि इत्थशाल योग होवे तो वह कार्यों (वांछित मनोरथों) का नाश करने वाला होता है ऐसा कहा गया, एवं लग्नेश कार्येश परस्पर एक राशि में स्थित होके इत्थशालयोग करें तो वह इत्थशाल कार्यों का नाश करने वाला होता है, यह कहा गया कि जिसको यहां समरसिंह के बनाये हुये 'ताजिक संज्ञातंत्र' में प्रगट रूप कहा है और उन्हीं का आशय यह है कि जैसे नीच नीच के साथ मुथशिल (इत्थशाल) को करें तथा शत्रु शत्रु के साथ मिलाप करें तो वह कम्बूल मनो. कामनाओं सिद्ध करने वाला नहीं होता है, और इस योग में चन्द्रमा भी विनाशकारी होता है, यहां एक राशिमें स्थित ग्रहों के दूसरे योगका अर्थात् "रिपुणारिणोः" इस योग का संभव हो सकता है परन्तु 'नीचगस्य नीचेन' इस योगका सम्भव किसी प्रकार से नहीं दीख पड़ता है, और जो ग्रन्थकर्ता नीलकण्ठने लिखा है सो तो प्रतिष्ठित आचार्यों के बनाये हुए ग्रन्थोंके लेखको अवलोकन कर लिख दिया है, यह विद्वज्जनों करके विचारणीय है ॥५२॥

फलोत्पत्ति ज्ञानार्थ कम्बूलयोग के दूसरे भेद ।

लग्नकार्यपयोरित्थशाले चेकोऽस्ति नीचगः ।
स्वर्क्षादिपदहीनोऽन्योऽत्रेन्दुः कम्बूलयोगकृत् ॥५३॥

भा०—पूर्व अभिन्न अधिकार में स्थित अर्थात् एक अधिकार में स्थित लग्नेश व कार्येश के चन्द्रमा करके इत्थशाल योग के रहते कंबूल योग [illegible] उन्हीं लग्नेश और कार्येश के अधिकार भेदको कहते हैं, जहां लग्नेश व कार्येश का इत्थशाल विचारना होवे वहां उन्हीं लग्नेश व कार्येश में से एक अपने नीच राशि में बैठा हो, और दूसरा [illegible] हो) अपनी राशि, और अपने २ उच्च [illegible] नीच व शत्रु के घर में न हो किन्तु सम अधिकार में

स्थित हो और इसी सब अधिकार में स्थित होकर चन्द्रमा यदि इत्थशाल योग को करे तो कम्बूल योग होता है ॥ ५३ ॥

स्थान सहित कम्बूल योग का फल ।

तत्र कार्याऽल्पलाभोवा यथाजात्यन्यमर्थयन् ।
अन्यजातिः पुमानर्थंतथैतत्कवयोविदुः ॥ ५४ ॥

भावार्थः—इस कम्बूल योग में थोड़े कार्यों की सफलता जाननी चाहिये, अर्थात् यह कम्बूल योग थोड़े फलों का देने वाला होता है, जैसे अन्य जाति वाला पुरुष विजातीय से जब याचना करता है तब थोड़े अर्थ (धन) को पाता है, वैसे ही यह कम्बूल योग थोड़े फलों का देने वाला होता है, ऐसा पण्डित लोग मानते हैं ॥ ५४ ॥

गैर कम्बूल योग के लक्षण ।

यस्याधिकारः स्वर्क्षादिः शुभो नाप्यशुभोऽपि च ।
केनाप्यदृश्यमूर्त्तिश्च सशून्याध्वग इष्यते ॥ ५५ ॥

भा०—जिस ग्रह का स्वर्क्षादि अधिकार नहीं होवे अर्थात् जिस ग्रह का अपना घर अपना उच्च, हद्दा द्रेष्काण व नौवांश वाला शुभ फलों का देने वाला अधिकार नहीं दीख पड़े और अशुभ भी अधिकार नहीं होवे अर्थात् अपना नीच घर व अपना शत्रु वाला अशुभ फलों का देने वाला भी अधिकार नहीं होवे और किसी शुभ ग्रह से वा पाप ग्रह से देखा न जावे तो यह शून्याध्वग (शून्य मार्गगामी) कहा जाता है, इस अर्थ में प्रमाण वाक्य कोई नहीं दीख पड़ता है, क्योंकि समरसिंह आदि आचार्यों ने नहीं कहा है इस कारण से इसे प्रमाण रहित समझना चाहिये ॥ ५५ ॥

गैर कम्बूल योग का लक्षण ।

लग्नकार्येशयोरित्थशाले शून्याध्वगः शशी ।
उच्चादिपदशून्यत्वान्नेत्थशालोऽस्य केनचित् ॥ ५६ ॥
यद्यन्यर्क्षं प्रविश्यैष स्वर्क्षोच्चस्थैरित्थशालवान् ।
गैरिकम्बूलमेतत्तु पदोनेनाशुभं स्मृतम् ॥ ५७ ॥

भा०-लग्नेश व कार्येश का परस्पर इत्थशाल योग होवे और वहां जो चन्द्रमा शून्य मार्गगामी हो और चन्द्रमा के साथ हो, लग्नेश व कार्येश इन्हों में से किसी एक करके मुथशिल योग नहीं होवे ॥ ५६ ॥ और ऐसा चन्द्रमा यदि राशि के अन्त में वर्तमान होकर अगाड़ी राशि में प्रवेश करे और जिस राशि में प्रवेश किया हो वह राशि जिस ग्रह का अपना घर व अपना उच्च हो वह ग्रह इसी राशि में यदि स्थित होवे और उसी ग्रह के साथ चन्द्रमा यदि मुथशिल योग करे तो वह गैर कम्बूल योग होता है, यह गैर कम्बूल पूर्व कहे कम्बूल भेदों के समान फलों का देने वाला होता है यह विशेष जानना चाहिये और जो अन्य राशि में स्थित चन्द्रमा उसी राशि में स्थित स्वगृह आदि अधिकारों से रहित ग्रह के साथ इत्थशाल योग करे तो यह गैरिकम्बूल अशुभ फल का देने वाला कहा है ॥ ५७ ॥

गैर कम्बूल का उदाहरण ।

लभ्यते सुखमिति प्रश्ने सिंहलग्ने रवि क्रिये ।
अष्टांशैः सुखपः कुम्भे भौमोऽशैस्त्रिभिस्तयोः ॥ ५८ ॥
इत्थशालोऽस्ति तत्रेन्दुः कन्यायां चरमेंऽशके ।
स्वर्क्षादिपदहीनस्य नेत्थशालोऽस्ति केनचित् ॥ ५९ ॥
स्वोच्चगेन शनिनाऽन्यर्क्षस्थे नेत्थशालकृत् ।
गैरिकम्बूलमन्येनमाहात्म्यालाभदायकम् ॥ ६० ॥

भा०-जैसे किसी ने पूछा कि हमको सुख प्राप्त होगा? इस प्रश्न में [illegible] सिंह है [illegible] कार्य मेष और अङ्कों से युक्त होकर मेष राशि [illegible] है, और सुख भाव (चौथे घर) का स्वामी मङ्गल बारह अंशों [illegible] है और इन दोनों लग्नेश (सूर्य) और कार्येश [illegible] का परस्पर इत्थशाल योग है, तहां इस योग के रहते [illegible] राशि के [illegible] (तीसवें अंश) के विषे वर्तमान और [illegible], [illegible] लग्नेश वा कार्येश इन्हों में से किसी के साथ [illegible] है [illegible] दूसरी राशि के जाने वाला है,

यह तुलाराशि शनैश्चर का उच्च है, इसी में बैठे हुये शनैश्चर के साथ मीनराशिस्थ में तुलाराशि में प्राप्त होकर चन्द्रमा इत्थशाल योग करता है इससे यह गैरिकम्बूल योग सिद्ध हुआ, इसका फल यह है कि किसी श्रीमान् की सहायता से सुखलाभ होवे, अब इसी कहे हुये योग में तुलाराशि के विषे बुध आदि ग्रह स्थित हो कि जिसका शुभ या अशुभ कोई भी अधिकार नहीं है, वहाँ बैठा हुआ चन्द्रमा जो बुध के साथ इत्थशाल योग करे तो यह गैरिकम्बूलयोग अशुभ फलका देने वाला होता है ऐसा जानना ॥ ६० ॥

गैरिकम्बूलयोगचक्र

खल्लासर योग के लक्षण ।

शून्येध्वनीन्दुरुभयोर्नेत्थशालो नवायुतिः।
खल्लासरो न शुभदः कम्बूलफलनाशनः ॥६१॥

भा०—जो चन्द्रमा शून्य मार्गगामी होकर लग्नेश व कार्येश इन्हों में से किसी एक के साथ भी इत्थशाल योग को नहीं करे अथवा चन्द्रमा लग्नाधीश व कार्याधीश इन्हों में किसी के साथ नहीं होवे, तो यह खल्लासर योग शुभ नहीं जानना, तथा यह योग कम्बूल योग के फलको नाश करने वाला शुभ फलों (वांछित कार्यों) का देने वाला नहीं होता है ऐसा जानना ॥ ६१ ॥

दुर्बल का लक्षण ।

अस्तनीचरिपुवक्रहीनभा दुर्बलोमुथशिलं करोति चेत् ।
नेतुमेष न विभुर्यतो महान्ते मुखेऽपि न स कार्यसाधकः॥६२॥

भा०—जो ग्रह अस्त होगया हो, नीच घरमें स्थित हो, शत्रु के घरमें हो, वक्री हो, और तेज रहित होवे ऐसा ग्रह दुर्बल जानना चाहिये यदि दुर्बल ग्रह किसी भावके स्वामी के साथ इत्थशाल योग को करे तो वह ग्रह अन्त और आदि में उस भावके स्वामी के कार्यों का साधक नहीं होता है, कि जिस कारण वह ग्रह तेज लेने को समर्थ नहीं होता है ॥ ६२ ॥

ग्रहयोग का समय विशेष से फल पाक ।

केन्द्रस्थ आपोक्लिमगं युनक्ति भूत्वादितो नश्यति कार्यमन्ते ।
अपोक्लिमस्थो यदि केन्द्रयातं विनश्य पूर्वं भवतीत पश्चात्॥६३॥

भा०—यदि कार्येश निर्बल होवे और केन्द्र । १ । ४ । ७ । १० स्थान में स्थित होकर आपोक्लिम ३ । ५ । ६ । १२ स्थान में स्थित हुए लग्नाधीश के साथ इत्थशाल योग करे तो आदि में विशेष कार्य होकर अन्त में नाश हो जाता है और जो बलरहित कार्येश आपोक्लिम में स्थित होकर केन्द्र में वर्तमान लग्नाधीश के साथ इत्थशाल को करे तो पहिले विशेष कार्य नाश को प्राप्त होकर पश्चात् कार्य सिद्धि करे ऐसा कहना ॥ ६३ ॥

दुफालिकुत्थ योग ।

मन्दःस्वभोच्चादिपदे स्थित श्चेत्पदोनशीघ्रेण कृतेत्थशालः ।
तत्रापि कार्यं भवतीति वाच्यं वक्रादिनिर्वीर्यपदे न चेत्स्यात्॥६४॥

भा०—मन्द गतिवाला ग्रह अपने २ घर, उच्च द्रेष्काण, हद्दा, और नवांश में स्थित होकर शुभ अधिकार से रहित शीघ्री ग्रह के साथ यदि इत्थशाल योग करे तो भी अभीष्ट कार्य सिद्ध होता है, ऐसा कहना और यदि [illegible] ग्रह अस्त हो, अपने नीच घर शत्रु राशिमें स्थित हो वा वक्री हो तो अभीष्ट (मनवांछित) कार्य की सिद्धि नहीं होती है, ऐसा कहना चाहिये ॥ ६४ ॥

दुत्थोत्थ दिवीर योग ।

[illegible] लग्ननाथौ स्वत्र्चादिगे नान्यतरोयुनक्ति ।
[illegible] द्वौ बलिनौ [illegible] कार्यमुशन्ति सन्तः ६५

[illegible] दोनों वीर्य (बल) हीन होय अर्थात [illegible] हो वा वक्री होके तेजोरहित होवें उन दोनों [illegible] ग्रह अपने घर, अपने उच्च, अपने [illegible] हुए तीसरे के साथ इत्थशाल [illegible] में [illegible] का लाभ होवेगा, [illegible] ग्रह अपने घर, व अपने

ग्रह, व अपने हद्दा में और नवांशों में प्राप्त होकर बलवान होवें और लग्नाधीश या कार्याधीश इन्हीं में से किसी ग्रह के साथ इत्थशाल योग करें तो भी किसी प्रकार की सहायता से कार्य सिद्ध होवे ता ऐसा महात्मा जनों ने वर्णन किया है ॥ ६५ ॥

तम्बीर योग का लक्षण ।

बलीराश्यन्तगोऽन्यर्क्षगामी दीप्तांशकैर्यदि ।
इत्थेन्यस्मैं कार्यं करस्तम्बीरो लग्नकार्ययोः ॥ ६६ ॥

भा०—जब लग्नाधीश वा कार्याधीश इन दोनों का परस्पर इत्थशाल योग नहीं होवे, तब लग्नेश व कार्येश इनमें से कोई बलवान ग्रह राशि के अन्तिम अंश में वर्तमान होकर आगे राशि में जाने वाला होवे तो वह ग्रह आगे की राशि में स्थित ग्रह के निवास में त देता है इसको यह तम्बीर योग होता है, जिसे यावनी भाषा में तम्बीर कहते हैं और यदि आगे की राशि में गमन करने वाला ग्रह अपने २ घर, उच्च, हद्दा, व द्रेष्काण आदि बलों से युक्त होवे तो यह योग अवश्य कार्यों की सिद्धि करने वाला होता है ॥६६॥

कुत्थयोग का लक्षण ।

लग्नेऽथकेन्द्रे निकटेऽपिवास्य विलग्नदर्शी स्वगृहोच्चहद्दके ।
मुसल्लहे स्वे त्रिजहद्दगो वा बली ग्रहो मध्यगतिस्त्वशीघ्रः॥६७॥

भा०—कुत्थ शब्द को यावनी भाषा में बली ग्रह कहा जाता है, वह बल अनेक प्रकार का है, उनमें कितनेक भेदों को कहते हैं—सबों की अपेक्षा लग्न में स्थित रव्यादि ग्रह बली होता है, उसके अभाव में केंद्र १ । ४ । ७ १० स्थान में स्थित ग्रह बली जानना, परंतु लग्नस्थ ग्रह की अपेक्षा से केन्द्रस्थ ग्रह न्यून बली जानना उसके अभाव में केंद्र के निकट पणफर २ । ५ । ८ । ११ स्थान में स्थित ग्रह बली होता है, परंतु केंद्रस्थ ग्रह की अपेक्षा इसको न्यून बली जानना, उसके अभाव में जो ग्रह लग्न को देखता है वह बली कहा जाता है, तथा जो ग्रह अपने घर,अपने उच्च, अपने द्रेष्काण अपने नवांश व हद्दा में वर्तमान है वह भी बली होता है, तथा मध्य गति

[illegible] अर्थात् ५९ कला ५ विकला वाला ग्रह और अल्प गति वाला ग्रह बलवान होता है ॥ ६७ ॥

कुन्य के अन्य भेदों का वर्णन ।

क्रूनोयदयो मार्गगतिः शुभेन युतेक्षितःक्रूरखगस्य दृष्ट्या ।
चुनाख्ययानाधिगतो न युक्तः क्रूरेण सायं च सितेन्द्रभौमाः॥६८॥
यदोदयं ते पररात्रिभागेजीवाऽर्कजा वन्हिनराः सवीर्याः ।
अन्ये निशीनस्य नवैकभागे स्थिताः स्थिरर्क्षे च बलेन युक्ताः॥६९॥

भावार्थः-जिस ग्रह का उदय हुआ हो वह भी बलवान होता है और जो ग्रह मार्गी होकर शुभ ग्रहों से युक्त व देखा जावे उसको बली कहते हैं, तथा जो पाप ग्रहों की (क्षुताख्या) चौथी, दसवीं, सातवीं वा पहली दृष्टि से नहीं देखा जाय वह ग्रह बली होता है और जो क्रूर ग्रहों से युक्त नहीं होवे वह भी बली कहा जाता है, इस प्रकार सामान्यता से ग्रहों का बल [illegible] कहते हैं, शुक्र चन्द्रमा व मङ्गल ये ३ ग्रह [illegible] में उदय होवें तो बलवान होते हैं ॥ ६८ ॥ बृहस्पति व शनैश्चर [illegible] रात्रि के उत्तर भाग में बली कहे जाते हैं, तथा पुरुष संज्ञक ग्रह [illegible], मङ्गल [illegible] बृहस्पति ये दिन में बली जानना, इनसे अन्य ग्रह चन्द्र, बुध और शुक्र [illegible] ये चारों रात्रि में बली होते हैं और सूर्य जिस [illegible] में [illegible] उसी राशि में यदि ग्रह स्थित हों तो बलवान होते हैं, [illegible] " अन्ये निशीनस्य नवैकभागे स्थिताः " ऐसा पाठ है और " अन्ये [illegible] " ऐसा भी पाठ कितनेक पण्डित कहते हैं, [illegible] और [illegible] अंशों पर विराजमान होकर मिथुन के नवांश [illegible] मिथुन में ग्रह विराजमान होवें तो बलवान जानने चाहियें, [illegible] और [illegible] स्थिर राशियों में बैठे हुए ग्रह [illegible] ॥ ६९ ॥

[illegible] प्रकार का वर्णन ।

[illegible] ओजभगाः पुमांसः ।
[illegible] निगद्यम् ॥७०॥

भावार्थ—जो मंगल ग्रह चौथे से लेकर नवम पर्यन्त बलवान होते हैं और प्रश्न लग्न पर दशों में लेकर ग्यारहवें स्थान पर्यन्त बली कहे जाते हैं, तथा विषम लग्न में बैठे हुए शुक्र मंगल ग्रह अधिक बलवान होते हैं, और अपर भी मंगल ग्रह सप्तम स्थान में विद्यमान होवें तो बली होते हैं इन पूर्वोक्त अनेक प्रकारों से विशेष शुभ अधिकार का विचार कर शुभ फल कहना चाहिये ॥ ७० ॥

दुर्बल योग का लक्षण ।

लग्नात्षष्ठाष्टमस्थेऽनुजुररिगृहगो नीचगो वक्रगामी क्रूरेः शुक्रोऽस्तगो वा यदि न शुभशिली क्रूरनीचारिभस्थैः । क्षुद्ध्या क्रूरदृष्टो व्ययरिपुमृतिगैरित्थशालं विधित्सुः कुर्वन्वा निर्बलो यः स्वगृहनगभगो राहुपुच्छास्यवर्ती ॥ ७१ ॥

भा०—यहां दुर्बल शब्द को पारसी भाषा में कमजोर कहते हैं, यह निर्बलता अनेक प्रकार है सो कहते हैं,—वर्षलग्न, मासलग्न, दिनलग्न व प्रश्न लग्न से जो ग्रह ६।८।१२ स्थानों में से किसी भी स्थान में विद्यमान हो तो वह बलहीन होता है, ऐसे ही वक्री ग्रह, शत्रुराशि में स्थित ग्रह, नीचराशि स्थित ग्रह निर्बल जानना, तथा अस्ताभिलाषी ग्रह व पापग्रहों से युक्त ग्रह निर्बली होता है, और यदि पापग्रह शत्रुराशि में स्थितग्रह व नीचराशि में स्थित ग्रहों के साथ जो ग्रह इत्थशाल करे, वह निर्बल जानना, और जो ग्रह पापग्रहों से क्रुद्धदृष्टि अर्थात् पहले चौथे सातवें दशवें स्थानगत दृष्टि से देखा जावे तो वह हीन होता है, तथा जो ग्रह बारहवें, छठे, सातवें स्थान में बैठे हुए ग्रहों के साथ इत्थशाल योग करे अथवा इच्छा करता हो, तो भी उसे निर्बल कहते हैं, और जो ग्रह अपने घर से सातवें स्थान में बैठा होय तो वह निर्बल होता है, जैसे मंगल का मेषस्थान है उससे सातवीं तुलाराशि हुई यदि इसमें कोई ग्रह स्थित होवे तो उसे निर्बल कहते हैं अर्थात् जिस राशि में बैठा हुआ ग्रह स्थित होवे वह राशि ग्रह के अपने घर से यदि सातवीं दीख पड़े तो निर्बल समझना चाहिये, और राहु के मुख अंश पुच्छ और सौम्य अंश मुख जानना, वहां जो ग्रह स्थित होवें तो उसे बलहीन जानना चाहिये ॥ ७१ ॥

अन्य अशुभ प्रकारों का वर्णन ।

अनीक्षमाणस्तनुमस्तभाग स्थितः स्वभोच्चादिपदैश्चशून्यः ।
क्रूरे मराफी न स वीर्ययुक्तः कार्यं विधातुं नविभुर्यतोऽसौ॥७२॥

भावार्थ—जो ग्रह लग्न को नहीं देखता है वह बलहीन जानना, और जो अस्त भाग में स्थित हो तो वह भी निर्बली होता है अथवा सूर्य जिस राशि नवांश में हो उससे सातवां जो नवांश उसमें बैठा हुआ ग्रह निर्बली जानना तथा जो ग्रह अपने घर व उच्च व अपने द्रेष्काण वा नवांशादि अधिकारों से शून्य हो तो वह निर्बली होता है और जो ग्रह पापग्रहों के साथ ईसराफ योग करै तो वह बलवान् नहीं होता है, जिससे कि यह ग्रह वांछित कार्य को करने के अर्थ समर्थ नहीं होता है इस कारण आचार्य ने उस ग्रह को बलहीन वर्णन किया है ॥ ७२ ॥

चन्द्रमा के अत्यन्त निर्बलत्व का वर्णन ।

चन्द्रस्सूर्याद्द्वादशे वृश्चिकाद्ये खंडेऽनिष्टोऽन्त्ये तुलायां विशेषात्।
राशीशेनादृष्टमूर्तिर्न सर्वैर्दृष्टोऽज्ञेयः शून्यमार्गी पदोनः ॥ ७६ ॥

भावार्थ - सूर्य जिस राशि में स्थित हो उस राशि से बारहवें जो चन्द्रमा स्थित होवे तथा वृश्चिक राशि के पूर्वार्द्ध (प्रथम खंड) में चन्द्रमा स्थित हो तो निर्बल होता है और तुलाराशि के उत्तरखंड (पिछले भाग) में स्थित चन्द्रमा विशेष करके शुभ फलों का देने वाला नहीं होता है, तैसे ही जिस राशि में चन्द्रमा विराजमान हो उस राशि के स्वामी करके यदि देखा न जावे तथा सम्पूर्ण ग्रहों से देखा न जावे तो भी निर्बल जानना, तथा जो चन्द्रमा शून्यमार्ग में स्थित हो तो और अधिकारों से रहित हो तो चन्द्रमा को बलहीन जानना चाहिये ॥ ७३ ॥

चन्द्रमा के अन्य दुष्टयोगों का वर्णन ।

[illegible] जन्मकाले पृच्छायां वा चन्द्र एवं विचिन्त्यः
[illegible] वीचनेनाऽशुभोऽसौ ७४

भा०—क्षीण चन्द्रमा, जो कृष्ण पक्षकी अष्टमी से शुक्ल पक्षकी अष्टमी तक रहताहै तथा राशिके अन्तिम अर्थात् अन्त्यमें नवांशमें चन्द्रमा स्थित हो तो निर्बल होता है, सब जन्म लग्न व प्रश्न लग्न में चन्द्रमा निर्बल कर चिन्तवन करना चाहिये, और शुक्ल पक्षमें मंगल कृष्ण पक्षमें शनैश्चर जैसे शुभ नहीं होते हैं, यदि ये दोनों स्थान दृष्टि से (क्रूरदृष्टि) देखते हों तो वह चंद्रमा शुभ फलों को नहीं देता है ऐसा सिद्धांत जानना ॥ ७४ ॥

चन्द्रमा के दोषाल्पत्व का वर्णन ।

शुक्ले दिवा नृगृहगोऽर्कसुतः शशांकं कृष्णेकुजे निशि समर्क्षगतः प्रपश्यन् । दोषाल्पतां वितनुतेऽन्यथा बहुत्वं प्रश्नेऽथवा जनुषि बुद्धिमतोहनीयम् ॥ ७५ ॥

भा०—शुक्ल पक्षमें दिनके विषे पुरुष राशि (मे० मि० सिं० तु० ध० कुं०) में स्थित शनैश्चर यदि चंद्रमाको देखता होवै तो दुष्टयोग की अल्पता को देता है, अन्यथा अर्थात् यदि शनैश्चर नहीं देखता होवे तो दुष्टयोग की बहुलता को देता है, तथा कृष्ण पक्षमें रात्रि समय यदि मंगल समराशि (वृ० क० क० वृ० म० मी०) में स्थित होकर यदि चंद्रमाको देखे तो दुष्टयोग को न्यून करताहै, यदि मंगल नहीं देखता होवै तो बहुत दोषों को प्रगट करता है, यह सम्पूर्ण विचार प्रश्न लग्न अथवा जन्म लग्न में बुद्धिमान पंडितों करके विचार करना योग्य है और वर्ष लग्न आदिमें भी चिन्तवन करना, यह षोडश योगोंका विषय समाप्त हुआ ॥ ७५ ॥

सम्पूर्ण ग्रहों के चार हर्ष स्थानों का वर्णन ।

नन्दत्रिषड्लग्नभवर्क्षपुत्रव्यया इनाद्धर्षपदं स्वभोच्चम् ।
त्रिभं त्रिभं लग्नमतःक्रमेण स्त्रीणां नृणां रात्रिदिने च तेषु॥७६॥

भा०—तहां पहले हर्ष स्थान को दिखाते हैं, कि सूर्य को आदि ले, सम्पूर्ण ग्रहों के नवमादि स्थानों में स्थित प्रथम होने से हर्ष फल कहे हैं जैसे नवम घरमें सूर्य, तीसरे स्थान में चन्द्रमा, छटे घरमें मंगल, लग्नमें बुध, एकादश स्थानमें गुरु, पंचम स्थान में शुक्र, बारहवें भावमें शनैश्चर स्थित हो तो हर्षद जानना, अब दूसरे हर्ष स्थान को दर्शाते हैं, जब ग्रह अपनी

राशि व अपने उच्च राशिमें स्थित हो तब हर्षित जानना चाहिये, अब तीसरे हर्ष स्थान को वर्णन करते हैं, लग्न से तीन २ राशियों के क्रम करके स्त्री संज्ञक ग्रहों वा पुरुष संज्ञक ग्रहोंका हर्षित होता है, अर्थात् लग्न से १। २। ३ स्थान में बैठे स्त्री संज्ञक ग्रह हर्षित जानना, तथा ४।५।६ में पुरुष ग्रह हर्षित जानना, और ७।८।९ इन स्थानों में स्त्री ग्रह, व १०।११।१२। इन भावों मे पुरुष ग्रह हर्षित जानना, अब चौथा हर्ष स्थान कहते हैं कि स्त्री संज्ञकग्रह और पुरुष संज्ञकग्रह ये दोनों क्रमसे रात्रि व दिनमें हर्षद होते हैं, अर्थात् जब रात्रिमें वर्ष प्रवेश होय तो स्त्री संज्ञक ग्रह हर्षद होते हैं, और दिनमें वर्ष प्रवेश होय तो पुरुष संज्ञक ग्रह हर्षद होते हैं [illegible] चारों प्रकार के हर्ष बलमें पांच पांच विश्वाका बल होता है, जिस [illegible] चारों प्रकार से हर्ष बल पाया जावै तो पूर्ण २० विश्वाका बल जानना, [illegible] चन्द्रमा, शनैश्चर, शुक्र, बुध, इन चार ग्रहों को स्त्री [illegible] करते हैं, और सूर्य, मंगल, बृहस्पति इन तीन ग्रहों को पुरुष संज्ञक [illegible] हैं, यहां नपुंसक ग्रह नहीं है ॥ ७६ ॥

अथ हर्षस्थानबलचक्रम्

ग्रह	सू	चं	मं	बु	बृ	शु	श
स्थान	०	०	०	०	०	०	०
उच्च	०	०	०	०	५	०	५
स्त्री	५	०	०	५	०	५	५
रा दि	५	०	५	०	५	०	०
विशो	१०	०	५	५	१०	५	१०

[illegible] नीलकण्ठीताजिकग्रन्थे [illegible] योगादिवर्णनं नाम द्वितीय प्रकरणम् ॥ २ ॥

अथ [illegible] तृतीयप्रकरणं प्रारभ्यते ॥ ३ ॥

[illegible]

[illegible] मयानाय ।
[illegible] विनमस्तु कर्म ॥ १ ॥
[illegible]
[illegible] कार्यसिद्धिः

उद्वाहसूतिसन्तापाः श्रद्धाप्रीतिर्बलंतनु ।
जाड्यव्यापारसहमे पानीयपतनंरिपुः ॥ ३ ॥
शौर्योपायदरिद्रत्वंगुरुताम्बुपथाभिधम् ।
बन्धनं दुहिताऽश्वश्चपञ्चाशत्सहमानिह ॥ ४ ॥

भाषार्थः—यहां पुण्य आदि पचास सहमों के नाम लिखकर सहमों के लाने का प्रकार लिखते हैं—१ पुण्य, २ गुरु, ३ ज्ञान (विद्या), ४ यश, ५ मित्र, ६ माहात्म्य, ७ आशा, ८ सामर्थ्य, ९ भ्राता, १० गौरव, ११ राज, १२ तात, १३ माता, १४ सुत, १५ जीव, १६ अम्बु, १७ कर्म ॥ १ ॥ १८ रोग, १९ मदन, २० कलि, २१ क्षमा, २२ शास्त्र, २३ बन्धु, २४ बन्धक, २५ मृत्यु, २६ परदेश, २७ धन, २८ अन्यदारा, २९ अन्य कर्म, ३० वणिक्, ३१ कार्यसिद्धि ॥ २ ॥ ३२ विवाह, ३३ प्रसूति, ३४ सन्ताप, ३५ श्रद्धा, ३६ प्रीति, ३७ बल, ३८ देह, ३९ जाड्य, ४० व्यापार, ४१ पानीयपतन, ४२ शत्रु ॥ ३ ॥ ४३ शौर्य, ४४ उपाय, ४५ दरिद्रत्व, ४६ गुरुता, ४७ अम्बुपथ, ४८ बन्धन, ४९ दुहिता, ५० अश्व, ये पचास सहम हैं ॥ ४ ॥

पुण्य सहम का साधन ।

सूर्योनचन्द्रान्वितमह्निलग्नंवीन्द्वर्कयुक्तंनिशिपुण्यसंज्ञम् ।
शोध्यर्क्षशुद्धाश्रयभान्तरालेलग्नंनचेत्सैकभमेतदुक्तम् ॥ ५ ॥

भा०—जो दिन में वर्ष प्रवेश होवे तो चन्द्रमा में सूर्य को घटा देवे, यदि रात्रि में वर्ष प्रवेश होवे तो सूर्य के विषे चन्द्रमा का शोधन करना अनन्तर शेष में लग्न को जोड़ देना और आगे कहे अनुसार एक और जोड़ना तो पुण्य सहम होता है, अब सम्पूर्ण सहमों के साधनों में विशेष संस्कार कहते हैं कि शोध्य राशि और शुद्धाश्रय राशि इन दोनों के बीच में यदि लग्न नहीं होवे तो सहम में एक राशि को जोड़ देना चाहिये अर्थात् जो ग्रह कम किया जाय (घटाया जावे उसे) शोध्य कहते हैं, और जिससे ग्रह शोधा जाय वह शुद्धाश्रय (शोधक) कहाता है, इन दोनों ग्रहों के राशियों के बीच में यदि लग्न नहीं होवे तो कहे हुए राश्यादि पुण्य सहम में ए-

राशि और जोड़ देना चाहिये, यदि शोध्य शोधक इन्हों के बीच में लग्न होवे तो नहीं जोड़ना चाहिये यह अर्थ ही से सिद्ध हुआ, (शोध्यक्ष शुद्धा-श्रयम्) यह उपलक्षण मात्र है भाव सहम साधन में भी इसी प्रकार जानना ॥ ५ ॥

पुण्य सहम साधन का उदाहरण ।

जैसे दिन को वर्ष प्रवेश हुआ सो राश्यादि ५ । २२ । ९ । ४७ यह शोधक चन्द्रमा है इसमें राश्यादि ९ । ७ । ३० । ६ यह शोध्य सूर्य घटाया तो ८ । १४ । ३९ । ४१ यह शेष रहा, इसमें स्पष्ट लग्न राश्यादि [illegible] । १८ । १० । १६ युक्तकर दिया और [illegible] एक राशि को जोड़ दिया तो राश्यादि [illegible] । २ । ४९ ॥ ५७ यह पुण्य सहम सिद्ध हुआ, यहां चन्द्रमा शोधक है और शोध्य सूर्य है इस कारण चन्द्रमा की राशि कन्या तक सूर्य की राशि मकर से गिनी तो शोध्य शोधक के बीच में लग्न (मेष राशि) [illegible] है इस कारण यहां एक युक्त नहीं किया यह सिद्धान्त है ।

अथ सहमानयनार्थं सलग्नसूर्यादयो ग्रहाः							
ल	सू	च.	मं.	बु	गु	शु	श
०	९	५	८	८	८	७	६
१८	७	२२	२२	१२	१९	१५	२२
१०	३०	९	३६	१६	३४	३१	२४
१६	६	४७	१	९	१३	४८	३२

गुरु सहम, विद्या सहम, यशः सहम का साधन ।

[illegible]संस्मात्तुगुरुविद्ययोस्तु संसाधनंपुण्यवियुक्सुरेज्यः ।
दिवा[illegible]निशिपूर्वतत् यशोमिधं तत्सहमंवदन्ति ॥ ६ ॥

[illegible] जिस रीति से पुण्य सहम साधन किया जाता है उससे विपरीत [illegible] गुरु सहम और विद्या सहम का साधन करना. जैसे दिन में जो [illegible] सूर्य में चन्द्रमा को घटाया शेष में लग्न जोड़ना और रात्रि [illegible] चन्द्रमा में सूर्य का घटाना शेष में लग्न जोड़ [illegible] [illegible] दोनों सहम सिद्ध होते हैं. यशः [illegible] है कि दिन के वर्ष प्रवेश होय तो पुण्य सहम [illegible] [illegible] वर्ष प्रवेश होय तो पुण्य सहम में बृहस्पति को [illegible] [illegible] [illegible]

गुरु विद्या सहम का उदाहरण ।

प्रथम पुण्य सहम विपरीत क्रमानुसार गुरुविद्या सहम साधते हैं, शोधक सूर्य [illegible] । ३ [illegible] । इसमें शोध्य चन्द्रमा ५ । २ । ४१ । ७७ को घटाया तो ३ । [illegible] । [illegible] यह शेष रहा इसमें लग्न [illegible] । १८ । [illegible] । [illegible] और [illegible] को जोड़ दिया तो ५ । [illegible] । [illegible] । [illegible] यह गुरु सहम और विद्यासहम सिद्ध हुआ यहां शोध्य और शोधक के बीच में लग्न नहीं स्थित है इस कारण यहां एक राशि और युक्त करी गई । अब यशः सहम का उदाहरण यह है, कि शोधक बृहस्पति ८ । [illegible] । ३४ । [illegible] इसमें शोध्य पुण्य सहम ६ । २ । ४६ । ५७ को घटाया तो [illegible] । [illegible] । [illegible] । [illegible] यह शेष रहा इसमें लग्न [illegible] । १८ । [illegible] । १६ जोड़ दिया तो [illegible] । ७ । [illegible] । २२ यह धनांक हुआ क्योंकि पहला संस्कार रीति से एक राशि नहीं युक्त करने से [illegible] । ५ । [illegible] । ३[illegible] यह यशः सहम सिद्ध हुआ ।

मित्र सहम का साधन ।

पुण्यसद्मगुरुसद्मतस्त्यजेद्व्यत्ययोनिशिसितान्वितंचतत् ।
मैकतातनुवदुक्तरीतितो मित्रनामसहमं विदुर्बुधाः ॥७॥

भाषार्थ—दिन में वर्ष प्रवेश होवे तो गुरु सहम में पुण्य सहम को घटावें और रात्रि में वर्ष प्रवेश होय तो इससे विपरीत अर्थात् पुण्य सहम में गुरु सहम को घटावें और शुक्र को संयुक्त कर देवे, (यहां लग्न के युक्त करने की जगह शुक्र को संयुक्त किया है) अनन्तर शोध्य राशि और शोधक राशि के मध्य में यदि शुक्र न होवे तो एक अन्य राशि को जोड़ देवे, तो उसे मित्र सहम कहते हैं ॥ ७ ॥

मित्र सहम का उदाहरण ।

जैसे शोधक गुरुसहम ५ । ३ । ३० । २५ इसमें शोध्य पुन्य सहम ९ । २ । ४६ । ५७ का घटाया तो ८ । ० । ४० । ३८ इसमें शुक्र ८ । १५ । ३१ । ४८ संयुक्त किया तो ४ । १६ । १२ । २६ यह मित्र सहम हुआ यहां शोध्य शोधक के अन्तर्गत लग्न उपस्थित है इसकारण एक राशि जोडनेकी आवश्यकता नहीं ।

महात्म्य सहम और आशा सहम का साधन ।

पुण्याद्भौमं शोधयेद्व्युक्तवत्स्यान्माहात्म्यं तत्क्रमस्माद्विलोमम् ।

शुक्रं मन्दाद्दह्नि तं विलोममाशाख्यं स्यादुक्तवच्छेषमूह्यम् ॥८॥

भावार्थ—दिन में वर्ष प्रवेश हो तो पुण्य सहम में मंगल को घटा देवै, और रात्रि में वर्ष प्रवेश हो तो विपरीत अर्थात् मंगल में पुण्य सहम को घटावै अनन्तर लग्न मिलाय उक्तवत् संकता करै तो महात्म्य सहम सिद्ध होता है, और आशा सहम इस प्रकार साधन करना कि यदि दिनमें वर्ष प्रवेश हो तो शनैश्चर में शुक्र को शोधै और रात्रि में इससे विपरीत अर्थात् शुक्र में शनैश्चर को घटा देवै अनन्तर लग्न जोड़ उक्तवत् संकता करै तो आशा सहम (इच्छा सहम संसिद्ध) होता है ॥ ८ ॥

महात्म सहम और आशा सहम का उदाहरण।

दिन में वर्ष प्रवेश हो तो पुण्य सहम ९ । २ ।४९।५७ में मंगल ८।२२ ।५ । १ को घटाया घटाने से ०।१०।१३।५६ शेष रहा इसमें लग्न जोड उक्तवत् [illegible] और जोडने से राश्यादि १ । २८ । २४ । १२ यह माहात्म्य सहम संसिद्ध हुआ, आशा सहम इस प्रकार कि शनि ६ । २२ । २४ । ३६ में शुक्र को ७।१५।१।४८ घटाया तो शेष ११ । ६ । ५२ । ४८ इसमें लग्न जोड़ा तो राश्यादि ०।२५ ।३।४ यह आशा (इच्छा) सहम संसिद्ध हुआ।

सामर्थ्य सहम और भ्रातृ सहम को साधन।

सामर्थ्यमारात्तनुपं विशोध्य नक्तं विलोमं तनुपे कुजेतु।
[illegible]सततंपुरावद्भ्रातार्किहीनाद्गुरुतः सदोक्तः ॥९॥

भावार्थ—यदि दिनमें वर्ष प्रवेश हो तो मंगल में लग्न स्वामी को घटावै और रात्रि समय वर्ष प्रवेश हो तो लग्न स्वामी में मंगल को घटावै, अनंतर [illegible] उक्तवत् संकता करने से सामर्थ्य सहम होता है यहां यह [illegible] लग्न स्वामी मंगल होवे तो क्या करना इसका साधन यह है [illegible] (सर्वदा) लग्न स्वामी मंगल को बृहस्पति से घटाय देवै [illegible] संकता करै तो सामर्थ्य सहम होता है और भ्रातृ सहम [illegible] दिनरात्रि अर्थात् सर्वदा वर्ष प्रवेश होने में बृह- [illegible] को घटावै और लग्न जोड़ उक्तवत् संकता करै तो [illegible] सहम [illegible] है। ९ ॥

सामर्थ्य और भ्रातृ सहम का उदाहरण ।

यहां सामर्थ्य सहम साधन में लग्न स्वामी मङ्गल है इससे बृहस्पति ८।१९।३४।१२ में मङ्गल ८।२०।३६।४ को घटाया तो ११।२८।५८।८ शेष इसमें लग्न ०।६।१०।२० को जोड़ दिया तो ०। ५। ८। २८ यह सामर्थ्य सहम हुआ. यहां शोध्य शोधक के बीच लग्न है इससे सैकता नहीं किया, अब भ्रातृ सहम का उदाहरण इस प्रकार है कि बृहस्पति ८।१९।३४।१२ में शनैश्चर ६।२२।३४।३६ को घटाया शेष १।२६।५९।३६ में लग्न और सैकता संस्कार से एक राशि और जोड़ दिया तो ३।३।९।५६ यह राश्यादि भ्रातृ सहम संसिद्ध हुआ ॥

गौरव, राज और तात सहमों का साधन ॥

दिने गुरोश्चन्द्रमपास्य नक्तं रविं क्रमादर्कविधू च देयौ ।
रात्यक्रिया गौरवमर्कपार्केरपास्य वामं निशि राजतातौ ॥१०॥

भाषार्थः—दिन में वर्ष प्रवेश होय तो बृहस्पति में चन्द्रमा को घटावे और शेष में रवि को जोड़े रात्रि में वर्ष प्रवेश हो तो बृहस्पति में रवि को घटाकर चन्द्रमा जोड़ देवे तो गौरव सहम होता है; और सैकता करने में शोध्य शोधक के बीच में दिन को सूर्य रात्रि को चन्द्रमा न होवें तो सैकता करना अर्थात् एक राशि जोड़ना; अब राज सहम और तात सहम का साधन प्रकार यह है कि दिन में वर्ष प्रवेश हो तो शनैश्चर में सूर्य को घटावें, रात्रि में विपरीत अर्थात् रवि में शनैश्चर को घटाय लग्न जोड़ उक्तवत् सैकता करने से राज सहम व तात सहम ये दोनों संसिद्ध होते हैं ॥ १० ॥

गौरव, राज और तात सहमों का उदाहरण ।

यहां दिन में वर्ष प्रवेश है तो बृहस्पति ८ । १९ । ३४ । १२ में चन्द्रमा ५।२१।९।४७ को घटाया शेष २।२७।२४।२६ इसमें सूर्य ९ । ७ । ३० । ६ जोड़ दिया तो ० । ४ । ५४ । ३२ इसमें संस्कार रीति से एक राशि जोड़नेसे राश्यादि १।४।५४।३२ यह गौरव सहम हुआ, अब राज तात सहम साधन का प्रकार ये है कि शनैश्चर ६ । २२ । ३४ । ३६ में सूर्य ९।७।३०।६ को घटाया शेष ९।१४।५४।३० में लग्न जोड़ दिया तो राश्यादि १०।३।४।४६ यह राज सहम और तात सहम संसिद्ध हुआ ॥

माता पुत्र जीवित और अम्बु सहमों का साधन ॥

मतिन्दुतोपास्यसितं विलोमं नक्तं सुतोऽहर्निशमिंदुमीज्यात् ।
स्याज्जीविताख्यं गुरुमार्कितोऽन्हि वामं निशीदं सममम्बयाम्बु ॥ ११

भावार्थ—यदि दिन में वर्ष प्रवेश होवे तो चन्द्रमा में शुक्र को घटावे और रात्रि में विपरीत अर्थात् शुक्र में चन्द्रमा को घटावे; अनन्तर लग्न को मिलाय उक्तवत् संस्कार करे तो मातृ सहम होता है, और दिन व रात्रि में वर्ष प्रवेश हो तो बृहस्पति में चन्द्रमा को घटाय लग्न जोड़ संस्कार करने से पुत्र सहम होता है, और दिन में वर्ष प्रवेश हो तो बृहस्पति को शनैश्चर में घटावे रात्रि में वर्ष प्रवेश हो तो बृहस्पति में शनैश्चर को घटावे अनन्तर लग्न जोड़ संस्कार करने से जीवित नाम सहम होता है, और अम्बु सहम साधन में माता सहम के समान क्रिया होती है ॥ ११ ॥

माता पुत्र जीवित अम्बु सहमों का उदाहरण ॥

यहां दिन में वर्ष प्रवेश है तो चन्द्रमा ५ । २२ । ६ । ४७ में शुक्र ७ । १५ । ३१ । ४८ को घटाया तो शेष १०।६।३७।५९ लग्न जोड़ा तो १० । २९ । ४८ । १५ यह राश्यादि माता सहम सिद्ध हुआ अब पुत्र सहम की रीति यह है कि बृहस्पति ८ । १६ । ३४ । १३ में चन्द्रमा ५ । २२ । ९ । ४७ को घटाया तो शेष २ । २४ । २४ । २६ इसमें लग्न जोड़ा और पूर्वोक्त संस्कार [illegible] और एक राशि जोड़ने से ४ । १५ । ३४ । ५२ ये राश्यादि पुत्र सहम सिद्ध हुआ जीवित सहम की रीति यह है कि शनैश्चर ६ । २२ । २४ । ३६ में बृहस्पति ८ । १६ । ३४ । १३ को घटाया तो शेष में १० । २ । ५० । २३ में लग्न जोड़ दिया तो राश्यादि १० । ०१ । ०० । ३८ यह जीवित सहम हुआ इसी प्रकार अम्बु सहम की क्रिया माता सहम के समान जाननी, इस कारण [illegible] । [illegible] । [illegible] । [illegible] यह अम्बु सहम हुआ ॥

कर्म रोग मन्मथ सहमों का साधन ॥

[illegible] रोगाख्यमिन्दुं तनुतः सदैव ।
[illegible] तनुतर्मिन्दुतोऽन्हि वामं निशीन्दुं तनुपंमदाकांत १२

भावार्थ—[illegible] और रात्रि

गुरु को घटावे लग्न जोड़ने की जगह में यहां शेष में बुध को जोड़ देवै । पूर्ववत् शोध्य शोधक के मध्य में बुध न होवे तो एक और जोड़ देवै तो शा सहम सिद्ध होता है ॥ १३ ॥

कलि, क्षमा, शास्त्र सहमों का उदाहरण ।

यहां दिन में वर्षप्रवेश है तो गुरु ८।११।३४।१३ में मंगल ८।२२।३६।१ को घटाया तो शेष ११।२६।५८।१२ में लग्न जोड़ दिया तो ०।१५।८।२८ यह राश्यादि कलिसहम क्षमा सहम सिद्ध हुआ, शास्त्र सहम का उदाहरण यह है कि बृहस्पति ८।११।३४।१३ में शनि ६।१७।२४।३६ को घटाया तो शेष १।२७।९।३७ इसमें लग्न जोड़ने की जगह में बुध ८।१२।१६।९ जोड़ देने से राश्यादि १०।९।२५।४६ यह शास्त्र सहम सिद्ध हुआ, यहां शोध्य शोधक के अन्तर्गत बुध है इस कारण संकता नहीं की गई ॥

बन्धु, बन्दक और मृत्यु सहमों का साधन ॥

दिवानिशं ज्ञाच्छशिनं विशोध्य बन्ध्वाख्यमेतन्निशिवन्दकंस्यात् ।
चामं दिःवैतन्मृतिरष्टमर्क्षादिन्दुं विशोध्योक्तवदार्कियोगात् ॥१४

भावार्थ—दिन में व रात्रि में वर्षप्रवेश हो बुध में चन्द्रमा को घटाय लग्न मिलाय उपरान्त संकता करने से बन्धु सहम होता है. और रात्रि में वर्षप्रवेश हो तो बुध में चन्द्रमा को घटावैं, दिन में वर्षप्रवेश हो तो विपर्यय अर्थात् चन्द्रमा में बुध को घटाय लग्न जोड़ पूर्ववत् संकता करे तो बन्दक सहम सिद्ध होता है, तथा दिन व रात्रि में वर्षप्रवेश होने से अष्टम भाव में चन्द्रमा को घटाय लग्न जोड़ने की जगह में शनैश्चर को जोड़ उपरान्त संकता करने से मृत्यु सहम का साधन होता है ॥ १४ ॥

बन्धु, बन्दक और मृत्यु सहमों का उदाहरण ॥

बुध ८।१२।१६।९ में चन्द्रमा [illegible]।४७ को घटाया तो [illegible] में लग्न और उपरान्त संस्कार करने से एक और [illegible] राश्यादि [illegible] यह बन्धु सहम हुआ, बन्दक सहम [illegible] में बुध ८।१२।१६।९ को घटाने से शेष [illegible] [illegible] राश्यादि [illegible] यह बन्दक सहम [illegible] बुध [illegible] ३० में चन्द्रमा

१।२२।१।४७ को घटाने से शेष १।२१।३८।४३ इसमें लग्नके स्थान में शनैश्चर ८।२३।२४।२६ को जोड़ा तो ४।१३।५४।१९ यह मृत्यु सहम हुआ यहां शोध्य शोधक राशि के मध्य लग्न वर्तमान है, इस कारण एक राशि अन्य जोड़ने की आवश्यकता नहीं हुई ॥

देशान्तर और अर्थ सहमों का साधन ।

देशान्तराख्यं नवमाद्विशोध्य धर्मेश्वरं सन्ततमुक्तवत्स्यात् ।
अहर्निशं वित्तपमर्थभावाद्विशोध्य पूर्वोक्तवदर्थसद्म ॥ १५ ॥

भा०- दिनमें व रात्रिमें वर्ष प्रवेश होने से नवम भावमें नवम भाव स्वामी को घटावें अनन्तर लग्न जोड़ पूर्ववत् संस्कार करें तो देशान्तर सहम होता है, और दिन व रात्रिमें वर्ष प्रवेश होते हुए दूसरे भावमें दूसरे भावके स्वामी को घटाय देवें उसमें लग्न जोड़ उक्त रीति से संस्कार करने से देशान्तर सहम होता है ॥ १५ ॥

देशान्तर और अर्थ सहम का उदाहरण ।

नवम भाव ८।६।२८।४४ में नवम भावका स्वामी (बृहस्पति) ८।१६।३४।१३ को घटाया घटाने से शेष ११।१९।५४।३१ इसमें लग्न मिलाने से राश्यादि०।८।४४।४७ यह देशान्तर सहम हुआ अर्थ सहम साधनार्थ धन भाव २।१३।४९।३० में धन भाव स्वामी (शुक्र) ७।१५।२३।४१ को घटाने से शेष ५।२८।२६।४६ इसमें लग्न मिलाने से राश्यादि ६।१६।२८।५ यह अर्थ सहम हुआ ।

परदारा, अन्य कर्म, और वणिक सहमों का साधन ।

सितादपास्यार्कमथान्यदाराह्वयं सदा प्राग्वदथान्यकर्म ।
चन्द्राच्छनिं वाममथो निशायांशश्वद्वणिज्यं दिनवंदकोऽब्च्या ॥१६॥

भा०-दिन में वा रात्रि में वर्ष प्रवेश हो शुक्र से सूर्य को घटाय लग्न जोड पूर्ववत् संस्कार करने से परदारा (अन्यस्त्री) सहम होता है, और दिनमें वर्ष प्रवेश हो तो चन्द्रमा में शनैश्चर को घटावे, रात्रि में शनैश्चर से चन्द्रमा का साधन करके लग्न मिलाय उक्तवत् संस्कार करे तो अन्य कर्म (परकार्यकारी) सहम होता है और दिनमें व रात्रि में वर्ष प्रवेश हो वणिक् सहम के साधन

में चन्द्रक सहम के समान क्रिया करैं अर्थात् सदा चन्द्रमा में बुधको शोधन करके लग्न जोड़ सैकता करैं तो वणिक्सहम होता है ॥ १३ ॥

परदारा, अन्य कर्म, वणिक सहमों को उदाहरण ।

शुक्र ७।१५।३१।४८ में सूर्य ९ । ७ । ३० । ६ को घटाया तो शेष १०। ८।१।४२ इसमें लग्न जोड़ा तो राश्यादि १० । २६ । ११ । ५८ यह अन्य द्वारा सहम हुआ अन्य कर्म सहम साधनार्थ चन्द्रमा ५ । २२ । ९ । ४७ में शनैश्चर ६।२२।२४।२६ को घटाया तो शेष १०।२९।४५।११ इसमें लग्न जोड़ने से राश्यादि ११ । १७ । ५५ । २७ यह अन्य कर्म सहम हुआ वणिक सहम साधनार्थ चन्द्रमा ५।२२।९।४७ में बुध ८।१३।१६।९ को घटाया तो शेष ९। ९।५३।३८ इसमें लग्न जोड़ने से यह ९ । २८ । ३ । ५४ राश्यादि वणिक्सहम हुआ ॥

कार्य सिद्धि और विवाह सहमों का साधन ॥

शनैर्दिवार्कंनिशिचन्द्रमार्कंविशोध्यसूर्येन्दुमनाथयोगात् ।
स्यात्कार्यसिद्धिःसततंविशोध्यमन्दंसितास्यात्तुविवाहसद्म ॥ १७ ॥

भा०—जो दिनमें वर्ष प्रवेश हो तो शनैश्चर में सूर्य को घटाकर जिस राशि में स्थित हो उस राशि स्वामी को जोड़ देवें, और रात्रि में वर्ष प्रवेश हो तो शनैश्चर में चन्द्रमा को घटाय चन्द्रमा जिस राशि पर हो उस राशि स्वामी को जोड़ देवें अनन्तर उक्त संस्कारवत् सैकता करैं तो कार्य सिद्ध सहम सिद्ध होता है और दिवा रात्रि में अर्थात् सदा वर्ष प्रवेश होने में विवाह सहम साधनार्थ शुक्रमें शनैश्चर को घटावें और लग्न मिलाय पूर्ववत् [illegible] विवाह सहम होता है ॥ १७ ॥

कार्य सिद्धि और विवाह सहमका उदाहरण ॥

[illegible] कार्य सिद्धि सहम साधनार्थ शनैश्चर ६ । २२ । २४ । २६ [illegible] सूर्य [illegible] । ५४ । ५४ । ३० [illegible] राशि [illegible] यह [illegible] सिद्ध हुआ विवाह सहम सा[illegible] ६ । २२ । २४ । २६ को घटाया

तो शेष ० । २३ । ७ । १२ इसमें लग्न मिलाय संकला करने से राश्यादि २ । ११ । १७ । ५८ यह विवाह सहम सिद्ध हुआ ॥

प्रसव और सन्ताप सहमों का साधन ।

गुरोर्बुधं प्रोज्झ्य भवेत्प्रसूतिर्यामे निशीन्दुं शनितो विशोध्य ।
षष्ठं क्षिपेदुक्तदिशा सदैव सन्तापसद्मारमपास्य शुक्रात् ॥१८॥

भावार्थ - दिन में वर्ष प्रवेश हो तो बृहस्पति में बुध को घटावें रात्रि में विलोम अर्थात् बुध में बृहस्पति को घटावें और लग्न जोड़ संकला करें तो प्रसव सहम होता है, सन्ताप सहम साधनार्थ सदा (दिन रात्रि) वर्ष प्रवेश होने में शनैश्चर में चन्द्रमा घटाय छठे भाव को जोड़ देवें, पूर्ववत् संकला करें तो सन्ताप सहम होता है, इस श्लोक के चतुर्थ पद में (आरमपास्य शुक्रात्) इसका सम्बन्ध आगे के श्लोक से है, अर्थात् शुक्र से मंगल को घटावे, यह सिद्धान्त है ।

प्रसव और संताप सहमों का उदाहरण ।

बृहस्पति ८ । १६ । ३४ । १३ में बुध ८ । १२ । १६ । ९ को घटाने से शेष ० । ७ । १८ । ४ इसमें लग्न जोड़ उक्त संकलावत् संकला करने से राश्यादि १ । २५ । २८ । २० यह प्रसव सहम हुआ, और सन्ताप सहम साधनार्थ शनैश्चर ६ । २२ । १७ । ३६ में चन्द्रमा ५ । २२ । १ । ४७ को घटाया तो शेष १ । ० । १४ । ४९ इसमें षष्ठ भाव ५ । १३ । ४२ । ३५ जोड़ दिया तो ६ । १४ । ४ । २१ यहां शोध्य शोधक के बीच में छठा भाव नहीं आया इससे एक राशि अन्य मिलाने से राश्यादि ७ । १४ । ४१ । २ यह संताप सहम हुआ ।

श्रद्धा, प्रीति बल और देह सहमों का साधन ।

श्रद्धा सदा प्रोक्तादिशाथ पुण्यं विद्याख्यातः प्रोह्य सदा पुरोक्त्या ।
प्रीत्याख्यमुक्तं बलदेहसंज्ञे यशःसमे जाड्यमपास्य भौमात् ॥१९॥

भावार्थ—दिनमें प्रवेश हो अथवा रात्रि में वर्ष प्रवेश हो शुक्र में मंगलको घटा लग्नजोड़पूर्वोक्त संकलाकरने से श्रद्धा (आस्तिक्यबुद्धि) सहम होता है, और सदैव दिन व रात्रिमें प्रवेश होतो विद्यासहम को घटा लग्न जोड उक्तवत् संकला करने से प्रीति सहम होता है, और बल देह इन दोनों सहमों को छठे श्लोक

में कहे हुये यशः सहम की रीति अनुसार साधन करै और "जाड्यमपास्य भौमात्" यह पाठ आगे श्लोक से सम्बन्ध रखता है इस कारण इसका अर्थ आगे के श्लोक में कहेंगे ॥ १९ ॥

श्रद्धा प्रीति बल सहमों का उदाहरण।

प्रथम श्रद्धा सहम साधनार्थ शुक्र ७ । १५ । ३० । ४८ मंगल ८।२२। २६ ।१ को घटाय शेष १० । २२ । ३५ । ४७इसमें लग्न जोड़ने से राश्यादि ११ । ११ । ६।३ यह श्रद्धा सहम हुआ,प्रीति सहम साधनार्थ विद्यासहम ५। ३ । ३० । ३५ में पुण्य सहम६।२ । ४६ । ५७को घटाने सेशेष८।०।४०।३८ इसमें लग्न मिलाय देने से राश्यादि ८।२८।५०। ५४ यह प्रीति सहम हुआ और बल देह इन सहमों का साधन यशः सहम के अनुसार करना, सो इसी सहम प्रकरण के छठे श्लोक में साधन कर चुके हैं इस कारण राश्यादि ० । ४ । ५४ । ३२ यह यशः सहम है यही बल देह सहम भी जानना ॥

जाड्य व्यापार पानीय पतन सहमों का साधन ॥

शनिर्विलोमं निशि चन्द्रयोगाद्व्यापार आराज्ज्ञमपास्य शश्वत्
पानीयपातःशशिनं विशोध्य सौरेर्विलोमं निशि पूर्ववत्स्यात् २०

भावार्थ—पूर्व श्लोक में कह आये हैं "जाड्यमपास्य भौमात्" दिन में वर्ष प्रवेश हो तो मंगल में शनैश्चर को घटावे, रात्रिमें विलोम अर्थात् शनैश्चर में मंगल को घटा लग्न जोड़ने के स्थान में बुध को मिला उक्तवत् संस्कार करें तो जाड्यसहम होता है, और अश्वत् (निरंतर) दिन व रात्रि में वर्ष प्रवेश हो तो मंगल में बुध को घटावे अनंतर लग्न पूर्ववत् संस्कार करें तो व्यापार सहम होता है, और यदि दिन में वर्ष प्रवेश हो तो शनैश्चर में चंद्रमा को घटावे रात्रि में प्रवेश हो तो चंद्रमा में शनैश्चर को घटा लग्न संयुक्त कर उक्तवत् संस्कार करने से पानीयपतन (जल में बह जाना) सहम सिद्ध होता है। २०।

जाड्य व्यापार पानीयपतन सहमों का उदाहरण।

प्रथम जाड्य सहम साधनार्थ मंगल ८।२२।३६।१ में शनैश्चर ६।२०।२४। [illegible] को घटाय शेष [illegible] इसमें बुध ८।२२।२६।८ को जोड़ने से [illegible] यह जाड्यसहम हुआ यहां लग्न

अंश के बीच ९.५ विद्यमान हैं इससे संस्कार करने की आवश्यकता नहीं और व्यापार सहम साधनार्थ मंगल ८।२२।३६।१ में बुध ८।१२।१६।६ को घटाने से शेष ०।१०।१६।५२ इसमें लग्न जोड़ पूर्ववत् संस्कार करने से राश्यादि १।२८।३०।८ यह व्यापार सहम हुआ पानीपतन सहम साधनार्थ शनैश्चर ६।२२।२४।३६ में चन्द्रमा ५।२२।६।४७ को घटाने से शेष १।०।१८।४९ इसमें लग्न जोड़ संस्कार करने से राश्यादि २।१८।२४।५ यह पानीपतन सहम हुआ।

अथ शत्रु शौर्य सहमों का साधन।

मन्दं कुजाच्छोध्य रिपुर्विलोमं रात्रौ भवेद्भौमविहीनपुण्यात्।
शौर्यं विलोमं निशि पूर्ववत्स्यादुत्ताय ईज्यं शनितोविशोध्य ।२१।

भावार्थ—दिन में वर्ष प्रवेश रहते मंगल में शनैश्चर को घटाय रात्रि में विलोम अर्थात् शनैश्चर में मंगल को घटा लग्न जोड़ उक्तवत् संस्कार करे तो शत्रु (वैरी) सहम होता है और दिन में वर्ष प्रवेश हो तो पुण्य सहम में मंगल को घटावे रात्रि में विलोम अर्थात् मंगल में पुण्य सहम को घटावे और लग्न जोड़ उक्तवत् संस्कार करे तो शौर्य (वीरत्व) सहम होता है "उत्ताय ईज्यं शनि तो विशोध्य" इस मूल पाठ का सम्बन्ध आगे के श्लोक से है, इसका अर्थ आगे कहेंगे ॥ २१ ॥

अथ शत्रु शौर्य सहमों का उदाहरण ॥

शत्रु सहम साधनार्थ मंगल ८।२२।३६।१ में शनैश्चर ६।२२।२४।३६ को घटाने से शेष २।०।११।२५ इसमें लग्न जोड़ संस्कार करने से राश्यादि ३।१८।११।४१ यह शत्रु सहम हुआ और शौर्य सहम साधनार्थ पुण्य सहम ९।२।४९।५७ में मंगल ८।२२।३६।१ को घटाया तो शेष ०।१०।१३।५६ इसमें लग्न मिलाय संस्कार करने से राश्यादि १।२८।२४।१२ यह शौर्य (वीरत्व) सहम हुआ ॥

दरिद्र और गुरुता सहमों का साधन।

वामं निशिज्ञं तु विशोध्य पुण्याज्ज्ञयुग्विलोमं निशि तद्दरिद्रम्।
सूर्योच्चतः सूर्यमपास्य नक्तं चन्द्रस्तदुच्चाद्गुरुताः पुरोक्तया॥२२॥

भा०—पूर्व श्लोक में लिख आये हैं (उपाय ईर्य्यं शनि तो विशोध्य) कि दिन में वर्ष प्रवेश हो तो शनैश्चर में बृहस्पति को घटावे रात्रि में प्रवेश हो तो बृहस्पति में शनैश्चर को घटाय लग्न मिला उक्तवत् संकता करे तो उपाय सहम होता है और दिनमें वर्ष प्रवेश हो तो पुण्य सहम में बुधको शोधे रात्रिके विषे बुध में पुण्य सहमको घटा बुध और एक और राशिको जोड देने से तथा दिनमें वर्ष प्रवेश होतो सूर्य के परमोच्च ०।१० में सूर्यको घटावे रात्रि के विषे चन्द्रमा के परमोच्च १।३ में चन्द्रमा घटा शेषमें लग्न मिलाय उक्तवत् संकता करने से गुरुता नामक सहम पूर्वाचार्य करके कहा गया है ॥ २२ ॥

अथ उपाय दरिद्र गुरुता सहम का उदाहरण ।

उपाय सहम साधनार्थ शनैश्चर ६।२२।२१।३६ में बृहस्पति ८।११।३४।१३ को घटाने से शेष ८।२।१०।२३ इसमें लग्न जोड दिया तो ८।२१।०।३६ यह राशिआदि उपाय सहम हुआ दरिद्र सहम साधनार्थ पुण्यसहम ६।७।४१।५७ में बुध ८।१२।१३।१६ को घटाने से शेष ००।२०।३३।४१ इस में गुरु ८।१२।१६।१६ को मिला संकता करने से यह १०।२।४९।५८ राश्यादि दरिद्र सहम हुआ गुरुता सहम साधनार्थ सूर्य का परमोच्च ००।१० में सूर्य ९।७।३०।१६ को घटाने से शेष ३।२।२९।५४ इसमें लग्न जोड संकता करने से राश्यादि ४।२०।४३।१० यह गुरुता सहम हुआ ॥

अथ जल बन्धन सहमों का साधन ।

कर्कादितः प्रोह्य शनिं स्याज्जलाख्यान्यथानिशि ।
पुन्यान्मन्दं विशोध्याह्नि वामं निशि तु बन्धनम् ॥२३॥

भा०—दिन में वर्ष प्रवेश हो तो कर्क के आदिक अर्थात् साढ़े तीन राशि ३।१५ में शनैश्चर को घटा देवै रात्रि में विपरीत अर्थात् साढ़े तीन राशियों को शनैश्चर में घटा देवै अनन्तर लग्न जोड संकता करै तो जल सहम होता है, और दिनमें वर्ष प्रवेश होतो पुण्य सहम में शनैश्चर को घटावे, और रात्रि में शनैश्चर में पुण्य सहम को घटावे लग्न मिलाय संकता करने से बन्धन सहम होता है ॥ २३ ॥

अथ जलपथ बन्धन सहमों का उदाहरण ।

जलपथ सहम साधनार्थ साढ़े तीन राशि ३।१५ में शनैश्चर ६।२२।२४।३६ को घटाने से ८।२२।३५।२४ इसमें लग्न मिलाय देने से राश्यादि ६।१०।१४।४२ यह जलपथ सहम हुआ, बन्धन सहम साधनार्थ पुण्य सहम ६।२।४६।५७ में ज्ञान ६।२५।२०।३६ को घटाया तो शेष ११।७।२६।२१ इसमें लग्न मिलाय संस्कार करने से राश्यादि ३।२८।३५।२७ यह बन्धन सहम हुआ ।

कन्या और अश्व सहमों का साधन ।

चन्द्रं सितादपास्योक्तं सदा कन्याख्यमुक्तवत् ।
पुण्यादर्कमपास्याययोगादश्वोऽन्यथा निशि ॥ २४ ॥

भावार्थ—दिन व रात्रि अर्थात् सर्वदा वर्ष प्रवेश होने शुक्र में चन्द्रमा को घटा लग्न जोड़ उक्तवत् संस्कार करने से कन्या सहम होता है, और दिन में वर्ष प्रवेश हो तो पुण्य सहम को सूर्य को घटा देवे, रात्रि के लिये सूर्य में पुण्य सहम को घटावे अनन्तर शेष में ग्यारहवें भाव को जोड़ संस्कार करने से अश्व सहम होता है संस्कार करना यवनाचार्य के मत में नहीं है, संस्कार अर्थात् एक राशि को जोड़ना इसका समरसिंह, यवन ताजिक, मनुष्य ताजिक इन ग्रन्थों में सविस्तार लिखा है इस कारण वहाँ देखना,यहाँ विस्तार भय से नहीं लिखा यह सहमों का साधन वर्णन किया ॥ २४ ॥

अथ कन्या अश्व सहमों का उदाहरण ।

भा० कन्या सहम साधनार्थ शुक्र ७।१५।३२।४८ में चन्द्रमा ५।२२।३६।१ को घटाया तो शेष १।२२।५५।४७ इसमें लग्न जोड़ संस्कार करने से राश्यादि ३।११।६।२ यह कन्या नामक सहम हुआ और अश्व सहम साधनार्थ पुण्य सहम ६।२।४६।५७ में सूर्य ६।७।३०।६ को घटाने से शेष ११।२५।१६।५१ इसमें ग्यारहवाँ भाव १०।६।२८।४६ संयुक्त कर देने से यह १०।४।४८।३७ यह अश्व सहम हुआ ॥

अथ सहमकुण्डलीयम् ।

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७
पुण्य	गुरु	विद्या	यश	मित्र	माहात्म्य	आशा	सामर्थ्य	भ्रातृ	गौरव	राज	तात	माता	सुत	जीवित	अं०	कर्म
६	१	१	०	३	१	११	०	२	१	१०	१०	१०	४	१०	१०	१
०	३	३	४	१६	२८	२५	१५	१५	४	३	३	२४	१५	२१	२४	२६
[illegible]	३०	३०	५४	१२	२४	३	८	१६	५४	४	४	४८	३५	०	४८	३०
४	२५	३५	२७	२६	१२	४	२८	५३	३२	४६	४६	१५	५२	३६	१५	८

१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	३२	३३
रोग	मन्मथ	कलि	क्षमा	शास्त्र	बन्धु	बन्धक	मृत्यु	देशा	अर्थ	परदार	अन्य०	वणिक्	कार्य	विवाह	प्रसव
८	६	०	०	१०	४	९	८	०	६	१०	११	९	५	२	१
१४	१३	१५	१५	९	८	२८	१३	८	१६	२६	१७	२८	७	११	२५
१०	४३	८	८	२५	१६	३	५४	४४	२८	११	५५	३	१९	१७	२८
४५	२	२८	२८	४६	३८	५४	१९	४७	५	५८	२७	५४	६	२८	२०

३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०
सन्ताप	श्रद्धा	प्रीति	बल	देह	जाड्य	व्या०	पानी०	शत्रु	शौर्य	उपाय	दरिद्र	गुरु०	जल०	बंधन	कन्या	अ०
६	११	८	०	०	१०	१	२	३	१	८	१०	४	९	३	३	१०
१४	११	१८	४	४	१२	२८	१८	१८	२८	२१	२	२०	१०	२८	११	४
४	६	५०	५४	५४	२७	३०	२५	२१	२४	०	४६	४०	४५	३५	६	२८
११	३	५०	३२	३२	३४	८	५	४१	१२	३६	५८	१०	४०	३७	३	३७

अथ सहमानां फलानि निरूप्यन्ते ।

[illegible] सहमं तदंशाः स्वीयोदयस्था विहता त्रिशत्या ।
[illegible] स्तिथिमहितन्यैः स्यात्तद्दशायां तदसंभवे वा ॥ २० ॥

[illegible] अब सहमों के फल का वर्णन करते हैं, जिस सहम

का शुभाशुभ फल जानने पर दिन संख्या जानने की इच्छा हो तो उस सहम राशि स्वामी को सहम में हीन करना, शेष को अंश करके सहम राशि के उदय से गुणा करना तदनन्तर तीनसौ से भाग लेना, लब्ध दिन संख्या जानना, इसमें सहम का फल होता है. किसी आचार्य का मत है कि सहम स्वामी के दशा समय में सहम फल होता है, उदाहरण—जैसे पुण्य सहम राश्यादि ९ । २ । ४९ । ५७ में सहम राशि स्वामी शनि ६ । २२ । २४ । ३६ को घटाया तो शेष २ । १० । २५ । २१ इसके अंश ७० । २५ । २१ इनको सहम राशि (मकर) का उदय २९८ से गुणन करने से २० । ९ । ८५ । ५४ । १८ हुए इसमें ३०० से भाग देने से लब्ध दिनादि ६९ । ५७ अर्थात् २ मास, ९ दिन ५७ घटी जानना, वर्ष प्रवेश दिन से इतने समय तक पुण्य सहम का फल होवेगा ऐसे ही अन्य सहमों का फल समय गणित रीति से निकालना ॥ २५ ॥

सहमों के बल का वर्णन ।

स्वोच्चादिसत्पदगतो यदि लग्न दर्शी वीर्यान्वितः सहमपो यदि नेक्षतेऽगम् । नासौ बली रविशशिश्रितभेशदर्शपूर्णान्तलग्नपबलस्य विचारणेत्थम् ॥ २६ ॥

भाषार्थ—यदि सहम राशि का स्वामी अपने उच्च आदि उत्तम अधिकार में प्राप्त होकर लग्न को देखता हो तो बली जानना. यदि लग्न को नहीं देखे तो बलहीन जानना, तथा जन्म समय सूर्य और चन्द्रमा जिस २ राशि पर स्थित हों उन राशियों के स्वामी और जन्म के निकट अमावस्या व पूर्णमासी जितनी घड़ी हो उस समय का लग्न साधन करने पर जो जो लग्न आवें उन लग्नों के स्वामी इन चारों के बल का विचार पूर्वोक्त प्रकार जानना तथा इन चारों का बल पूर्वाचार्य हिल्लाज और मनुष्य जातक के आयुर्दायाध्याय में अच्छे प्रकार वर्णन किया है यद्यपि यहां इन बलों का विचार उपयोगी नहीं तथापि प्रसङ्ग वश से यहां कहा है ॥ २६ ॥

सहम का निर्बलत्व और बलत्व का वर्णन ।

पंचवर्गी बलेनोनो न हर्षस्थानमाश्रितः ।
अवलोयं लग्नदर्शी बली स्वल्पोऽस्ति चेत्पदे ॥ २७ ।

भा० – जो पंचवर्गी बल से हीन और पूर्वोक्त चारों हर्षद स्थानों से रहित तथा जो ग्रह लग्न को न देखे तो उसे निर्बल जानना चाहिये एवं जो ग्रह स्वल्प (छोटे) पद (अधिकार) में विराजमान होकर लग्न को देखे तो उसको बलवान जानना, यहां जो ग्रह अपने उच्च अपने घर में हो वह महाधिकार वाला कहाता है और जो अपने हद्दा में वह मध्यम अधिकार वाला, तथा जो अपने त्रैराशिक व अपने नवांश में हो वह स्वल्प अधिकार वाला कहाता है ॥ २७ ॥

सहम की वृद्धि और ह्रास्ता का वर्णन ।

स्वस्वामिना शुभखगैः सहितं च दृष्टं स्वामी बली च यदि तत्सहमस्य वृद्धिः । चेत्स्वामिना शुभखगैश्च न युक्त दृष्टं तत्सम्भवो नहि भवेदिति चिन्त्यमादौ ॥ २८ ॥

भावार्थ—जो सहम अपने स्वामी करके व शुभग्रहों करके युक्त वा दृष्ट हो तो सहम स्वामी बलवान और सहम की वृद्धि जानना, अर्थात् फल देने में समर्थ होगा और जो सहम अपने स्वामी से अथवा शुभग्रहों से युक्त न हो और न देखा जाता हो तो उस सहम का सम्भव नहीं होगा अर्थात जैसा नाम कहा है वैसा फल नहीं देगा इत्यादि पहिले ही से चिन्तवन कर विचार करना चाहिये ॥ २८ ॥

सहम के असम्भव लक्षण ।

अष्टमादिपतिनायुतेक्षितं पापदृग्युतमथेत्थशालितैः । सम्भवेऽपि विलयं प्रयाति तत्तेन जन्मनि पुरंदमीच्यताम् ॥२९॥

भा०—जो सहम को लग्न से अष्टम राशि स्वामी से युक्त हो या देखा जाता हो [illegible] पाप ग्रहों से युक्त वा दृष्ट हो अथवा उन अष्टम राशि स्वामी और [illegible] होवे तो वह अपने स्वामी वा शुभ ग्रहों करके [illegible] के सम्भव को नाश कर देता है अर्थात जैसा [illegible] नहीं कर सकता है, इसी से जन्म समय में सहम के [illegible] विचार करें ॥ २९ ॥

[illegible] का ज्ञान ।

[illegible] सहमानां बलाबलम् ।

विमृश्य सम्भवो येषां तानि वर्षे विचिन्तयेत् ॥ ३० ॥

भा०—पहले जन्म समय में संपूर्ण सहमों का बल और सबल विचार करके जिन सहमों के फलकी प्राप्ति का सम्भव होय उन्हीं को वर्ष में निश्चय करे, और जिन सहमों का कोई फल होन हो उनको वर्ष में कभी न विचारे ॥ ३० ॥

पुण्य सहम का फल।

सबले पुण्यसहमे धर्मसिद्धिर्धनागमः।
शुभस्वामीक्षितयुते व्यत्यये व्यत्ययं विदुः ॥ ३१ ॥

भा०—पुण्य सहम बलयुक्त हो और शुभग्रह अपने स्वामी से युक्त हो वा देखा जाता हो तो धर्मकी सिद्धि और धनकी प्राप्ति होवे, इससे विपरीत हो अर्थात् जो पुण्य सहम निर्बल होकर पापग्रहों से युक्त वा दृष्ट हो तो धर्म और धनका नाश जानना ॥ ३१ ॥

पुण्य सहम का अशुभ फल।

लग्नात् षष्ठाष्टरिष्फस्थं धर्मभाग्ययशोहरम्।
शुभस्वामिदृशा प्रान्ते सुखधर्मादिसम्भवः ॥ ३२ ॥

भा०—जो पुण्य सहम वर्ष लग्न से छठे आठवें बारहवें स्थानमें स्थित होवे तो सम्पूर्ण वर्ष भर धर्मभाग्य व यश इनको हरण करता है, और उसको शुभ ग्रह व उसका स्वामी देखता होवे तो वर्ष के अन्त में सुख और धर्म आदि की प्राप्ति होवेगी, अर्थात् वर्ष के पूर्वार्द्ध में अशुभ फल, और उत्तरार्ध मे शुभ फल होवेगा ॥ ३२ ॥

पाप ग्रहों और शुभ ग्रहों के संबन्ध से युति व दृष्टि फल।

पापयुक् शुभदृष्टं चेदशुभं प्राक्ततः शुभम्।
शुभयुक्तं पापदृष्टमादौ शुभमसत्परे ॥ ३३ ॥

भा०—यदि पुण्य सहम पापग्रहों से युक्त और शुभ ग्रहों से देखा जाता हो तो वर्ष के पूर्वार्धमें अशुभ, और उत्तरार्धमे शुभ होताहै, और जब पुण्य सहम शुभग्रहों से युक्त और पापग्रहों से देखा जाता हो तो वर्ष के पूर्वा-

र्ध में शुभ और उत्तरार्ध में अशुभ फल होता है, और जो पापग्रहों से युक्त दृष्ट हो तो सम्पूर्ण वर्ष पर्यन्त अशुभ फल होवेगा, और शुभग्रहों से युक्त दृष्ट हो तो वर्ष भर शुभफल होगा। पापग्रह और शुभग्रह मिले हों तो मिश्रित फल होवेगा यह अर्थ से ही सिद्ध होता है ॥ ३२ ॥

पुण्य सहम की प्रशंसा ।

यत्राब्दे पुण्यसहमं शुभं सोऽत्रशुभावहः ।
अनिष्टेऽस्मिन् शुभो नेति पुण्यमादौ विचारयेत् ॥३४॥

भा०—जिस वर्ष में पुण्य सहम शुभ हो तो वह वर्ष अच्छे फल को देने वाला होता है और जिस वर्ष में पुण्य सहम अनिष्ट होवे तो वह वर्ष अशुभ जानना इस कारण आदि में पुण्य सहम को विचारे ॥ ३४ ॥

जन्म काल में पुण्य सहमका अशुभ लक्षण ।

सूतौ षष्ठाष्टरिष्फस्थे मध्ये पापहतं पुनः ।
पुण्यं धर्मार्थसौख्यघ्नं पत्यौ दग्धे फलं तथा ॥ ३५ ॥

भा०—जन्म समय में लग्न से ६।८।१२ इन स्थानों में यदि पुण्य सहम स्थित होवे और पापग्रहों से युक्त दृष्ट वर्ष समय में हो तो वह धर्म अर्थ और सौख्यका नाश करने वाला होता है, तैसे ही पुण्य सहम स्वामी के अस्त होने से फल होता है, अर्थात धर्मादिकका नाशक होता है ॥ ३५ ॥

सहमान्यखिलान्यित्थं सूतौ वर्षे विचिन्तयेत् ।
मान्द्यारिकलिमृत्यूनां व्यत्ययादादिशेत्फलम् ॥ ३६ ॥

भा०—इस प्रकार जन्म काल और वर्ष में सम्पूर्ण सहमों को चिंतवन [illegible] रोग, शत्रु, कलह, मृत्यु और दारिद्र इन सहमों के फलका पुण्य [illegible] विपरीत कहैं, जैसे ग्रन्थकार नीलकण्ठ आगे कहेंगे, यथा—
[illegible] दारिद्र्य मृत्यु, रोग, शत्रु,
[illegible] इन सहमों के निर्देश कहा गया जैसे 'कार्यादिकनाशगता
[illegible] यहां यह विचार कर
[illegible] और [illegible] अशुभ होने से दारिद्र भी इन

सहमों का फल अशुभ आता हो तो अशुभ फल कहना और यदि रोगादि सहमों का अशुभ फल आता हो तो शुभ कहना चाहिये ॥ ३६ ॥

कार्य सिद्धि सहम का शुभाशुभ फल ।

कार्यसिद्धिसहमं युतं शुभैर्दृष्टमित्थशालगं जयप्रदम् ।
संगरेऽथ शुभपापदृष्टियुक् क्लेशतो जय उदीरितो बुधैः ३७

भा०—जो कार्य सिद्धि सहम शुभ ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हो तथा शुभ ग्रहों का इत्थशाल योग होवे तो संग्राम में जय का देने वाला होता है, और यदि कार्य सिद्धि सहम शुभ ग्रहों से व पाप ग्रहों से युक्त दृष्ट हो तो कष्ट से जय प्राप्त होती है, ऐसा पण्डितों ने कहा है ॥ ३७ ॥

कलि सहम का शुभाशुभ फल ।

कलिसद्मपमिश्रखगदृष्टिसंयुतं यदिपापमूथशिलगं कलेर्मृतिम् ।
अथतत्र सौम्यसहितावलोकिते जयमेति मिश्रदृशितःकलिव्यथे ३८

भा०—जिसके वर्ष काल में कलिसहम शुभ ग्रहों वा पापी ग्रह से दृष्ट हो अथवा संयुक्त हो वैसे ही यदि पाप ग्रहों के साथ इत्थशाल योग करता हो तो वह मनुष्य लड़ाई के प्रसङ्ग में मृत्यु को प्राप्त होता है, तथा जो कलिसहम शुभ ग्रहों से युक्त दृष्ट हो तो जय प्राप्त होवे है, अथवा शुभ ग्रह और पाप ग्रह दोनों देखते हों तो कलह और दुःख ये दोनों प्राप्त होते हैं ॥ ३८ ॥

विवाह सहम का शुभाशुभ फल ।

विवाहसद्माधिपसौम्यदृष्टं युतं शुभैर्मूथशिलं शुभाप्तिम् ।
कुर्याद्यदा मिश्रसमेतदृष्टं कष्टादथक्रूरमतीश्वरेर्न ॥ ३९ ॥

भा०—जिस मनुष्य के वर्ष काल में विवाह सहम अपने स्वामी से युक्त वा दृष्ट हो वा शुभ ग्रहों से मुथशिल योग करता हो तो उस प्राणी के विवाह की प्राप्ति को करता है और यदि शुभ ग्रहों और पाप ग्रहों से युक्त दृष्ट हो, तो बड़े कष्ट से विवाह होता है, अथवा यदि विवाह सहम पाप ग्रहों से युक्त दृष्ट हो वा मुथशिल योग करता हो तथा वर्ष लग्न व विवाह सहम से अष्टम स्थान

के स्वामी करके युक्त व दृष्ट वा इत्थशाल योग होवे तो उस वर्ष में विवाह नहीं होवेगा, ऐसा कहना ॥ ३९ ॥

यश सहम का शुभाशुभ फल ।

यशोधिपेनैधनगे खलेन युतेक्षित सद्यशसो विनाशः ।
पापार्जितस्यायशसोऽस्ति लाभो नष्टौजसि स्यात्कुलकीर्तिनाशः ॥

भावार्थ—जिसके वर्षकाल में यशस्सहम का स्वामी आठवें स्थान में प्राप्त होकर पाप ग्रहों से युक्त वा दृष्ट हो तो उसके समीचीन यशों का नाश होता है, अर्थात् सुन्दर यश को प्राप्त नहीं होता है किन्तु पाप सम्बन्ध से पैदा हुए अयश का लाभ होता है और वह यशस्सहम का स्वामी अष्टम भाव में स्थित होकर अस्त होजावे तो उस मनुष्य के कुल की कीर्ति का नाश होता है ॥ ४० ॥

यश सहम के शुभाशुभ फलों का और वर्णन ।

शुभेत्थशाले शुभदृग्युते वा बलान्विते स्याद्यशसोऽभिवृद्धिः ।
युद्धे जयो वाहनशस्त्रलाभः पापेसराफादयशोऽर्थनाशः ॥४१॥

भा०—जो यशस्सहम का स्वामी शुभ ग्रह के साथ इत्थशाल योग करे अथवा शुभ ग्रहों से दृष्ट वा युक्त होकर बल युक्त होवे तो उसके यश की वृद्धि और युद्ध में जय तथा वाहन (हाथी, घोड़ा आदि) और हथियार इनका लाभ होवे और जो यशस्सहम स्वामी पाप ग्रहों के साथ ईसराफ योग करे तो यश की हानि और धन का नाश होवे ॥ ४३ ॥

आशा सहम का शुभाशुभ फल ।

[illegible] षष्ठाष्टरिष्फविवर्जितःसौम्ययुतेक्षितश्च ।
[illegible] ॥४२॥

[illegible] सहम और आशा सहम का स्वामी लग्न से ६ । ८ । १२ [illegible] शुभ ग्रहों से युक्त [illegible] हो तो अपना मनोरथ सिद्ध [illegible] का लाभ होता है, और जो पाप ग्रहों से [illegible] होवे तो [illegible] प्राप्त होता है । ४२ ॥

रोग सहम का अशुभ फल ।

मांद्याधिपः पापयुतेक्षितश्च पापः स्वयं रोगकरो विचिन्त्यः ।
नेदित्थशालोमृतिपेन मृत्युस्तदा भवेद्धीनबलेतिकष्टात् ॥४३॥

भा०—जो रोग सहमका स्वामी पाप ग्रहों से युक्त दृष्ट हो, और वा स्वयं पापग्रह हो तो रोग करने वाला जानना, तथा यदि रोग सहमाधीश लग्न से अष्टम भवन के स्वामी के साथ इत्थशाल करता होवे तो उस प्राणी की मृत्यु होवै और यदि रोग सहम स्वामी बलहीन होवे तो अतिकष्ट से मरण होवै, ऐसा कहना ॥ ४२ ॥

रोग सहमका शुभाशुभ और फल ।

स्वस्वामिसौम्येक्षणभाजि मान्द्ये नाथे सवीर्येऽष्टषडंत्यवर्ज्जे ।
रोगस्तदा नैव भवेद्विमिश्रं युतेक्षिते रुग्मयमस्ति किंचित् ॥४४॥

भा०—जिस मनुष्य के वर्षकाल में रोग सहम अपने स्वामी वा शुभ ग्रहों से युक्त दृष्ट हो तथा रोग सहमाधीश ८ । ६ । १२ इन स्थानों को छोड़कर किसी अन्य स्थानों में स्थित होकर बलवान होवें, तो उस मनुष्य को किसी प्रकार का रोग नहीं होता है, और जो रोग सहमका स्वामी शुभ ग्रहों वा पापग्रहों से युक्त हो व देखा जाता हो, तो कुछ थोड़ा रोग भय होता है ॥ ४४ ॥

अर्थ सहमका शुभाशुभ फल ।

अर्थाख्यं शुभनाथदृष्टसहितं द्रव्यागमात्सौख्यदं पापैर्दृष्टयुते स्नेहस्च विलयं कुर्यादथो पापयुक् सद्दृष्टं च शुभेत्थशालि यदि तत्पूर्वं धनं नाशयेत्पश्चादर्थसमुद्भवं च ससुखं व्यत्यासतो व्यत्ययः ॥ ४५ ॥

भा०—जिस मनुष्य के वर्ष कालमें अर्थ सहम शुभग्रह व अपने स्वामी से दृष्ट व युक्त हो तो वह उस मनुष्य को द्रव्य की प्राप्ति से सुख को देता है, और यदि पापग्रहों से दृष्ट व युक्त हो तो धनका नाश करता है, अथवा जो अर्थ सहम पापग्रहों से युक्त होकर शुभ ग्रहों से देखा जाता

हो, तथा शुभ ग्रहोंके साथ इत्थशाल योग करता होवै, तो पूर्व संचित किये हुए धनका नाश करता है, फिर पीछे कुछ कालान्तर में सुख समेत् धनको देता और यदि अर्थ सहम शुभग्रह वा पाप ग्रहों से देखा जाता हो तथा शुभग्रह पापग्रहों के साथ मुथशिल (इत्थशाल) योग करै तो शुभ ही फल देता है ॥ ४५ ॥

शत्रु मित्र दृष्टि फल ।

रिपुदृष्टया रिपोर्भीतिस्तस्करादेर्धनक्षयः ।
मित्रदृष्टया मित्रयोगाद्धनं मानं यशःसुखम् ॥४६॥

भा०—जो सहम शुभग्रह व पापग्रह की शत्रु दृष्टि से देखा जाता हो तो शत्रु से भय हो और चोरों से धनका क्षय होवै, और जिस सहम को शुभग्रह पापग्रह मित्र दृष्टि से देखता हो तो मित्रके योग (सम्बन्ध) से धन व मान, यश व सुखको प्राप्त होता है ॥ ४६ ॥

पुत्र सहमका शुभाशुभ फल ।

स्वस्वामिदृष्टं सुतमात्मजस्य लाभं सुखं यच्छति पुत्रसद्म ।
पापान्वितं सौम्यखगेत्थशालिप्राग्दुःखदं पुत्रसुखाय पश्चात् ४७

भा०—जो पुत्र सहम शुभ ग्रहों व अपने स्वामी से देखा जाता हो अथवा [illegible] हो तो पुत्रका लाभ और पुत्र सम्बन्धी सुख प्राप्त होता है तथा जो पुत्र सहम पापग्रह युक्त शुभग्रह से इत्थशाल योग करता होवै तो पुत्र [illegible] के पश्चात् पुत्र सुख होता है ऐसा कहना ॥ ४७ ॥

[illegible] सहमका शुभाशुभ और फल ।

[illegible] नाशाय पुत्रस्य गतोजर्मांशे ।
[illegible] पुत्रस्य [illegible] शुभमित्रदृष्टः ॥४८॥

[illegible] और पापग्रह से देखा [illegible] पुत्रका नाश होवे तथा जन्म [illegible] में पुत्र [illegible] हो और [illegible] ॥ ४८ ॥

पितृ सहम का शुभाशुभ फल ।

पित्र्यं सदीक्षितयुतं पतियुक्तदृष्टं तातस्य यच्छति धनाम्बर-
मानसौख्यम् । पत्यौ गतोऽजमि मृतौ खलमूसराफे नाशः
पितुश्चरगृहे परदेशयानात् ॥ ४९ ॥

भा० — जो पितृसहम शुभ ग्रहोंसे युक्त व दृष्ट हो अथवा अपने स्वामी से युक्त दृष्ट हो तो उस मनुष्य के पिता के लिये धन, वस्त्र, मान और सुखको देता है, और यदि पितृ सहम का स्वामी निर्बल अथवा अस्तंगत हो वा वर्ष लग्न से आठवें स्थान में स्थिर होकर पापग्रहों के साथ मूसरीफ (इत्थशाल) योगको करै और चरराशि (मेष, कर्क, तुला, मकर) में स्थित हो तो उसका पिता परदेश में यात्रा करता हुआ मृत्यु को प्राप्त होगा ऐसा कहना ॥ ४९ ॥

पितृ सहम का शुभाशुभ फल ।

शुभेत्थशाले खलखेटयोगे गदप्रकोपः प्रथमं महान्स्यात् ।
पश्चात्सुखं विंदति पूर्णवीर्ये नाथे नृपान्मानयशोऽभिवृद्धिः ५०

भा०—जो पितृसहम पापग्रहों के साथ इत्थशालयोग को करै, पुनः यदि पापग्रहों से युक्त हो तो वर्ष के प्रारंभ में बड़े रोगका कोप होवेगा, फिर वर्षके उत्तरार्धमें पिता सुखको प्राप्त होवेगा तथा यदि पितृसहमका स्वामी पूर्णबली होवे तो उसका पिता राजाके आश्रयसे मान,यश,बड़ाई व द्रव्यको प्राप्त होवेगा

बन्धन सहमका शुभाशुभ फल ।

बन्धनाख्यसहमं युतेक्षितं स्वामिना न हि तदाऽस्ति बन्धनम्
पापवीक्षितयुतेऽस्ति बन्धनं पापजे मुथशिले विशेषतः ॥५१॥

भा०:—यदि बन्धन सहम अपने स्वामी से युक्त वा दृष्ट हो तो बन्धन नहीं होगा अर्थात् जेलखाने नहीं जायगा, और जो पाप दृष्ट व युक्त हो तो बन्धन होवेगा, तथा जो बन्धन सहम और उसका स्वामी ये

दोनों पाप ग्रहों से इत्थशाल योग करे तो विशेष करके बन्धन होगा ऐसा जानना ॥ ५१ ॥

गौरव सहम का शुभाशुभ फल ॥

गौरवाख्यसहमं युतेक्षितं स्वामिना शुभखगैः सुखाप्तये ।
राजगौरवयशोम्बराप्तये पापवीक्षितयुते पदक्षतिः ॥ ५२ ॥

भावार्थः—जो गौरव सहम अपने स्वामी व शुभ ग्रहों से युक्त हो या देखा जाता हो तो सुख, राजगौरव, यश व वस्त्र, इनकी प्राप्ति होवे, और यदि पाप ग्रहों से युक्त व दृष्ट हों तो अधिकार का क्षय होजावे अर्थात् यह मनुष्य बेरोजगार हो जावे ॥ ५२ ॥

पुनः गौरव सहम का शुभाशुभ फल ।

शुभाशुभैर्दृष्टयुतं खलैश्चेत्कुर्वेत्थशालं धनमाननाशम् ।
पूर्वं विधत्ते चरमे शुभैत्थशाले सुखं वाहनशस्त्रलाभम् ॥ ५३ ॥

भावार्थः—यदि गौरव सहम शुभ वा पापयुक्त वा दृष्ट हो और इत्थशाल योग करे तो वर्ष के पूर्वार्द्ध (प्रथम ६ मास) में धन और मान का नाश करे, तथा यदि केवल शुभ ग्रह से इत्थशाल योग करे तो वर्ष के उत्तरार्द्ध में सुख, वाहन और शस्त्र इनका लाभ करे ॥ ५३ ॥

कर्म सहम का शुभाशुभ फल ॥

कर्मभावसहमाधिपौ शुभैः स्वामिना मुथशिला बलान्विताः ।
[illegible] पापदृष्टियुतितोऽशुभप्रदाः ॥ ५४ ॥

भावार्थः—यदि दशमेश और कर्म सहम का स्वामी और दोनों के [illegible] शुभ ग्रहों व अपने स्वामी के साथ इत्थशाल योग [illegible] उनके लाभ को देते हैं, और यदि पाप [illegible] फल को देते हैं अर्थात् पापयुत दृष्ट [illegible] ॥ ५४ ॥

[illegible] सहम का शुभाशुभ और फल ।

[illegible] शुभा दृष्टाः [illegible] ।

राज्यभ्रंशः कर्मनाशश्च राज्यकर्मेशयो रन्ध्रमृगरिःफो खलेन ॥५५॥

भावार्थ- -चतुर्थ भाव स्वामी और दशम स्वामी ये दोनों अस्तंगत हों या वक्री होवें तो भाग्य का नाश करते हैं, तथा दोनों नीचराशिगत पड़के देवें लग्न में वा नीच युक्त हों तो विशेष करके भाग्य का नाश करते हैं, तथा यदि राज्य सहम वा भाग्य सहम ये दोनों के स्वामी पाप युक्त वा दृष्ट हों अथवा पाप ग्रहों से मृगरिःफ योग हुई तो राज्य और कर्म का नाश होवे ॥ ५५॥

मन्दादि युक्त वाले सहमों का अर्थ ।

उपदेशागुरुर्ज्ञानं विद्याशास्त्रं श्रुतिस्मृती ।
मोहोजाड्यं बलं सैन्यमंगं देहो जलंद्युतिः ५६

भावार्थ-गुरु सहम को उपदेश, और विद्या सहम को ज्ञान सहम, और विद्या सहम को शास्त्र, श्रुति, स्मृति सम्बन्धी सहम जाड्य को मोह और बल को सैन्य, देह को शरीर, जल को द्युति (कांति) भी कहते हैं ५६

गुरुतामंडलेशत्वं गौरवं मानशालिता ।
निग्रहानुग्रहविभू राजाच्छत्रादिलिंगभाक् ॥ ५७ ॥
माहात्म्यं मंत्रगांभीर्यं धृतिबुद्ध्यादिशालिता ।
सामर्थ्यं देहजाशक्तिः शौर्यं यत्नोऽरिनिग्रहः ॥ ५८॥

भावार्थः—गुरुता शब्द से मण्डलेशत्व, गौरव को मानशाली, राजशब्द से क्षत्रिय निग्रह अनुग्रह का विभु जानना राजशब्द का लक्षण यह है कि जो बांधने और अनुग्रह करने में समर्थ होकर छत्र, चमर आदि चिन्हों का सेवने वाला होता है ॥ ५७ ॥ महत् के भाव को माहात्म्य और महत्व कहते हैं, मंत्र यह है कि जो एकान्त में विचारा जायँ, उसका गाम्भीर्य(अप्रकटता) किसी से नहीं कहना यहां यह शंका है कि अप्रकाश कैसे होता है, तहां समाधान यह है कि धैर्य और परिणाम जो बुद्धि आदि से युक्त हो, इसी से प्रकाश रहित होता है, अर्थात् ऐसे रूप से जो युक्त हो वह महात्म्य कहा जाता है—सामर्थ्य शब्द से देह से उत्पन्न हुई शक्ति, और शौर्य शब्द से शत्रु के पकड़ने का यत्न किया जाय उसे कहते हैं ॥ ५८ ॥

दशा दिवस लाने का वर्णन ।

शुद्धांशकांस्तान्गुणयेदनेन लब्धध्रुवांकेन भवेद्दशायाः ।
मानं दिनाद्यं खलु तद्ग्रहस्य फलान्यथासां निगदेत्तु शास्त्रात् ॥

भावार्थः-पूर्वोक्त लब्ध हुए ध्रुवांक (दशागुणकांक) से सर्व शुद्धांशों को भी गुणना चाहिये, ऐसा करते हुए उस २ ग्रह के दिनादिक दशा को प्रमाण होता है, ऐसे ही दशा के दिन आदिकों को लाकर इन दशाओं के शुभ व अशुभ फलों को ज्योतिःशास्त्र से कहै ॥ ६६ ॥

अंशों के साम्य का निर्णय ।

शुद्धांशसाम्ये बलिनोदशाद्या बलस्य साम्येऽल्पगतेस्तु पूर्वा ।
साम्ये विलग्नस्य खगेन चिन्त्याबलादिका लग्नपतेर्विचिन्त्या ६७

भावार्थः--दो ग्रहों के अंशों करके साम्य रहते पंचवर्गी में जिस का बल अधिक हो उसकी दशा प्रथम होती है, अर्थात् शोध्य, शोधक दोनों ग्रहों के अंश समान हों उन दोनों में से पंचवर्गी में से बल अधिक हो उसकी दशा पहिले कही जावेगी यहां पर विचार कर्तव्य है कि "शुद्धांशसाम्ये" यह अपपाठ है, क्योंकि इस पाठ में किसी आचार्य का [illegible] नहीं देख पड़ता है, इस कारण "हीनांशसाम्ये" ऐसा पाठ [illegible] चाहिये इस पाठ में सब आचार्यों का सम्मत भी है, इससे [illegible] इस पाठ को [illegible] समझना चाहिये, और यहां दशा का क्रम [illegible] है, तदनन्तर शोधन करने में शुद्धांश होते हैं [illegible] शुद्धांशों का समान हो जिसका बल पंचवर्गी [illegible] दशा होती है, तदनन्तर दूसरे की और [illegible] बल वाले की दशा पहिले होगी और [illegible] तो पहिले [illegible] की दशा जानना [illegible]

[illegible]

[illegible] ग्रह [illegible] है, [illegible]

हीनांशाः							
श	मं	गु	चं	सू	शु	बु	ल
६	७	१२	१५	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
४८	३०	२९	३२	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
५४	६	८	२६	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

से देखना यहाँ सब ग्रहों की अपेक्षा न्यून अंश वाला शनैश्चर है इस कारण प्रथम शनैश्चर ६।४८।५४ को स्थापित किया फिर मंगल ७।३०।६ को फिर गुरु १२।२९।८ को फिर सोम १५।३२।२६ इत्यादि क्रम से हीनांश ग्रहों को स्थापन करे, फिर पात्यांशों को स्थापित करे, उसकी रीति यह है कि प्रथम शनैश्चर के पात्यांश ६।४८।५४ फिर इनको मंगल के अंशों में घटाकर शेष ०।४१।१२ मंगल के पात्यांश हुए, ऐसे ही पूर्वांशों को अगाड़ी में शोधने से सबों के पात्यांश होंगे इन सब पात्यांशों का योग करने से २९।३५।१२ यह योग सम्पूर्ण हीनांशों के अन्त में स्थित ग्रह के तुल्य है, इससे ठीक हुआ, जो सब यथा में स्पष्ट लिखा है, देखना अब दशा दिवस लाने का प्रकार यह है कि पात्यांश योग २९।३५।१२ में से अंशों को साठ से गुणाकर कला जोड़कर साठ से गुणाकर विकलाङ्क जोड़ दिये तो १०६५।१२ यह भाजक हुआ, अब वर्ष मिती दिन ३६० इसको साठ से गुणा तो कलात्मक २१६०० यह हुआ फिर इसको ६० से गुणा तो १२९६००० यह भाज्य हुआ इसमें योगरूप भाजक से भाग लेने पर १२।१०।३ ध्रुवाङ्क (दशागुणकांक) हुआ, इस करके शनैश्चर के ६।४८।५४ पात्यांशों को गुणा किया तो ८२।५५।२७ यह शनैश्चर दशा के दिवसादि हुए, इसी प्रकार अन्य पा-

लोमक्रमेण हीनांशाः पात्यांशाः

०	श	मं	गु	चं	ल	शु	सू	बु	रा
हीनांशाः	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
पात्यांशाः	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

मॉट्यमानेन वर्षदशाप्रवेशनक्रम् ।

दशा	श	मं	गु	चं	ल	शु	बु	सू	यो	०
दशादिवसाः	८२	८	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	३६०	दिन
	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	०	घटी
	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	०	पल

सूर्य	सू	सू	स	सू	सू	स	सू	सू	सू	राशि
	९	०	०	२	३	४	६	७	९	राशि
	७	०	८	६	४	१७	७	५	७	अंश
	३०	२५	४६	४७	२७	१८	१०	५८	३०	कला
	६	२४	४२	१	२८	२०	१४	१४	६	विकला

ग्रहों को ध्रुवाङ्क गुण देवे तो ग्रहों के दशा के दिनादि आजावेंगे. यह सौर मान से दशाओं का क्रम हुआ और इस सौरमान ही से सम्पूर्ण पण्डित जन दशाओं को बनाकर वर्ष के विशेष प्रमाण मानते और स्थापन करते हैं, सावन मान को स्थापित नहीं करते. परन्तु सावन मान से दशा लाने का क्रम सौरमान ही के समान है केवल भेद इतना है कि सावन मान के दिनादि ३६५ । १५ । ३१ यह वर्ष मिति है, इसको दो बार साठ से गुणने पर १३१४६३१ यह भाज्य हुआ इसमें १० [illegible] इससे भाग देने पर १२ । १० । ४२ यह गुणक उत्पन्न हुआ इसी तरह शनैश्चर के पात्यांशों को गुण दिया तो ८४ । ७ । ५२ यह शनैश्चर दशादिनादि हुए, ऐसे ही अन्य ग्रहों के भी दशादिनादि आजावेंगे, यहां उसके [illegible] लिखने की आवश्यकता नहीं।

दशामानं समामानं प्रकल्प्योक्तेन वर्त्मना ।
अन्तर्दशा साधनीया पात्यांशवशेन तु ।
आद्यान्तर्दशापाकपतेस्तत्क्रमतोऽपरा ॥ ६८ ॥

अन्तर्दशा लाने का प्रकार ।

[illegible] की दशा में अन्तर्दशा लाना होवे तो उस दशा के [illegible] को समामान कल्पना करे अर्थात् दशा के [illegible] मध्यमान कल्पना करे अर्थात् दशा के दिन घटी पलों [illegible] इस मार्ग से अन्तर्दशा का साधन करो [illegible] दो बार साठ से गुणा करने पर जो अङ्क [illegible] पात्यांशों के योगफल भाजक से भाग लेवे [illegible] गुणक से पात्यांशों से गुण देवे तो अन्तर्दशा के [illegible] अन्तर्दशा का क्रम यह है कि महादशा में जिसकी [illegible] अन्तर्दशा होती फिर उसी क्रम से आगे [illegible] ॥ ६८ ॥

अन्तर्दशा का उदाहरण।

जैसे शनैश्चर की दशा के ८२। ५४। १८ पल दिनादि हैं इनको साठ से सौ भाग गुणा किया तो २९८४५८ पल आदि हुआ इसमें पाच्यांश योग ... १९। २५। ... इसकी सौ भाग मान से गुणा तो ... पल आदि हुआ, उस से भाग लिया तो २। ४८। ६ पल गुणक हुआ, इस गुणक से शनैश्चर के पाच्यांशों को ६। ४८। ४३ को गुणा किया तो १९। ५। ४८ पल शनैश्चर की अन्तर्दशा के दिन घड़ी पल हुए, ऐसे ही शनैश्चर की दशा के सम्पूर्ण ग्रहों की अन्तर्दशा बनाकर लिखे, एवं अन्तर्दशा तथा अन्तर में प्रत्यन्तर का क्रम जानना।

अथ शनैश्चरान्तर्दशाचक्रम्								
श	बु	के	शु	सू	चं	मं	रा	गु
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

मास प्रवेश और दिन प्रवेश लाने की रीति।

एकैकराशिवृद्ध्या चेत्तुल्योंऽशाद्यैर्यदा रविः।
तदा मासप्रवेशो द्युप्रवेशश्चेत्कलासमः॥ ६९॥

भाषार्थः—जन्मकालीन सूर्य जितनी संख्या की राशि वाला होवे उसको ग्यारह स्थानों में रखना चाहिये जिस मास घटी पलात्मक काल में एकादि राशि वृद्धि से युक्त होकर यथास्थित अंशादि के बराबर सूर्य हो तो उतनी संख्या वाला मास प्रवेश जानना चाहिये अर्थात् वर्ष प्रवेश समय में ही पहले मास का प्रवेश होता है, वहां जन्मकालीन सूर्य के समान सूर्य रहते हैं यदि दूसरे मास का प्रवेश करना होवे तो एक राशि को जोड़ देवे उसी से अंश कला विकलाओं का समत्व रहेगा, राशि के युक्त होने पर उस पूर्व के बराबर सूर्य जिस समय में हो तभी दूसरे मास का प्रवेश होता है ऐसे ही एक एक राशि बढ़ाने पर आगे २ के मासों का प्रवेश जानो, यदि दिन प्रवेश करना हो तो अंशों में एक एक जोड़ता जावे उस से कला विकलाओं का समत्व जिस समय में हो तभी दिन का प्रवेश होता है॥ ६९॥

पंचांग से मास प्रवेश की घड़ी लाने का प्रकार ।

मासाऽर्कस्य तदासन्नपंक्त्यर्केण सहान्तरम् ।
कलीकृत्वाप्तगत्याप्तं दिनाद्येन युतोनितम् ॥ ७० ॥
तत्पंक्तिस्थं वारपूर्वं मासार्केऽधिकहीनके ।
तद्वाराद्ये मासवेशो द्युवेशोऽप्येवमेव च ॥ ७१ ॥

भाषार्थ—एकर राशिके अंशमें मासप्रवेशका सूर्य होताहै, इसीके समीपवर्ती पंचांग में लिखा जो अवधि का रवि और मास प्रवेश का रवि इन दोनों का अन्तर करें फिर उसकी कला करे तदनन्तर अवधिस्थ रवि की गति से भाग [illegible] वार घटी पल मिलेंगे इनको अवधिस्थ वारादि में युक्त करे अथवा [illegible] देवे, [illegible] मास प्रवेश का रवि अधिक होवे तो अवधिस्थ वारादि में युक्त करना चाहिये और यदि मास प्रवेश के रवि से अवधिस्थ [illegible] होवे तो घटा देवे, फिर उस शेष वारादि अर्थात् वार घटी [illegible] मास का प्रवेश होवेगा, एवं दिन प्रवेश निकालने की रीति [illegible] वारादि के स्थान पर पंडित विश्वनाथ दैवज्ञ ने [illegible] पंचांग में (अब्दपति) [illegible] बनाया [illegible] को जोड़ते हैं, परन्तु यह ग्रन्थकार [illegible] अब्दपति का प्रकार ग्रन्थ विस्तार से [illegible] नहीं लिखा गया ॥ ७० ॥ ७१ ॥

यह भाज्य हुआ, इसे वर्षदिन भाजक से भाग दिया तो लब्ध २ इसको वार समझो शेष [illegible] को ६० से गुणा तो [illegible] यह भाज्य भया, इसमें भाजक से भाग लिया तो लब्ध १० यह घटी जानो. शेष ८१० को ६० से गुणा किया ४८६०० इसमें भाजक से भाग लिया तो १३ लब्ध हुए इसको पल जानो, अब यह विचार करो कि मास प्रवेश के पूर्व के [illegible] सूर्य जो था है इसके ० । ३० । १३ को [illegible] समझ कर इस वारादि को [illegible] वार, ३ । ० । ० में घटाया तो ३ । २९ । ४७ यह वार घटी पल हुए, इस प्रकार फाल्गुन कृष्ण पंचमी भौमवार २९ घटी ४७ पल पर द्वितीय मास का प्रवेश मालूम हुआ, एवं अन्य मासों का प्रकार जानना, ऐसे ही एक एक अंश घटाते जाना और कला समान करें पूर्वोक्त रीति से घटी पल को मालूम करते जाना तो दिन प्रवेश बनते जावेंगे, मास दिन प्रवेश काल से लग्न और भावों को भी साधन करे और पंचवर्गी बल साधन करके पंचाधिकारी बनाकर मासपति दिनपति भी जानना, और द्वादशवर्गी आदि बलों का भी विचार करना ।

पूर्व वर्ष से आगे के वर्ष का ध्रुवा जानने का क्रम (ग्रन्थान्तर)

शशीबाणचन्द्रैः कुरामैः खरामैर्युतं पूर्ववर्षोद्भवं वासराद्यम् ।
भवेद्ग्रिमो वर्षवेशस्तदानीं तिथेर्योजितं शंकरैर्जायतेत्र ॥ १ ॥

भाषार्थः—पूर्व वर्ष के वारादि में १ । १५ । ३१ । ३० जोड़ देने से आगे वाली वर्ष का प्रवेश होता है, अर्थात् वार में १, घटी मे १५, पलों में ३१, विपलों में ३० जोड़ना और तिथि में ११ जोड़ना, तो आगे के वर्ष प्रवेश का ध्रुवा होता है, योग में १०, नक्षत्र में १०, लग्न में ३॥ साढे तीन जोड़ने का मत किसी किसी पंडितों का है ॥ १ ॥

जन्म लग्न से वर्ष लग्न जानना (ग्रन्थान्तर)

गताब्दात्रिनिघ्नाद्विधाशून्यरामैरवाप्तंफलंचार्द्धराशीषु युक्तम् ।
ततोभानुभिर्भक्तशेषेण युक्तात्ततो जन्मलग्नाद्भवेदब्दलग्नम् ॥२॥

भाषार्थ—गत वर्ष गण को तीन से गुणा करके दो स्थानमें स्थापन करना एक जगह तीस का भाग देके लब्ध फल दूसरी जगह वाले में जोड़

भाषार्थः - उस चिन्तामणि नामक दैवज्ञ का पुत्र अनन्त गुणों से युक्त अनन्त नामक पुत्रों में प्रसिद्ध होता भया, जो कि सज्जनों के आनन्दार्थ ज्योतिषशास्त्र में श्रेष्ठ कामधेनु नामक ग्रन्थ के ऊपर टीका को रचता भया और दुर्जनों को दूर करके जातक शास्त्र के मार्ग को निरूपण करता भया कि जिससे उत्तम शास्त्रों के अनुष्ठान में लगा पद्य द्वारा शुभ और अशुभ कर्मों का निरूपण होता है ॥ ७३ ॥

पद्माम्बनन्दमापि ततो यदभिरन्दोर्नीलकण्ठः श्रुतिशास्त्रनिष्ठः ।
विद्वच्छिवप्रीतिकरं व्यधात्तं संज्ञाविवेकं सहमादितन्त्रम् ॥ ७४ ॥

अन्वयः - अथो अनन्तदैवज्ञात् पद्मानाम्नी या अम्बा (माता) तस्या श्रीनीलकण्ठः पाण्डित्यादिगुणोपेतो नीलकण्ठाख्यः पुत्रोऽभवत् (जातः) कथंभूतः विद्वान् पंडितः श्रुतिशास्त्रनिष्ठः (वेदशास्त्रपरायणः) संज्ञाविवेकं (संज्ञा विचार) ग्रन्थं कृतवान् कथंभूतं, सहमादितन्त्रं सहमनिरूपकं शास्त्रम् तन्त्रं भूयात् सम्यक् अत्र ग्रन्थे सहमविचारं सम्यक् निरूपितवान् पुनः कीदृशं विद्वच्छिवप्रीतिकरं पण्डितशिवप्रीतिदम् ॥ ७४ ॥

भाषार्थः - तदनन्तर उन अनन्त दैवज्ञ से पद्मानाम माता ने पांडित्यादि गुणों से युक्त नीलकंठ नाम के पुत्र को उत्पन्न किया जो कि सम्पूर्ण विद्याओं का ज्ञाता और वेदविहित कर्मों का करने वाला ऐसा नीलकंठ संज्ञातंत्र को रचता भया जिसमें सहमों का निरूपण अच्छे प्रकार से किया गया, और जो विद्वान् रूप शिवजी के लिये ही प्रीति को देता है, ऐसा यह सहमोत्तम संज्ञातन्त्र है ॥ ७४ ॥

इति नन्दीमपुरे श्रीवन्मिश्रशोभारामात्मजचन्द्रमुखीगर्भजज्योति-
र्वित्पंडितनारायणप्रसादकृतायां नीलकंठीताजिकग्रन्थे
नारायणीभाषाटीकायां संज्ञातन्त्रे सहमादिनिरूपणं
नाम तृतीयं प्रकरणम् ॥ ३ ॥

द्वितीयं वर्षतन्त्रं प्रारभ्यते ।



भाषाकार कृत मङ्गलाचरण ।

नत्वा भवानीतनयं गजास्यं नारायणो भूसुरवृन्दभक्तः ।
श्रीनीलकंठोक्तशुभाब्दतंत्रे टीकां प्रवक्ष्ये सुगमां मनोज्ञाम् ॥ ८ ॥

अन्वयः—भवानीतनयं (पार्वतीपुत्रं) गजास्यं (गजाननं गणेशं) नत्वा (नमस्कृत्य) भूसुरवृन्दभक्तः नारायणः (मिश्रनारायणप्रसादाख्योऽहं) श्रीनीलकण्ठोक्तशुभाब्दतंत्रे (श्रीनीलकण्ठदैवज्ञकृतसमीचीनवर्षतन्त्रे) सुगमां (सरलां) मनोज्ञाम् (मनोहराम्) टीकां प्रवक्ष्ये (कथयिष्ये) ॥ १ ॥

भावार्थ—श्रीपार्वती जी के पुत्र हाथी के समान मुख वाले श्रीगणेश जी को प्रणाम करके ब्राह्मणों का भक्त मैं नारायणप्रसाद श्रीनीलकण्ठ दैवज्ञ के बनाये हुए सुन्दर वर्षतन्त्र में सरल मनोहर भाषाटीका को वर्णन करूँगा ॥१॥

लिए गणेश जी प्रसन्न हों बिना महादेव आदिक सम्पूर्ण देवता अपने अपने मनोरथों को निर्विघ्नतापूर्वक पाने को नहीं समर्थ होते हैं यह निश्चय करके वेदश्रुतियों में सुना जाता है, इससे श्रीगणेश की स्तुति अवश्य ही करनी योग्य है । १ ॥

वर्षतन्त्रारम्भः ।

जातकोदितदशाफलं न यत्स्यात्कालफलदं स्फुटं नृणाम् ।
तत्र न स्फुरति दैवविन्मतिस्तद्ब्रुवेऽब्दफलमादिताजिकात् ॥२॥

भावार्थ—जातक शास्त्र में जो कुछ शुभ व अशुभ फल मनुष्यों को बहुत काल में फल देने वाले होते हैं ऐसा प्रगट है, क्योंकि जातक शास्त्र में ग्रहों की वर्ष समूह वाली दशा गणित करने से आती है उस फल में पण्डितों की बुद्धि काम नहीं देती है, कि किस समय क्या फल होवेगा, इस कारण वर्ष के मध्य में फल के जानने को ताजिक ग्रंथों से शुभ व अशुभ फल को वर्णन करता हूं ॥ २ ॥

गताः समाः पादयुताः प्रकृतिघ्नसमा गणात् ।
खवेदाप्तघटीयुक्ता जन्मवारादिसंयुताः ॥ ३ ॥
अब्दप्रवेशोवारादिस्पष्टतष्टेऽद्रिनिर्दिशेत् ।
शिवघ्नोऽब्दः खखाद्रीन्दुलवाढ्यः खाग्निशेषितः ॥ ४ ॥
जन्मतिथ्यन्वितस्तत्रतिथावब्दप्रवेशनम् ।
तत्कालेऽर्कोजन्मकालरविणास्याद्यतरसमः ॥ ५ ॥
एकैकराशिवृद्धश्चेत्तुल्यांशश्चेयदारविः ।
तदामासप्रवेशोद्युप्रवेशश्चेत्कलासमः ॥ ६ ॥

इन चार श्लोकों का भावार्थ पूर्व संज्ञातन्त्र में वर्णन करचुके हैं इस कारण यहां वर्णन करने की आवश्यकता नहीं है ॥ ३ ॥ ४ ॥ ५ ॥ ६ ॥

तात्कालिकास्तुखचराः सुधिया विधेयाः स्पष्टाविलग्नमुखभावग-

णोऽविचेयः । वीर्यं तथोक्तविधिना निखिलग्रहाणामब्दाधिपस्य विषये कथयामि युक्तिम् ॥ ७ ॥

भावार्थ—पण्डितों को उचित है, कि प्रथम तात्कालिक ग्रहों को गति सहित स्पष्ट करें और लग्नादि भावों को स्पष्ट पूर्वक साधन करें, तदनंतर पूर्वोक्त पञ्चवर्गी व द्वादशवर्गी के द्वारा संपूर्ण ग्रहों का बलाबल विचार करें, [illegible] भाग में वर्षेश की विधि जानने के अर्थ युक्ति को वर्णन करता हूं॥७॥

वर्षेश का निर्णय ।

जन्मलग्नपतिरब्दलग्नपोमुंथहाधिप इतित्रिराशिपः ।
[illegible]राशिपतिरह्निचन्द्रमाधीश्वरो निशिविमृश्य पंचकम् ॥८॥
वर्षाधिपं तन्नुवीक्षमाणः सर्वेषु यो लग्नमवीक्षमाणः ।
नैवाब्दपो दृष्ट्यधिकत्वेऽपि स्याद्बलस्य साम्ये विदुरेवमाद्याः ९
बलादिसाम्येऽपि निर्बलत्वे वर्षाधिपः स्यान्मुथहेश्वरस्तु ।
[illegible] तन्नुवीक्षमाणा वीर्याधिकोऽब्दस्य विभुर्विचिन्त्यः १०
[illegible]साम्ये [illegible]निशीन्दुराशीशिति केचिदाहुः ।
[illegible] सूर्यराशी स वर्षाधिपश्चान्द्रभपान्यथात्वे ॥ ११ ॥

भावार्थ – वर्षेश निर्णय के इन चारों श्लोकों की भाषाटीका प्रथम [illegible] में लिख चुके हैं, इस कारण यहां लिखने की आवश्यकता नहीं है । ८—११ ।

[illegible] भिन्न वश से फल का वर्णन ॥

[illegible] लग्नोदयोऽब्दजनुषोमदृशां[illegible]
[illegible] । [illegible] विदधाति कार्येन[illegible]
[illegible] ॥ १२ ॥

वचन है कि जो लग्न को नहीं देखते से भी पञ्चाधिकारियों में से अधिक बल वाला ग्रह वर्षेश होता है, इस कारण यह वाक्य कहा, और इस प्रसंग समय व जन्म समय में उदय को प्राप्त हो तथा समान बल हो, अर्थात् बलहीन नहीं होवे, ऐसा वर्षेश ग्रह सम्पूर्ण उत्तम फल को करता है, शरीर में आरोग्यता, राज्य धन की प्राप्ति और बहुत सुख को करता है ॥ १२ ॥

पंचवर्गी बल के अनुरोध से वर्षेश का फल वर्णन ।

बलपूर्णेऽब्दपे पूर्णं शुभं मध्ये च मध्यमम् ।
अधमे दुःखरोगादिभयानि विविधाः शुचः ॥ १३ ॥

भावार्थ — जो वर्ष का स्वामी पूर्ण बली हो अर्थात् पंचवर्गी में दस विश्वा से अधिक बल वाला हो तो सम्पूर्ण वर्ष पर्यन्त शुभ फल होता है, मध्य बली अर्थात् दस तक बल होवे तो मध्यम फल होता है, और जो हीनबल हो अर्थात् पांच विश्वा से न्यून (कमती) बल हो, तो दुःख शरीर में रोग, व शत्रुगणों से भय तथा अनेक तरह के शोकों को करता है ॥ १३ ॥

वर्षेश सूर्य का फल ।

सूर्येऽब्दपे बलिनि राज्यसुखात्मजार्थलाभः कुलोचितविभुः परिवारसौख्यम् । पुष्टं यशोगृहसुखं विविधा प्रतिष्ठा शत्रुविनश्यति फलंजनि खेटयुक्त्या ॥ १४ ॥

भावार्थ—जो सूर्य वर्षेश हो और पूर्ण बली होवे तो राज्य, सुख, पुत्र, द्रव्य इनका लाभ हो, कुल के अनुसार प्रभुता हो, परिवार से सुख हो, देह के लिये पुष्टता, यश, गृह का सुख, तथा शत्रुओं का नाश होवे, परन्तु ऐसा फल तब होता है कि जब जन्म काल में वर्षेश उत्तम बली हो तो परमोत्तम फल होता है, और यदि मध्य बली हो तो उत्तम फल, अधम बल होने से मध्यम फल जानना, तथा जो जन्म काल में वर्षेश ग्रह मध्यम बली होकर वर्ष समय में उत्तम बली हो तो उत्तम ही फल होता है, जो मध्यम बली हो तो मध्यम फल अधम बली हो तो अधम फल होता है, और यदि जन्म काल में वर्षेश ग्रह अधम बली होकर वर्ष काल में उत्तम बली होवे तो मध्यम फल को देता है, मध्यम बली होवे तो अधम फल, अधम बली

होवे तो अधमाधम फल देता है, यह फल जन्म काल में ग्रहों के विचार से कहना योग्य है ॥ १४ ॥

मध्ये रवौ फलमिदं निखिलं तु मध्यं स्वल्पं सुखं स्वजनतोऽपि विवादमाहुः। स्थानच्युतिर्न च सुखं कृशता शरीरे भीतिर्नृपान्मुथशिलो न शुभे न चेत्स्यात् ॥ १५ ॥

भाषार्थः—जो वर्षेश सूर्य मध्यम बली हो तो पहिले कहा हुआ सम्पूर्ण फल मध्यम होवे, और थोड़ा सुख, न स्वजनों से कलह, स्थान का नाश, सुख की हानि, देह में दुर्बलता और राजा से भय होवे, ऐसा अनिष्ट फल तब जानना कि जब शुभग्रहों से वर्ष स्वामी ग्रह का इत्थशाल योग न होवे ॥ १५ ॥

सूर्ये बलेन रहितेऽब्दपतौ विदेशयानं धनक्षयशुचोरिभयं च तन्द्रा। लोकापवादभयमुग्ररुजोऽतिदुःखं पित्रादितोऽपि न सुखं सुतमित्रभीतिः ॥ १६ ॥

भाषार्थः—जो सूर्य निर्बल होकर वर्ष का स्वामी होवे तो विदेश गमन धन नाश, शोक, शत्रु भय, आलस्य, लोकापवाद (मिथ्या कलंक) भय, [illegible] और कठिन रोग, पिता आदिकों से भी सुख हानि, पुत्र और मित्रों से भय [illegible] होवे ॥ १६ ॥

चन्द्र वर्षेश फल।

चन्द्रेऽब्दपे मुथशिले [illegible] चेत्।
[illegible] जन्मनि [illegible] ॥ १७ ॥

[illegible] चन्द्रमा वर्षेश होकर जिस ग्रह के [illegible] यदि उस वर्षेश का चन्द्रमा [illegible] ग्रह के साथ [illegible] हो तो वर्ष [illegible]

[illegible] त्रिविधे [illegible]

वर्षेश मंगल का फल ।

भौमेऽब्दपेबलिनिकीर्तिजयारिनाशसेनापतित्वरणनायकताप्रदिष्टा। लाभः कुलोचितधनस्य नमस्यताचलोकेषुमित्रसुतवित्तकलत्र-सौख्यम् ॥ २१ ॥

भा०-जिसके वर्षकाल में मंगल पूर्णबली होकर वर्षपति होवै तो वह प्राणी कीर्तिवाला जयवाला व शत्रुओं का नाश करने वाला होकर सेनापति होता है जिससे वह रणनायक (संग्राम का स्वामी) कहा जाता है और कुल के उचित धनको पाकर लोक में जनों से पूजित होकर मित्र पुत्र धन स्त्री सुखको पाता है ॥ २१ ॥

मध्येऽब्दपेऽवनिसुते रुधिरस्रुतिश्चकोपाधिकाशकटशस्त्रहतिश्चि-न्ता । स्वामित्वमात्मगणतोबलगौरवंचमध्यंसुखंनिखिल मुक्त-फलं विनिन्द्यम् ॥ २२ ॥

भा०-जिसके वर्ष प्रवेश समय में मंगल मध्यम बली होकर वर्ष का स्वामी होवे तो पुरुष के रुधिर [illegible] अर्थात् फोड़ा फुन्सी आदि से रुधिर बहै, और वह बहुत कोपवाला व गाड़ी से गिरकर चोट व किसी हथियार [illegible] से [illegible] अपने गणों का स्वामी [illegible] बल और गुरुतासहित [illegible] सुख होता है, यह सब कहा हुआ फल पण्डितों को निन्दित [illegible] ॥ २२ ॥

नीचेऽब्दपेऽसृजि [illegible] लोकापवादभयमात्मधियावि-नाशः । कार्यस्य सिद्धिनिगमभयं विदेशयानं चापनयतो-[illegible] ॥ २३ ॥

भा०-जिसके वर्ष प्रवेश समय में मंगल [illegible] होकर वर्षेश होवै [illegible] (निन्दात्मक) [illegible] बुद्धि से [illegible] होता है, तथा [illegible] और बड़े गणों से [illegible]

युक्त होकर विदेश को जाता है, और स्वगृह को शुद्धमति नहीं देखता होवे तो मनोऽग्नि (कुशान्त) से ग्रस होजाता है ॥ २३ ॥

बुध वर्षेश का फल ।

सौम्येऽब्दपे बलवति प्रतिवाददक्षेऽन्यमन्त्रशास्त्रसदःप्रहतौ विजयो-ऽर्थलाभः । ज्ञानं कलागणितवैद्यमनं गुरुत्वं राजाश्रयेण नृपता नृपमन्त्रिता वा ॥ २४ ॥

भा०—जिसके वर्ष प्रवेश समय में पूर्ण बलवान होकर बुध वर्षेश का स्वामी होवे तो वह वादी प्रतिवाद शीघ्र उत्तर देने व लिखने व छन्द वेदान्तादि शास्त्रों में प्रवीण होकर समीचीन व्यवहारों में विजय व धनको पाता है और ज्ञानवान व सब कलाओं (कारीगरी की विद्याओं) में कुशल (निपुण) होकर गणित तथा वैद्य विद्याकी गुरुता को जानता हुआ राजा के आश्रय से राजा के समान व राजा का मन्त्री होता है ॥ २४ ॥

अब्दाधिपे शशिसुते खलु मध्यवीर्ये स्यान्मध्यमे निखिलमेतदथाध्वया-नम् । वाणिज्यवर्तनमथात्मजमित्रसौख्यं सौम्येत्थशालवशतोपरथा न सम्यक् ॥ २५ ॥

भा०—जिसके वर्ष प्रवेश समय में बुध मध्यम बली होकर वर्ष का स्वामी होवे, तो पूर्वोक्त सब फल मध्यम होता है, और वह प्राणी यात्रा द्वारा व्यापार कर्म को करता है, उसी से अपने पुत्र व मित्रवर्गों को सुख देता है, परन्तु बुध शुभग्रहों के साथ इत्थशाल के वश से शुभफल होता है इस से अन्यथा हो तो अशुभ फल जानना अर्थात् बुधका पापग्रहों के साथ ईसराफ योग होवे तो अनिष्ट फल जानना ॥ २५ ॥

सौम्येऽब्दपेऽधमबले बलबुद्धिहानिर्धर्मक्षयः परिभवो निजवा-क्यदोषात् । विक्षेपतो विपदतीव मृषैव साक्ष्यं हानिः परव्यहृतेः सुतवित्तमित्रैः ॥ २६ ॥

भा०—जिसके वर्ष प्रवेश समय में बुध अधमबली होकर वर्ष का स्वामी

होवे तो उस प्राणी के बलबुद्धि की हानि होती है, और वह प्राणी धर्म का नाश करता हुआ अपने वाक्य दोष से तिरस्कार (अनादरभाव) को प्राप्त [illegible] सा होकर अनेकानेक विपत्तियों को सहता हुआ बहुत झूँठी गवाही देता हुआ पराये व्यवहार में अपने पुत्र, मित्र व धन इन करके हानि को प्राप्त होता है ॥ २६ ॥

गुरु वर्षेश का फल ।

जीवेऽब्दपे बलयुते परिवारसौख्यं धर्मो गुणग्रहिलताधनकीर्तिपुत्राः । विश्वस्यता जगति सन्मतिविक्रमाप्तिर्लाभोनिधेर्नृपनिर्गौरवमन्यरिहनम् ॥ २७ ॥

भावार्थः—जिसके वर्षप्रवेश समय से बृहस्पति पूर्ण बली होकर वर्ष का स्वामी होवे तो आदमी परिवार से सुखी, धर्मात्मा, गुणों का ग्राहक होता है और कीर्ति, धन, पुत्र इनका सुख व लोक में विश्वासी उत्तम बुद्धि बल की प्राप्ति, निधि (खजाना) का लाभ, राजा से बड़ाई, शत्रुओं का नाश इन [illegible] है, अर्थात् यह सम्पूर्ण उत्तम फल होते हैं ॥ २७ ॥

[illegible] सुरगुरौ [illegible] मध्यवीर्ये स्यान्मध्यमं फलमिदं नृप[illegible] । [illegible] शस्त्र[illegible] दारिद्र्यमर्थविलय[illegible] ॥ २८ ॥

[illegible] वर्षेश समय में बृहस्पति मध्यम बली होकर वर्ष का [illegible] सम्पूर्ण उत्तम फल मध्यम होता है, और [illegible] का [illegible] होता है, जो [illegible] आदमी दरिद्री होकर अपनी [illegible] धन का नाश होता है ॥ २८ ॥

[illegible] मित्र[illegible] । [illegible] ॥ २९ ॥

भावार्थः—जिसके वर्ष प्रवेश समय में बृहस्पति अधम बली होकर वर्षेश होवे तो धन धर्म, सुख की हानि होवे, और पुत्र मित्र कुटुम्बी जन तथा स्त्री भक्ति उनको छोड़ देते हैं, और लोक के अपवाद अर्थात् मिथ्या कलंक करि व्याकुल होकर कष्ट को प्राप्त होता है, और उसके शरीर में कफ रोग आकर घर कर लेता है जिससे हीन बली होकर वह मनुष्य कलह आदि करता रहता है, और शत्रु से भय और बन्धुजनों से कलह को प्राप्त होता है ॥ २९ ॥

वर्षेश शुक्र का फल ॥

शुक्रेऽब्दपे बलिनि नीरुजता विलाससच्छास्त्ररत्नमधुराशनभोगतोषाः । क्षेमप्रतापविजया वनिताविलासो हास्यं नृपाश्रयवशेन धनं सुखं च ॥ ३० ॥

भावार्थ—जिसके वर्ष प्रवेश समय में शुक्र उत्तम बली होकर वर्षेश होवे तो वह प्राणी रोग रहित (आरोग्य शरीर) व सुन्दर शास्त्र और रत्नों का विलासी होकर मधुर पदार्थों का भोजन करने वाला व भोगों से सन्तुष्ट व कल्याण युक्त व प्रतापी शत्रुओं का जीतने हारा व वनिताओं के हाव भाव कटाक्षों से आनन्दित व हँसता हुआ प्रति दिन प्रसन्न मन वाला व राजा के आश्रय वश से धन और सुख को प्राप्त होता है ॥ ३० ॥

अब्दाधिपे भृगुसुते खलु मध्यवीर्ये स्यान्मध्यमं निखिलमेतदथाल्पवृत्तिः । गुप्तं च दुःखमिखिलं सुनिबद्धवृत्तिः पापारिवीक्षितयुते विपदोऽर्थनाशः ॥ ३२ ॥

भावार्थ—जिसके वर्ष प्रवेश समय शुक्र मध्यम बली होकर वर्ष का स्वामी होवे, तो पूर्व कहा हुआ सब फल मध्यम होवे और वह प्राणी थोड़ी जीविका वाला होता है, और संपूर्ण दुख छिपा हुआ होवे, कोई दुख देखने में प्रगट न होवे, और जीविका बंधी हुई होवे अर्थात् चाकरी (वेतन, पगार) जितनी बंधी हो उससे अधिक प्राप्त नहीं होवे, जो शुक्र पापग्रहों से या शत्रु से दृष्ट युक्त हो तो विपत्ति और धन का नाश होवे ॥ ३१ ॥

शुक्रेऽब्दपेऽधमबले मनसोऽतितापो लोकापहासविपदो निजवृत्तिनाशः । द्वेषः कलत्रसुतमित्रजनेषु कष्टादन्नाशनं च विफलक्रियता न सौख्यम् ॥ ३२ ॥

भाषार्थ—जिसके वर्ष प्रवेश समय में शुक्र अधम बली होकर वर्ष का स्वामी होवे, तो उस प्राणी के मन को बहुत ताप हो, लोक में उपहास हो [illegible] हो, अपनी जीविका का नाश हो, और स्त्री, पुत्र, मित्रों के विषे द्वेष [illegible] होवे, तथा कष्ट से अन्न मिले जो कार्य आरम्भ करै वह निष्फल होवे ॥ ३२ ॥

वर्षेश शनि का फल।

मन्देऽब्दपे नलिनिनूतनभूमिवेश्म चौराप्तिरर्थनिचयो यवनावनीशात् । आरामनिर्मितजलाशयसौख्यमंगपुष्टिः कुलोचितपदाप्तिगुणाग्रणीत्वम् ॥ ३३ ॥

भाषार्थ—जिसके वर्ष प्रवेश समय में शनि उत्तम बली होकर वर्ष का स्वामी होवे [illegible] अर्थात् भूमि, घर, [illegible] इनकी प्राप्ति होवे और [illegible] से धन मिले, तथा बगीचा, तालाब, कूआ, बावड़ी बनवावे और [illegible], और अपने कुल के उचित पद को प्राप्त होने वाला [illegible] होता है। ३३ ॥

[illegible] मध्यबले [illegible] निखिलमन्न- [illegible] । [illegible]कृतान्यरतिम्नुता[illegible]पापं फलं [illegible] ॥ ३४ ॥

मन्दे बलेनरहितेऽब्दपतौ क्रियाणां वध्यत्वमर्थविलयो विपदां-ऽरिभीतिः । स्त्रीपुत्रमित्रजनवैरकदन्नभुक्तिः सौम्येत्थशालियुजि सौख्यमपीपदाहुः ॥ ३५ ॥

भावार्थः- जिसके वर्षप्रवेश समय में हीन बल वाला शनैश्चर वर्ष का स्वामी हो, तो उस वर्ष में सम्पूर्ण क्रियाओं का नाशक तथा धन का नाश, विपत्ति, वैरी का भय, और स्त्री, पुत्रजन इन से वैर होता है, तथा खराब आदि कुछ अन्न प्राप्त होता है, शनिश्चर के साथ शुभ ग्रहों का इत्थशाल हो तो कुछ सुख भी मिलता है, ऐसा आचार्यों ने कहा है ॥ ३५ ॥

वर्षेश द्वारा सम्पूर्ण वर्ष का शुभाशुभ फल ।

वर्षेश्वरो भवति यः सदशाधिपोऽब्दे ज्ञेयोऽखिलेऽब्दजनुषोर्बलमस्य चिन्त्यम् । वीर्यान्वितेऽत्रनिखिलं शुभमब्दमाहुर्हीनेत्वनिष्टफलता मृगता समत्वे ॥ ३६ ॥

भावार्थः—जो ग्रह वर्ष का स्वामी होता है, वही सम्पूर्ण वर्षभर दशा का स्वामी जानना, उसका बल जन्म समय और वर्ष समय पंचवर्गी द्वारा चिन्तवन करना, बलवान हो तो संपूर्ण साल पर्यंत शुभ फल जानना, हीन बली हो तो अनिष्ट फल, और मध्य बली हो तो मध्यम फल जानना ॥३६॥

इत्थशाल योग द्वारा वर्षेश का फल ।

येनेत्थशालोऽब्दपतेर्ग्रहोसौ स्वीयस्वभावात्स फलं ददाति ।
शुभेसराफे शुभमस्ति किंचिदनिष्टमेवाशुभमूसरीफे ॥ ३७ ॥

भावार्थः—वर्ष का स्वामी जिस ग्रह के संग इत्थशाल योग करे तो वह ग्रह अपने स्वभाव (संज्ञातन्त्र में कहे हुए स्वरूप) वश से शुभ फल को देता है, और वर्ष स्वामी ग्रह शुभ ग्रह के साथ ईसराफ योग करे तो शुभ फल होता है, पाप ग्रह के साथ ईसराफ योग करे तो कुछ अनिष्ट फल होता है ॥ ३७ ॥

हद्दा द्वारा वर्षेश का फल ।

हद्दे यादृशि यः खेट आधत्तेऽत्र च यो ग्रह. ।

जन्मन्यब्दे च तादृक्चेत्तदात्मफलदस्त्वसौ ॥ ३८ ॥

भावार्थः–जो वर्षेश्वर ग्रह अपने मित्र अथवा शत्रु हद्देश में हो और मित्र दृष्टि व शत्रु दृष्टि से तेज को धारण करता हो अर्थात् इत्थशाल योग होवे, तथा जन्म समय वर्ष समय में उक्त तरह से समान हो तो शुभ या अशुभ फल दशा के अनुसार देता है अर्थात् शुभ ग्रह होवे तो शुभ फल और पापग्रह होवे तो अनिष्ट फल का देने वाला होता है ॥ ३८ ॥

जन्मकालीन शुभाशुभ फलदायि ग्रह द्वारा वर्षेश का फल ।

यो जन्मनि फलं दातुं विभुर्मूसरिफोऽस्य चेत् ।
अब्दलग्नाब्दपभवस्तस्मिन्नब्देन तत्फलम् ॥ ३९ ॥
अन्यागमे फलमादेश्यमित्थशाले विशेषतः ।
नोभयं चेत्तदाप्यस्ति जन्माश्रयमितिस्फुटम् ॥ ४० ॥

